राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

10 यूपीआई के बाद अब दुनिया में जमेगी रुपये की धाक, खत्म होगी ...

भारत को 2047 तक ऊर्जा के मामले में स्वतंत्र देश बनाने का लक्ष्य ... 11



वर्ष : 11 | अंक : 79 | पटना, शनिवार, 29 जुलाई, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 40°C

न्यूनतम तापमान 29.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

# शहरी क्षेत्र में 23-24 घंटा एवं ग्रामीण क्षेत्र में 22-23 घंटे विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित

## 42 प्रतिशत की राजस्व वृद्धि के साथ 214 करोड़ का ऐतिहासिक मुनाफा : संजीव

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा लागातार नीतिगत सुधार हेतु मार्गदर्शन प्राप्त होने एवं ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव के द्वारा लगातार अनुश्रवण से बिहार ने बिजली के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किया है। ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव और बीएसपीएचसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक संजीव हंस ने शनिवार को बिजली के क्षेत्र में सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए उक्त बातें कही।

श्री हंस ने कहा कि सरकार बिजली वितरण प्रणाली को सुदृढ़ बनाने और विश्वसनीय बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। विद्युत कंपनियों को तकनीकी रूप से सक्षम और उनका आधुनिकरण करने का ही यह परिणाम सामने आया है। उपभोक्ताओं में जागरुकता के कारण ही बिजली कंपनियों को उनसे विपत्र का भुगतान लगातार प्राप्त हो रहा है। हम अब सिर्फ सरप्लस स्टेट ही नहीं अब लाभ कमाने वाली देश के कुछ ही ऊर्जा कंपनियों में शुमार हो गए हैं। सरकार के निरंतर सहयोग के कारण दस सालों में ऊर्जा विभाग ने यह सुखद पल पाया है। अधिकारियों और कर्मचारियों भी इसके लिए धन्यवाद के पात्र हैं। श्री हंस ने कहा कि बिहार की बीएसपीएचसीएल की दोनों अनुषंगी डिस्कॉम कंपनियों ने संयुक्त रूप से 42 प्रतिशत की राजस्व वृद्धि के साथ 214 करोड़ की मुनाफा हासिल की है जो बिजली कंपनी के लिए ऐतिहासिक घड़ी है। राज्य की दोनों वितरण कम्पनियों ने बेहतर ढाँचागत निर्माण, विद्युत की सुलभ एवं लगातार उपलब्धता एवं राजस्व वसूली हेतु प्रयासरत रही है।

**विद्युत आपूर्ति 1700 मेगावॉट से 7576 मेगावॉट तक पहुंचा :** श्री हंस ने बताया कि वर्त्तमान में राज्य में शहरी क्षेत्र में 23-24 घंटा एवं ग्रामीण क्षेत्र में 22-23 घंटे विद्युत की आपूर्ति समान्यतः सुनिश्चित हैं। कम्पनी गठन से पूर्व विद्युत आपूर्ति 12-15 घंटे औसत हुआ करती थी एवं अधिकतम विद्युत आपूर्ति 1700 मेगावॉट हुआ करता था जो अब बढ़कर 7576 मेगावॉट तक पहुंच चुका है वितरण कम्पननियों का समग्र हानि कम्पनी गठन से पूर्व वित्तीय वर्ष 2012-13 में 55 प्रतिशत था जो घटकर वित्तीय वर्ष 2022-23 में 23 प्रतिशत हो गया है।

**पिछले वित्तीय वर्ष से आय में 42 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी:** वित्तीय वर्ष 2022-23 में राज्य में कार्यरत दोनों वितरण कम्पनी में से एक यथा साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड का आय कुल

17982.26 करोड़ रुपए हुआ है जो पिछले वित्तीय वर्ष के आय 12702.16 करोड़ रुपये से 42 प्रतिशत अधिक है। इस वितरण कम्पनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल खर्च 17559.59 करोड़ रुपए का हुआ है जो पिछले वित्तीय वर्ष के कुल खर्च 14043.79 करोड़ रुपए से 25 प्रतिशत मात्र अधिक है जो मुख्य रूप से ऊर्जा क्रय खर्च में हुई वृद्धि के कारण ही हुआ है। इस प्रकार बेहतर राजस्व वसूली एवं समानुपातिक रूप से अन्य मदों के व्यय में कमी लाते हुए साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में 422.68 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया गया है। वितरण कम्पनी के द्वारा यह उपलब्धि पहली बार प्राप्त की गई है (बिहार राज्य विद्युत बोर्ड के गठन दिनाक 01.04.1958 से अबतक )। साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड द्वारा अपने कुल आय के 77 प्रतिशत की आमदनी उपभोक्ताओं से प्राप्त किया गया है जो कि अबतक का सर्वाधिक है। श्री हंस ने बताया कि बिहार राज्य विद्युत बोर्ड का गठन वर्ष 1958 में हुआ था जिसका विघटन कर 01.11.2012 से पॉच कम्पनियों का गठन किया गया है जो राज्य में विद्युत वितरण, संवरण एवं उत्पादन का कार्य कर रही है। कम्पनी गठन करने का मुख्य उदेश्य आवश्यक ढाँचागत निर्माण के साथ कार्य प्रणाली में आवश्यक सुधार कर वित्तीय घाटे को क्रमिक रूप से कम करते हुए विद्युत क्षेत्र को स्वावलंबी बनाना था।

# मुहर्रम को लेकर प्रशासन अलर्ट, अर्धसैनिक बल की छह कंपनियां तैनात

## सोशल मीडिया पर रखी जा रही नजर, दरभंगा में बढ़ाई गई सुरक्षा

प्रात : किरण

पटना। मुहर्रम पर पूरे बिहार में पुलिस और प्रशासन अलर्ट मोड में है। राज्य में मुहर्रम को लेकर सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। पुलिस महकमे की तरफ से सोशल मीडिया पर विशेष तौर पर नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही सभी जिलों को हर स्तर पर एहतियात बरतने का आदेश भी जारी कर दिया गया है। प्रशासन की ओर से पटना, नालंदा, रोहतास, भागलपुर, सीवान और दरभंगा में अर्धसैनिक बल की छह कंपनियां तैनात की गई हैं।

**राज्य में बीएसएफ की 24 कंपनियां तैनात:** मुहर्रम को लेकर राज्य में बीएसएफ की 24 कंपनियां तैनात की गई हैं। इसके साथ ही साथ 7790 बुनियादी प्रशिक्षु सिपाहियों की भी तैनाती की गई है। इनमें 5030 पुरुष और 2760 महिला सिपाही शामिल हैं। इसके अलावा होमगार्ड के जवान भी बड़ी संख्या में तैनात किए गए हैं। क्यूआरटी और अग्निशमन की टीम को भी पूरी तरह से अलर्ट रहने को कहा गया है। प्रत्येक जिले के एसपी को अपने स्तर पर सभी संवेदनशील स्थलों पर खासतौर से चौकसी बरतने का निर्देश जारी किया गया है। जुलूस के लिए लाइसेंस निर्धारित रखी गयी है शर्तेः ताजिया जुलूस के लिए लाइसेंस निर्धारित शर्तों पर दिया गया है। असामाजिक और शरारती तत्वों को सभी जिलों में चिह्नित करके उनसे बाण्ड भरवाया गया है। सभी जिलों के संवेदनशील तथा महत्वपूर्ण स्थलों पर अतिरिक्त बल के अलावा मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई है। किसी आपात स्थिति से निपटने के लिए क्यूआरटी, चिकित्सीय दल, एंबुलेंस और अग्निशमन सेवा के दल की तैनाती की गई है। इन स्थलों पर सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। सभी जिलों में डीएम और एसपी के संयुक्त आदेश से बल तथा दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है।

**दरभंगा में 30 तक इंटरनेट सेवा निलंबित:** दरभंगा जिले में हाल में एक धार्मिक ध्वज फहराने को लेकर हुई झड़प के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुहर्रम के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए दरभंगा में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। जिला पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, जिले के संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त बल तैनात किया गया है। पुलिस ने बताया कि रविवार को दरभंगा शहर के बाजार समिति चौक के पास उस समय झड़प हो गई थी जब कुछ लोगों ने एक समुदाय के पूजा स्थल के निकट धार्मिक झंडा फहराने पर आपत्ति जताई थी। अधिकारियों ने बताया कि तनाव बढ़ने पर दोनों समुदायों के सदस्यों ने एक-दूसरे पर पथराव किया और पुलिस तथा स्थानीय प्रशासन ने स्थिति पर काबू में किया। उन्होंने बताया कि घटना के संबंध में कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

राज्य सरकार ने दरभंगा में धार्मिक ध्वज फहराने को लेकर हुई झड़प के चलते उत्पन्न तनाव के बीच जिले में विभिन्न सोशल मीडिया वेबसाइट पर 30 जुलाई तक पाबंदी लगा दी है। सरकार का कहना है कि कुछ असामाजिक तत्व जनता के बीच अफवाह और असंतोष फैलाने के मकसद से आपत्तिजनक सामग्री साझा करने के लिए इंटरनेट का उपयोग कर रहे हैं।

## ताजिया जुलूस के दौरान करंट से 10 झुलसे

गोपालगंज जिले के उचकागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत हरपुर धर्मपुर में मुहर्रम के जुलूस के दौरान शुक्रवार को एक बड़ा हादसा हो गया। इस दौरान हाईटेंशन तार के संपर्क में आने से 10 लोग झुलस गए। सभी घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें दो युवकों की गंभीर स्थिति को देखते हुए गोरखपुर रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि ताजिया जुलूस में हरपुर सफी टोला के युवक हाथों में डंडा-लाठी और पेड़ की टहनियां लेकर चल रहे थे। धर्मचक की ओर जाते समय युवकों के हाथों के हरे बांस ग्यारह हजार केवीए बिजली के तार के संपर्क में आ गए, जिससे 10 युवक मूर्छित हो गये। इससे वहां अफरा-तफरी मच गयी। घटना की सूचना मिलते ही उचकागांव थानाध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया। दो युवकों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें गोरखपुर रेफर कर दिया गया। एसपी स्वर्ण प्रधान के अनुसार अभी यहां स्थिति सामान्य है।

## एसबीआई बिहार में राज्य राजमार्गों के उन्नयन के लिए देगा 29.5 करोड़ डॉलर का ऋण

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। एशियाई विकास बैंक और भारत सरकार ने बिहार में लगभग 265 किलोमीटर राज्य राजमार्गों के उन्नयन के लिए 29.5 करोड़ डॉलर के ऋण का करार किया है। एडीबी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस समझौते से जलवायु और आपदा प्रतिरोधी डिजाइन तथा सड़क सुरक्षा तत्वों के साथ राज्य राजमार्गों का उन्नयन किया जायेगा। इससे कनेक्टिविटी और स्थिरता बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस संबंध में हुये करार पर वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के अतिरिक्त सचिव वुमलुनमंग वुअलनाम और एडीबी के देश में कंट्री निदेशक ताकेओ कोनिशी ने हस्ताक्षर किए हैं। यह परियोजना सभी राज्य राजमार्गों को उन्नत करने के बिहार सरकार के कार्यक्रम का समर्थन करती है। मानक दो-लेन की चौड़ाई और सड़क सुरक्षा में सुधार होगा तथा बेहतर सड़कों से कनेक्टिविटी बढ़ेगी।

## मणिपुर का आज दौरा करेंगे इंडिया के 20 सांसद

प्रात : किरण

नई दिल्ली। विपक्षी गठबंधन ह्यइंडियन नेशनल डेवपलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के घटक दलों के 20 सांसद इस सप्ताहांत मणिपुर का दौरा करेंगे और वे जमीनी स्थिति का आकलन करने के बाद हिंसा प्रभावित राज्य में समस्याओं के समाधान को लेकर सरकार तथा संसद को अपनी अनुशंसा देंगे। इन विपक्षी सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल 29-30 जुलाई को मणिपुर का दौरा करेगा। इस प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी, गौरव गोगोई और फूलोदेवी नेताम, जदयू के राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह एवं अनिल हेगड़े, तृणमूल कांग्रेस की सुष्मिता देव, झारखंड मुक्ति मोर्चा की महुआ माजी, द्रमुक की कनिमोई, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के पीपी मोहम्मद फैजल, राष्ट्रीय लोक दल के जयंत चौधरी, राष्ट्रीय जनता दल के मनोज कुमार झा, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी के एन के प्रेमचंद्रन और वीसीके पार्टी के टी थिरुमावलवन शामिल होंगे। इसके अलावा शिवसेना (यूबीटी) के अरविंद सावंत, भाकपा के संदोश कुमार, माकपा के ए ए रहीम, समाजवादी पार्टी के जोवद अली खान, आम आदमी पार्टी के सुशील गुप्ता, द्रमुक के डी रवि कुमार और आईयूएमएल के ईटी मोहम्मद बशीर भी इस प्रतिनिमंडल का हिस्सा होंगे।

## हंगामे के बीच लोकसभा में तीन विधेयक ध्वनिमत से पारित

नई दिल्ली। लोकसभा में शुक्रवार को विपक्ष के हंगामे के बीच खान एवं खनिज (संशोधन एवं विनियमन) विधेयक 2023, नेशनल नर्सिंग एवं मिडवाइफ कमीशन विधेयक, 2023 और नेशनल डेन्टल कमीशन विधेयक, 2023 ध्वनिमत से पारित किये गये। कोयला एवं खान मंत्री प्रह्लाद जोशी ने खान एवं खनिज (संशोधन एवं विनियमन) विधेयक 2023 सदन में पेश किया, जिसे मणिपुर मुद्दे पर विपक्ष के हंगामे और नारेबाजी के दौरान ध्वनिमत से पारित किया गया। इसी बीच, श्री जोशी ने कहा कि यह महत्वपूर्ण विधेयक है और यह गेम चेन्जर हो सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में कोयला क्षेत्र में बड़ा बदलाव आया है।

## जैव विविधता के संरक्षण व सुरक्षा पर कार्रवाई करने में भारत आगे : मोदी

प्रात : किरण

चेन्नई/एजेंसी।। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि जैव विविधता के संरक्षण, सुरक्षा, बहाली एवं उनके संवर्धन पर कार्रवाई करने में भारत लगातार आगे रहा है और अपने अद्यतन लक्ष्यों के माध्यम से देश ने और भी ऊंचे मानक तय किए हैं। जी-20 पर्यावरण एवं जलवायु स्थिरता पर यहां आयोजित मंत्रिस्तरीय बैठक को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें यह कहते हुए गर्व होता है कि भारत ने अपने महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान के माध्यम से इस दिशा में नेतृत्व किया है। उन्होंने कहा,भारत ने 2030 के लक्ष्य से नौ साल पहले ही गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से अपनी स्थापित विद्युत क्षमता हासिल कर ली है। हमने अपने अद्यतन लक्ष्यों के माध्यम से और भी ऊंचे मानक तय किए हैं। आज स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के मामले में भारत दुनिया के शीर्ष पांच देशों में से एक है। उन्होंने कहा कि भारत ने बाघों के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट टाइगर से मिली सीख के आधार पर हाल में धरती पर बाघों की सात प्रजातियों के संरक्षण के लिए देश ने इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस नामक पहल शुरू की है। बाघ परियोजना के नतीजतन आज दुनिया में बाघों की कुल आबादी में से 70 प्रतिशत बाघ भारत में पाये जाते हैं। उन्होंने कहा कि भारत प्रोजेक्ट लॉयन और प्रोजेक्ट डॉल्फिन पर भी काम कर रहा है। पीएम ने जी20 से प्लास्टिक प्रदूषण खत्म करने का किया आग्रह : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को जी20 से प्लास्टिक प्रदूषण को खत्म करने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय कानूनी रूप से बाध्यकारी दस्तावेज पर काम करने का आह्वान किया।

## विपक्षी दलों का आरोप: ईडी निदेशक को सेवा विस्तार के पीछे सरकार का राजनीतिक मकसद

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी।। विपक्षी दलों ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के निदेशक संजय कुमार मिश्रा का कार्यकाल 15 सितंबर तक बढ़ाए जाने पर शुक्रवार को सवाल खड़े किए और दावा किया कि इसके पीछे सरकार का मकसद राजनीतिक और विपक्षी नेताओं को निशाना बनाकर विपक्ष के गठबंधन ह्यइंडियाह्न में तोड़फोड़ करना है। उच्चतम न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय के प्रमुख संजय कुमार मिश्रा के कार्यकाल को 15 सितंबर तक बढ़ाने की इजाजत देते हुए बृहस्पतिवार को स्पष्ट किया कि इसके बाद कोई कार्यकाल विस्तार प्रदान नहीं किया जाएगा। केन्द्र सरकार ने मिश्रा का कार्यकाल 15 अक्टूबर तक बढ़ाने का अनुरोध किया था। राज्यसभा में कांग्रेस के उप नेता प्रमोद तिवारी ने संसद परिसर में कई विपक्षी नेताओं के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि क्या ईडी के पास कोई और सक्षम अधिकारी नहीं है? फिर भी डेढ़ महीने का सेवा विस्तार दे दिया गया है। आखिर इस डेढ़ महीने में क्या होने वाला है? हम लोग जो आज कह रहे हैं उसके सब लोग साक्षी रहेंगे। उन्होंने दावा किया कि अब सरकार इस एजेंसी का दुरुपयोग करके विपक्षी नेताओं के खिलाफ फर्जी मामले दर्ज करवाना चाहती है। तिवारी ने कहा, चाहे जो भी कर लें। अब इंडिया सामने आया है और कह रहा कि भाजपा गद्दी छोड़ो। राष्ट्रीय जनता दल के सांसद मनोज झा ने कहा, अवैधता के बावजूद संजय मिश्रा को सेवा विस्तार दिया जाता है। चर्चा यह है कि इसके पीछे राजनीतिक मकसद है और मिश्रा ने वादा किया है कि वह इंडिया नामक गठबंधन में तोड़फोड़ करने की कोशिश करेंगे। यह बात संज्ञान में है।

## संक्षिप्त खबरें

### हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानी अमर है : मुख्यमंत्री

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुहर्रम की 10वीं तारीख के अवसर पर कर्बला के शहीदों एवं हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानियों को नमन किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि मैदान-ए-कर्बला में अन्याय, जुल्म, अहंकार के विरुद्ध हक और सच्चाई के लिए हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों द्वारा दी गई कुबार्नी अमर है। इसे कयामत तक याद किया जायेगा। इससे प्रेरणा लेकर हमें इंसानियत, सच्चाई और भलाई के लिए बड़ी से बड़ी कुबार्नी देने के लिए संदैव तत्पर रहना चाहिये मुख्यमंत्री ने मुहर्रम के अवसर पर राज्यवासियों से अपील की है कि वे हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानियों को याद करते हुये उनके आदर्शों को अपनायें उन्होंने राज्यवासियों से मुहर्रम को आपसी सौहार्द्र के साथ मनाये जाने की अपील की।

### आपसी मेल -मोहब्बत और सौहार्द के साथ मुहर्रम मनाएं : लालू

पटना। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वन पर्यावरण जलवायु परिवर्तन मंत्री तेज प्रताप यादव ,राज्यसभा सांसद डॉ मीसा भारती, प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव एवं प्रवक्ता एजाज अहमद ने मुहर्रम को आपसी मेल-मोहब्बत और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की है। मुहर्रम की 10 वीं तारीख पर कर्बला के शहीदों और हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानियों को याद करते हुए खेराजे अकीदत पेश की। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि सच और हक की लड़ाई के लिए मैदान ए कर्बला मे जुल्म और जालिम के खिलाफ इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की कुर्बानियों को हमेशा याद रखा जाएगा। इससे हमें सच और इंसानियत की बका के लिए बड़ी से बड़ी कुबार्नी के लिए तैयार रहना चाहिए, क्योंकि सच और सच्चाई पर कायम रहना ही इंसानियत की सोच को मजबूत करता है। नेताओं ने राज्यवासियों से अपील की है कि हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानियों को याद कर उनके संकल्प और आदर्श को अपनाएं और हक और सच बातों के लिए मजबूती से खड़े रहे।

### प्रधानमंत्री जनता को कब तक जुमलों की घुट्टी पिलाते रहेंगे? ललन

पटना। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने ट्वीट कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाने पर लिया। उन्होंने सवालिया लहजे में पूछा कि प्रधानमंत्री जी देश की जनता को कब तक गारंटी के जुमले की घुट्टी पिलाते रहेंगे और देश की जनता की भावनाओं को भड़काकर वोट पाने का जुगाड़ करते रहेंगे ? राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री जी, याद कीजिए 2014 के चुनाव में आपने कहा था कि विदेशों से काला धन वापस लायेंगे, सभी गरीबों के खाते में 15-20 लाख रुपए भेजेंगे क्या हुआ उन वादों का ? श्री सिंह ने आगे यह भी कहा कि काला धन वापस लाना तो छोड़िए आपके शासन में माल्या, नीरव मोदी और मेहूल चौकसी जैसे भ्रष्टाचारी आपके संरक्षण में हजारों करोड़ रुपए लेकर विदेश भाग गए। आप अब जुमले की घुट्टी पिलाने के बदले जनता को यह बताइए कि 9 साल में आपने महंगाई और बेरोजगारी दूर करने के लिए किया ही क्या है ?

**अभ्यास** सेना प्रमुख चीन और पाकिस्तान की सीमाओं के अग्रिम इलाकों की कर रहे हैं समीक्षा

# चीन के अवैध कब्जे वाले अक्साई चिन क्षेत्र के पास मेगा लाइव फायरिंग करेगी सेना

## एलएसी पर 31 जुलाई से 5 अगस्त तक प्रशिक्षण अभ्यास के लिए नो फ्लाई जोन जारी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत ने 1962 के युद्ध के बाद से चीन के अवैध कब्जे वाले विवादित अक्साई चिन क्षेत्र के आसपास मेगा लाइव फायरिंग और प्रशिक्षण अभ्यास के लिए वास्तविक नियंत्रण रेखा पर (एलएसी) पर नो फ्लाई जोन जारी किया है। यह अभ्यास 31 जुलाई से 5 अगस्त तक होगा। इधर, मौजूदा समय में पूर्वी लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक फैली एलएसी पर चीन की सैन्य गतिविधियों में वृद्धि देखी जा रही है। इसीलिए सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे इस समय चीन और पाकिस्तान की सीमाओं पर जाकर अग्रिम इलाकों की समीक्षा कर रहे हैं। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने गुरुवार को लेह में 14 कोर मुख्यालय का दौरा करके परिचालन स्थिति की समीक्षा की। जनरल मनोज पांडे ने लद्दाख के उपराज्यपाल ब्रिगेडियर (डॉ.) बीडी मिश्रा (सेवानिवृत्त) से मुलाकात की और केंद्र शासित प्रदेश की विकासात्मक पहल और नागरिक-सैन्य तालमेल बढ़ाने के उपायों से संबंधित पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने पाकिस्तान के मोर्चे पर सियाचिन ग्लेशियर का भी दौरा किया। जनरल मनोज पांडे ने लद्दाख के अग्रिम इलाकों का दौरा किया और उन्हें परिचालन तैयारियों के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने सैनिकों के साथ बातचीत करते हुए उन्हें अत्यधिक व्यावसायिकता और सकारात्मक भावना के साथ काम करना जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। शुक्रवार को चीन के सामने एलएसी के कुछ आगे के इलाकों का दौरा करने की योजना है। भारत के साथ 23 अप्रैल को हुई कोर कमांडर स्तर की बैठक के दौरान चीन ने एक बार फिर रणनीतिक डेप्सांग मैदानों के साथ-साथ पूर्वी लद्दाख के डेमचोक में चार्डिंग निंगलुंग नाला ट्रैक जंक्शन पर सेना हटाने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद कोर कमांडर स्तरीय वार्ता का 19वां दौर अभी नहीं हुआ है। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने पूर्वी लद्दाख में सैन्य टकराव को हल करने के लिए अभी तक कोई झुकाव नहीं

दिखाया है, जबकि चीनी सेना सिस्टम, रडार साइटें और गोला-बारूद भंडारण, बंकरों, चौकियों, तोपखाने की स्थिति, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल के मामले में अपनी सैन्य स्थिति को लगातार मजबूत कर रही है। इतना ही नहीं, पीएलए ने नए हेलीपैड, सड़कों, पुलों, सीमावर्ती गांवों और अंतिम-मील कनेक्टिविटी के संदर्भ में बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे का विकास जारी रखा है, जिसमें पिछले कुछ महीनों से तेजी आई है। चीन ने भारत के सामने अपने सभी हवाई अड्डों जैसे हॉटन, काशगर, गर्गुसा, शिगात्से, होपिंग, लिंगजी और ल्हासा-गोंगगर को नए और विस्तारित रनवे, कठोर आश्रयों और अतिरिक्त लड़ाकू विमानों, बमवर्षकों, अवाक्स, ड्रोन और टोही के लिए ईंधन भंडारण सुविधाओं के साथ बड़े पैमाने पर उन्नत किया है। इसके अलावा अब सात से आठ नए हवाई क्षेत्र और हेलिपोर्ट भी आ रहे हैं। भारत के साथ लगी 3,488 किलोमीटर लंबी एलएसी के सभी तीन सेक्टरों पश्चिमी (लद्दाख), मध्य (उत्तराखंड, हिमाचल) और पूर्वी (सिक्किम, अरुणाचल) में जमीन पर पीएलए की गतिविधि तेज हो गई है। पैन्गोंग झील के उत्तरी छोर से दोनों सेनाओं की वापसी के बाद पीएलए ने फरवरी, 2021 में बनाए गए नो पेट्रोल बफर जोन के पास सैन्य आश्रयों, हथियार प्रणालियों और आक्रमण नौकाओं की संख्या में वृद्धि की है। साथ ही उत्तरी तट पर फिंगर-8 और पूर्व में सिरिजाप-क और कक पर चीनी सैन्य ठिकानों के बीच बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे का विकास हुआ है। उत्तराखंड में बाराहोती के सामने और मध्य क्षेत्र में लिपुलेख दर्रे के आसपास के दोहरे उपयोग वाले गांवों का निर्माण हुआ है। पूर्व में सियांग, कामेंग और अरुणाचल प्रदेश के अन्य हिस्सों में पीएलए निर्माण गतिविधि चल रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### भाकपा माले ने मनाया चारु मजूमदार का 52 वां शहादत दिवस

फतुहा। शुक्रवार को भाकपा माले के कार्यकताओं ने मार्क्सवादी लेनिनवादी कम्युनिस्ट पार्टी के संस्थापक रहे चारु मजूमदार की 52 वां शहादत दिवस मनाया। यह कार्यक्रम महारानी चौक स्थित भाकपा माले के स्थानीय कार्यालय में आयोजित की गयी। कार्यकताओं ने उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शपथपत्र पढ़कर कार्यालय पर झंडोत्तोलन किया। सचिव शैलेन्द्र यादव ने बताया कि प्रखंड के कई जगहों पर उन्हें याद किया गया है। मौके पर मुन्ना पंडित,अवधेश राम, सीताराम चौधरी,शांति देवी,पंकज यादव, शांति देवी, पंकज यादव,रामप्रवेश रविदास,सुदामा मोची,सुशीला देवी, कपिल पंडित समेत कई मौजूद रहे।

### भाई को हंसिया घोंप किया जख्मी

फतुहा। पिता की खरीदी हुई जमीन पर बराबर का हक मांगने पर मंझले भाई द्वारा छोटे भाई को हंसिया घोपकर जख्मी कर देने का मामला प्रकाश में आया है। इस सन्दर्भ में पीड़ित बलवा गांव निवासी जितेंद्र कुमार ने अपने आरोपी भाई के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज करायी है। पुलिस ने पीड़ित का इलाज सीएचसी में कराया है तथा मामले की छानबीन करने में जुट गयी है। पीड़ित की माने तो बराबर का हक मांगने पर बीते रात उसके मंझले भाई ने हंसिया से जख्मी किया ही, साथ में लाठी से भी पीटकर चोटिल कर दिया है। बताया जाता है कि पीड़ित के पिता के नाम फतुहा में तीन कट्ठा जमीन है जिसे लेकर दोनों भाई के बीच अक्सर विवाद हो जा रहा है।

### टुनटुन यादव ने सिपर-ताजिया का किया उद्घाटन

फतुहा। मुहर्रम पर्व को लेकर मुहर्रम पर्व को लेकर रायपुरा खेलिया अखाड़ा और पठान टोली सकोहाबाद अखाड़े के सिपर-ताजिया का उद्घाटन नगर परिषद के अध्यक्ष प्रतिनिधि टुनटुन यादव ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने अतिथियों का भव्य स्वागत किया। इन्होंने लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से मुहर्रम पर्व मनाने का आह्वान करते हुए भाईचारे के साथ जुलूस निकालने की अपील की। मौके पर नप उपाध्यक्ष प्रतिनिधि बबन यादव, पार्षद संजीव कुमार बबलू, पूर्व पार्षद जयप्रकाश यादव, अभिषेक झा, मो. शाहबाज, मो. शरीफ, मो. शकील, मो. तौसीफ, मो. इरफान, सुधीर यादव आदि मौजूद रहे।

### 50 कमरों के निर्माण का लोकार्पण कल

पटना सिटी (प्राकि)। पंथ रत्न बाबा हरबंश सिंह जी कारसेवा दिल्लीवाले और बाबा जसवीर सिंह उर्फ वीरा जी की याद में 50 कमरों का निर्माण कराया जाना है। इसका नाम श्री गुरु नानक निवास होगा। बाबा बचन सिंह और बाबा महेंद्र सिंह जी कारसेवा दिल्लीवाले तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी के सहयोग से नया निवास भवन श्री गुरु नानक निवास की कारसेवा रविवार को शुरू हो रही है। बाड़े की गली में गुरु नानकदेव आवास के पीछे 50 कमरों का भवन बनाया जाना है। तख्तश्री कमेटी की जमीन पर इस भवन की कारसेवा बाबा वचन सिंह और बाबा महिंदर सिंह कारसेवा दिल्लीवाले ने बताया कि इसे लेकर 30 जुलाई रविवार को सुबह 10 बजे अरदास के साथ ही निर्माण की नींव रखी जाएगी। इसके साथ ही कारसेवा भी शुरू हो जाएगी।

### निकला दुलजना का जुलूस, मजलिस का आयोजन

पटना सिटी। मुर्हरम की नवमीं तारीख पर शिया समुदाय की ओर से दुलजना का जुलूस बावली इमामबाड़ा बादशाह मंजिल से निकला। यह रात मेंनिकला। यह धीरे-धीरे चलते हुए बड़ी हवेली गुजरी बाजार तक पहुंचा। इसके बाद पानदरिवा गली मुहल्ले से दर्जनों अलम के साथ मातमी जुलूस भी निकाला गया। इसमें विभिन्न अंजुमनों जीनत ए अजा, दस्ते सज्जादिया, अंजुमने अब्बासिया, अंजुमने पंजेतनी, अंजुमने हैदरी व अंजुमने सज्जादिया सहित अन्य अंजुमन केलोग नौहाखानी करते व मर्सिया पढ़ते चल रहे थे। चमडोरिया इमामबाड़ा के सचिव सैयद शाह जौहर इमाम जौनी, डॉ सिकंदर अली, सैयद सरबर अली, सैयद हसन अली, सैयद अली इमाम, बासिफ हुसैन, सैयद रजा इमाम, तनवीरूल हसन तन्नू, संजर अली आदि शामिल थे। इधर खाजेकलां सिंधी दालान स्थित स्व मेहंदी अली खान साहेब के इमामबाड़ा में मजलिस का आयोजन संयोजक सैयद हसन अली की देखरेख में हुई। इसमें जलालपुर से आए मौलाना डॉ नैयर जुल्करनैन साहेब ने तकरीर की।

# नवशक्ति निकेतन सामुदायिक भवन अब हो गया दीवान मोहल्ला टीओपी, लगा बोर्ड

## संस्था ने विरोध दर्ज कर एसडीओ व पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को पत्र भेज जताया विरोध

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

दीवान मोहल्ला स्थित नवशक्ति निकेतन के मुख्य द्वार पर खाजेकलां थाना की पुलिस के द्वारा दीवान मोहल्ला टीओपी (पुलिस चौकी) का बोर्ड लगा दिया गया है। इस संबंध में संस्था से कोई विमर्श भी नहीं किया गया है। जिस समय यह कार्रवाई की गई, उस समय नवशक्ति निकेतन का शिष्टमंडल बिहार के राज्यपाल से राजभवन में मिलने गया था। खाजेकलां थाना की पुलिस द्वारा चुपके से की गई कार्रवाई अविवेकपूर्ण है। यह जानकारी महासचिव कमलनयन श्रीवास्तव ने एसडीओ को सौंपे पत्र में कही है। उन्होंने बताया कि संस्था पिछले 1974 से अपनी गतिविधियों के माध्यम से समाज और राष्ट्र की सेवा में लगा है। सामुदायिक भवन में ही नवशक्ति निकेतन का कार्यालय है। यहां से संस्था की गतिविधियां संचालित होती हैं। वार्ड संख्या 59 की गरीब जनता और क्षेत्रवासियों के हित में नवशक्ति निकेतन सामुदायिक भवन का निर्माण कराया गया था। इससे यहां के कमजोर वर्ग के लोगों को उनके बेटे-बेटियों की शादी आदि समारोह संपन्न कराया जा सके। साथ ही संस्था को भी सामाजिक, सांस्कृतिक व खेल गतिविधियों को गति मिल सके। इस भवन में स्वयंसेवी संस्थाओं व राजनीतिक दलों के द्वारा भी जनहित के मुद्दे पर बैठकर आयोजित की जाती रही है। सुबह-शाम इस परिसर में टहलने और योगा करने वाले भी पहुंचते हैं। यहां वह सब अपना स्वास्थ्य जांच भी कराते हैं। यहां टीओपी यानी पुलिस चौकी खोले जाने पर इस प्रकार की गतिविधियां बंद हो जाएंगी।

पत्र में कहा गया है कि वार्ड संख्या 59 का यह एकमात्र रखरखाव वाला सामुदायिक भवन है, जो वर्ष 2001 से ही इस क्षेत्र की जनता, समाज एवं राष्ट्र निर्माण में निरंतर समर्पित है। वर्ष 2001 में तत्कालीन एसडीओ के द्वारा इस भवन की चाबी संस्था को सौंपी गई थी। स्थानीय सांसद क्षेत्र निधि से निर्मित इस भवन का शिलान्यास और उद्घाटन स्थानीय विधायक नंदकिशोर यादव के द्वारा किया गया था। तब से संस्था इस सामुदायिक भवन की व्यवस्था व देखरेख करती है। बिजली बिल का भुगतान भी संस्था के द्वारा किया जाता है। वैसे दीवान मोहल्ला के वार्ड संख्या 59 में पुलिस चौकी के लिए अनेक स्थान उपलब्ध है। खाजेकलां थाना की ओर से बोर्ड लगाने की कार्रवाई से क्षेत्र की जनता और सामाजिक, सांस्कृतिक संस्थाओं में आक्रोश है। एसडीओ से आग्रह किया गया है कि इसे ध्यान में रखते हुए दीवान मोहल्ला टीओपी यानी पुलिस चौकी नहीं खोला जाए तथा इसके मुख्य द्वार पर लगाया गया बोर्ड तुरंत हटाया जाए। साथ ही बिना कोई सूचना और संपर्क साधे बोर्ड को सामुदायिक भवन के मुख्य द्वार पर लगाने के लिए जिम्मेवार पुलिस पदाधिकारियों के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई की जाए। पत्र की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, प्रमंडलीय आयुक्त, डीएम, सांसद रविशंकर प्रसाद, विधायक नंदकिशोर यादव को भी सूचनार्थ और कार्रवाई के लिए भेजी गई है।

# ढिल्लन ने छह को तख्तश्री की बैठक रखी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी की रिक्विजिशन मीटिंग करने को लेकर एक बार फिर विवाद की स्थिति बन गई है। रिक्विजिशन पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले कमेटी के पूर्व महासचिव और सदस्य महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन ने 27 जुलाई को टीपीएस/3/ 4966/23 है। इसमें कमेटी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों को भेजते हुए कहा गया है कि तख्तश्री पटना साहिब के संविधान एवं उप नियम की धारा 25 के अनुसार प्रबंधक कमेटी की बैठक बुलाने के लिए महासचिव को 11 जुलाई को तख्त साहिब के डिस्पैच कार्यालय में पत्र रिसीव कराया गया था। हमारे द्वारा महासचिव को बैठक बुलाने के लिए दिए गए पत्र पर 15 दिनों में बैठक बुलाना जरूरी था, मगर उन्होंने अब तक ऐसा नहीं किया है। इसलिए तख्तश्री पटना साहिब के संविधान एवं उप नियम की धारा 25 के अनुसार प्रबंधक कमेटी तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब की बैठक छह अगस्त दिन रविवार को 12.30 दोपहर में आहूत की गई है। बैठक का एजेंडा पिछली बैठक की कार्यवाही की संपुष्टि, ज्ञानी इकबाल जी से संबंधित पटना जिला जज सह संरक्षक तख्तश्री पटना साहिब द्वारा दिए गए फैसले के आलोक में पटना हाईकोर्ट में चल रहे केस से संबंधित और फैसले पर विचार एवं अगली कार्यवाही करने की स्वीकृति, कमेटी के चुनाव तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के संविधान एवं उप नियम की धारा 12, 13 एवं इलेक्शन रूल्स एंड रेगुलेशंस की धारा 4 का पालन करते हुए नियमानुसार कराने पर विचार एवं योग कार्यवाही करने की स्वीकृति, गुरुद्वारा गुरुनानक शीतल कुंड (राजगीर) के आमदनी, खर्च, मौजूदा प्रबंध आदि पर विचार और निर्णय लेना, अन्य फुटकर आज्ञा अनुसार। इधर कमेटी के वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह ने कहा है कि रिक्विजिशन मीटिंग को लेकर पत्र में चार सदस्यों का ही हस्ताक्षर है। उसमें भी एक पदाधिकारी शामिल है। दूसरी बात रिक्विजिशन बैठक बुलाई जाती है, मगर जिस तरीके से बिंदुवार एजेंडे का जिक्र किया गया है, उससे यह रिक्विजिशन नहीं, बल्कि सामान्य बैठक लगता है, जिसे बुलाने का अधिकार महासचिव को अध्यक्ष की अनुमति से ही संभव है। वहीं जिस तारीख में पत्र जारी किया गया है, उस तारीख को पटना में डॉ गुरमीत सिंह और हरपाल सिंह जौहल मौजूद नहीं थे, तो फिर उनका हस्ताक्षर कैसे हो गया। वहीं एक-दो सदस्यों के हस्ताक्षर में भिन्नता होने की बात भी कही गई है। वैसे इस संबंध में महासचिव ने पहले ही पत्र निर्गत का जानकारी दे चुके हैं। इसके बाद भी अवैध रूप से छह अगस्त को बैठक बुलाई गई है। इससे एक बार फिर तख्तश्री परिसर में विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होगी।

**कल आ रहे चरणजीत सिंह:** इधर तख्तश्री कमेटी के पूर्व महासचिव और सदस्य चरणजीत सिंह रविवार को पटना आ रहे हैं। दरअसल एक तरफ तख्तश्री कमेटी का चुनाव प्रक्रिया बिहार राज्य चुनाव प्राधिकार के द्वारा शुरू कर दी गई है। वहीं दूसरी ओर एक धड़ा लगातार चुनाव को टालने के लिए हर कुकृत्य करने पर उतारू है। स्थिति यह है कि चुनाव रोकने के लिए तीन-तीनयाचिका पटना उच्च न्यायालय में दायर किया गया है। इसकी प्रति अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही और महासचिव इंद्रजीत सिंह को भी मिली है। इधर छह अगस्त को रिक्विजिशन मीटिंग की बैठक ही रख दी गई है ऐसे में कमेटी के तीन पदाधिकारियों वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह, महासचिव इंद्रजीत सिंह और सचिव हरबंश सिंह के लिए एक बेहतर सलाहकार चरणजीत सिंह साबित हो सकते हैं।

# फ्लैट में चोरी करने आए चोर हल्ला मचाने से हुए फरार

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनीबिगहा पंचायत के द्वारिकापुरी कॉलोनी स्थित रूद्राक्ष श्री गणेश विहार अपार्टमेंट में रहने वाली दीपक कुमार की पत्नी गायत्री कुमारी ने बताया कि गुरूवार की देर रात करीब डेढ़ बजे अपार्टमेंट के पार्किंग एरिया में कुछ आहट सुनाई दी। वह अपना फ्लैट का दरवाजा खोला तो देखा एक चोर दूसरे साथी चोर को कंधे पर उठाए हुए है और अपार्टमेंट में लगे सीसीटीवी स्क्रिन व डीबीआर उखाड़ रहा है। वे तुरंत शोर मचाने लगी। शोर सुनकर उनके पति दीपक व फ्लैट में रहने वाले दर्जनों लोग बाहर आ गये। वही करीब तीन की संख्या में मौजूद चोर दिवार फांदकर भाग खड़े हुए। अपार्मेट में रहने वाले रंजन कुमार एवं अन्य ने बताया कि चोर अपार्टमेंट के दक्षिण दिशा स्थित दिवार को फांदकर अंदर प्रवेश कर गये थे। वे तृतीय तल पर यशवंत सिंह के बंद फ्लैट नंबर 304 का ताला तोड़ चोरी का प्रयास किये मगर वहां फ्लैट में सामान नहीं होने से उन्हे कुछ नहीं मिला। इसके पहले तृतीय तल पर रहने वाले सभी फ्लैट की बाहर से कुंडी चोरों ने लगा दी थी। उनलोगों ने बताया कि चोर बाइक से आए दो चोर बाइक से सरारी के तरफ भागे जिनका कुछ दूर तक पीछा भी किया गया मगर वह अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। वह मुशहरी मोड़ स्थित गली में अपनी बाइक खड़ा कर पुलिस व अन्य लोगों की रेकी कर रहा एक चोर शोर सुनकर व अपने साथियों को भागता देख बाइक अपनी छोड़ भाग खड़ा हुआ। लोगों इस घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दी। जो मौके वारदात पर पहुंच बाइक कब्जे में लिया व सीसीटीवी फूटेज के आधार पर छानबीन में जुट गई। अपार्टमेंट व कॉलोनी में रहने वाले लोगों ने बताया कि दानापुर थाना पुलिस की टीम इस इलाके में गस्ती नहीं करती है। बड़ी वारदात होने व मुशहरी मे बिक रही शराब की छापेमारी करने ही आती है। पुलिस की इस कार्यशैली पर वह सभी नाराजगी जाहिर किया है।

# पहलाम जुलूस की निगरानी ड्रोन से होगा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मोहर्रम को लेकर पुलिस प्रशासन के अधिकारी से पदाधिकारी तक शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए कटिबद्ध हैं। इसे लेकर शुक्रवार की शाम में सिटी एसपी पूर्वी सुदीप सिंह ने एएसपी के कक्ष में थानाध्यक्षों के साथ बैठक किया। इस दौरान उन सबों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में एसडीओ गुंजन सिंह, एएसपी शरथ आरएस के अलावा सुलतानगंज थाना के थाना अध्यक्ष शेर सिंह यादव, बहादुरपुर के योगेश चंद्र, अगमकुआं के सुधीर कुमार, आलमगंज के अभिजीत कुमार, खाजेकलां के राहुल कुमार ठाकुर, चौक थाना के गौरी शंकर गुप्ता, मेहंदीगंज थाना के धर्मेंद्र कुमार आदि शामिल थे। बैठक के बाद सिटी एसपी बाहर निकले। बातचीत के दौरान उन्होंने पत्रकारों से कहा कि पर्व त्योहार का मौसम शुरू हो गया है। इसे लेकर पुलिस प्रशासन के अधिकारी से लेकर पदाधिकारी तक इस बार सुरक्षा की पूरी तैयारी की गई है। रैफ के साथ ही बिहार स्पेशल आर्म्ड महिला और पुरुष बल की तैनाती की गई है। पुलिस प्रशासन के वरीय अधिकारी और एसपी स्तर के भी भ्रमणशील रहेंगे। एसडीओ और एएसपी स्तर पर फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है। पुलिस को अतिरिक्त गाड़ियां उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि कहीं भी किसी भी परिस्थिति उत्पन्न होने पर तुरंत वहां पहुंच कर मामले को नियंत्रित किया जा सके और अवांछित लोगों पर कार्यवाही की जा सके। जगह-जगह सीसीटीवी लगाया गया है। अस्थाई थाना और छह कंट्रोल रूम के अलावा प्रमुख चौक-चौराहों पर भी और संवेदनशील स्थान पर तीसरी आंख से निगरानी की जाएगी। इस बार पहलाम जुलूस की निगरानी ड्रोन की मदद से किया जाएगा। पहलाम जुलूस में जानवर और डीजे को शामिल नहीं किया जाएगा। किसी भी तरह के अस्त्र-शस्त्र को लेकर चलना और प्रदर्शन किए जाने पर भी प्रतिबंध है। एसडीओ ने बताया कि पहलाम के जुलूस का ड्रोन से भी निगरानी की जाएगी।

## फर्जी तरीके से दूसरे व्यक्ति के नाम पर लोन पर बाइक देने का मामला

दानापुर। नगर के एक एजेंसी द्वारा फर्जी तरीके से दूसरे व्यक्ति के नाम पर लोन पर बाइक देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में वैशाली जिले के रूस्तमपुर थाने के मलीकपुर निवासी वकील कुमार राय ने स्थानीय थाना में सगुना मोड स्थित पाटलिपुत्र हीरो शोरूम के प्रबंधक व कर्मी के विरूद्ध लिखित शिकायत किया है। लिखित शिकायत में वकील कुमार राय ने बताया कि पिछले 23 मार्च को अपने साला दिनेश राय के साथ सगुना मोड स्थित पाटलिपुत्र हीरो बाइक शोरूम में बाइक खरीदने गये थे। गाडी नही पंसद हुआ था। इसी दौरान एजेंसी के एक कर्मी में मेरा आधार कार्ड नंबर व बैंक का पासबुक का मोबाइल पर फोटो खींच लिया था। उन्होंने बताया कि अपने दामाद के साथ 30 मार्च को सगुना मोड स्थित टीवीएस संगीता शोरूम से बाइक खरीदा था। उन्होंने बताया कि पिछले 18 जुलाई को आईसीआईसीआई बैंक स्टेशन रोड फतुहा शाखा में गया तो मैनेजर ने बताया कि आपके नाम पर एक बाइक 26 मार्च को लोन पर लिया गया है और प्रतिमाह आपके खाते से 3531 कट रहा है। सूचना मिलने के बाद जब 20 जुलाई को सगुना मोड स्थित पाटलिपुत्र हीरा शोरूम पहुंचकर प्रबंधक व कर्मी से पूछताछ किया तो कोई सही जवाब नही दे रहा था। किसी तरह एक कर्मी ने बताया कि मेरे नाम से मिलता जुलता फर्जी व्यक्ति वकील कुमार राय न्यू मुबारकपुर कृषि फार्म दानापुर के नाम से एजेंसी द्वारा लोन पर बाइक दिया गया है।

### विश्व सिर और गर्दन कैंसर दिवस के पर एम्स पटना में कार्यक्रम का आयोजन

# मरीज के प्रति सहानुभूति, संवेदना बहुत जरूरी: निदेशक डॉ. जीके पाल

## एम्स पटना में उपलब्ध विभिन्न आधुनिक उपचार व कई सुविधाओं से लैस: डॉ. प्रितांजलि सिंह

पटना। समारोह का आयोजन एम्स पटना के निदेशक डॉ. जीके पाल के मार्गदर्शन और रेडिएशन ऑनकोलॉजी विभाग की प्रोफेसर एवं प्रमुख डॉ. प्रीतांजलि सिंह, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर एवं प्रमुख डॉ. जगजीत कुमार पांडे की देखरेख में किया गया।

ओपीडी और वार्डो में मरीजों को सिर और गर्दन के कैंसर के बारे में जागरूक किया गया। मरीजों को सामान्य लक्षणों जैसे ठीक न होने वाले मुंह के छाले, गर्दन, जबड़े या मुंह में गांठ, गर्दन में दर्द, निगलने में कठिनाई, बोलने में समस्या, वजन कम होना, जबड़े को हिलाने में कठिनाई आदि के बारे में समझाया गया। मरीजों को कैंसर का शीघ्र पता लगाने के लाभ के बारे में बताया गया और उनके प्रश्नो का उत्तर दिया गया। विश्व सिर एवं गर्दन कैंसर दिवस पर एम्स पटना के सभागार में सीएमई का भी आयोजन किया गया। सीएमई का उद्घाटन एम्स पटना के निदेशक डॉ. जीके पाल ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ किया। कार्यक्रम में डॉ. उमेश भदानी डीन एम्स पटना, डॉ. सी. एम. सिंह चिकित्सा अधीक्षक, एम्स पटना, डॉ. बी. सान्याल, निदेशक, महावीर कैंसर संस्थान- पटना, डॉ. राजेश कुमार सिंह, प्रोफेसर और प्रमुख, विकिरण ऑन्कोलॉजी विभाग, आईजीआईएमएस, पटना, डॉ. जे. के. सिंह, निदेशक, एस. एस. अस्पताल, पटना, डॉ. राजीव रंजन प्रसाद, प्रमुख, विकिरण ऑन्कोलॉजी विभाग, मेदांता, पटना गरिमामयी उपस्थिति प्रदान किये। डॉ. प्रितांजलि सिंह, प्रोफेसर एवं विभाग प्रमुख, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, एम्स, पटना ने स्वागत भाषण दिया और रेडियोथेरेपी विभाग, एम्स पटना में उपलब्ध विभिन्न आधुनिक उपचार सुविधाओं के बारे में बताया। एम्स, पटना के निदेशक डॉ. जीके पाल ने आधुनिक इलाज के साथ-साथ मरीजों के प्रति संवेदना की जरूरत बताई। एम्स. नई दिल्ली के रेडिएशन ऑनकोलॉजी विभाग के संकाय डॉ. अभिषेक शंकर ने सिर और गर्दन के कैंसर की रोकथाम और जांच पर व्याख्यान दिया। उन्होंने सिर और गर्दन के कैंसर के जोखिम कारक के बारे में सार्वजनिक जागरूकता पर जोर दिया और बताया कि कैसे तंबाकू चबाने, धूम्रपान और शराब के सहक्रियात्मक प्रभाव से युवा आबादी में भी सिर और गर्दन के कैंसर का विकास होता है।

जगजीत कुमार पांडे, सर जिकल ऑनकोलॉजी विभाग, एम्स पटना के प्रमुख ने सिर और गर्दन के कैंसर के सर्जिकल प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया। डॉ. सिंहल प्रोफेसर एवं विभाग प्रमुख, प्लास्टिक सर्जरी विभाग, एम्स पटना ने सिर और गर्दन के कैंसर के रोगियों में पुनर्निर्माण के वर्तमान दृष्टिकोण के बारे में बताया। डॉ. विनीता त्रिवेदी, प्रमुख, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग, महावीर कैंसर संस्थान, पटना ने सिर और गर्दन के कैंसर रोगियों में कीमो रेडियोथेरेपी पर व्याख्यान दिया। डॉ. मनीषा सिंह महावीर कैंसर संस्थान पटना की चिकित्सा निदेशक ने सिर और गर्दन के कैंसर के रोगियों में इम्यूनोथेरेपी की भूमिका के बारे में बताया। डॉ. उमेश भदानी डीन एम्स पटना ने सिर और गर्दन के कैंसर में उपशामक देखभाल (पैलिएटिव केयर) की भूमिका पर जोर दिया।

उन्होंने सिर और गर्दन के कैंसर रोगियों को दर्द और राहत के विभिन्न तरीकों के बारे में बताया। डॉ. प्रीतांजलि सिंह ने सिर और गर्दन के कैंसर के मामले पर आधारित पैनल चर्चा का संचालन किया। यह बहुत इंटरैक्टिव सत्र था सी.एम. ई में, एम्स पटना, आईजीआईएमएस, पटना, एमसीएस, पटना, पीएमसीएच, पटना के स्नातकोत्तर छात्रों, वरिष्ठ रेजिडेंट डॉक्टरों ने भाग लिया। सीएमई बहुत उपयोगी था और इसने सिर और गर्दन के कैंसर प्रबंधन में वर्तमान प्रथाओं के बारे में ज्ञान बढ़ाया।

# एसबीआई ने 140 लोगों के बीच ऋण वितरित किया

प्रात : किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। भारतीय स्टेट बैंक के अगमकुआं शाखा के द्वारा पीएम स्वनिधि लोन के वितरण के लिए शिविर का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इसमें 304 आवेदकों का लोन स्वीकृत किया गया। 140 आवेदकों के बीच लोन की राशि वितरित की गई। शिविर का उद्घाटन एसबीआई के मुख्य महाप्रबंधक शिव ओम दीक्षित के द्वारा किया गया। बतौर मुख्य अतिथि आरएमआरआई के निदेशक डॉ कृष्ण कुमार पांडेय उपस्थित थे। शिविर में पीएम सुनिधि की स्टेट हेड श्रीमती सोनल सिन्हा, एनयूएलएम के कोऑर्डिनेटर वेदव्यास, एसबीआई के उप महाप्रबंधक तरुण सक्सेना, सत्य प्रकाश, क्षेत्रीय प्रबंधक आनंद कुमार मिश्रा मुख्य प्रबंधक अमित कुमार अगम कुआं के शाखा प्रबंधक विनीत कुमार पांडे गुलजारबाग शाखा के शाखा प्रबंधक कौशल किशोर गुप्ता, पटना सिटी शाखा प्रबंधक विकास कुमार मौजूद थे। इस दौरान कुल 30 लाख 40 हजार की राशि का ऋण वितरित किया गया ।इसमें 304 वेंडर लाभान्वित हुए। भारतीय स्टेट बैंक आगे भी इस तरह के लोन मेला का आयोजन करने और लोगों की जरूरत पूरी करने के लिए प्रतिबंध है।

# बेघरों को जमीन आवास देने व अन्य मांगों को ले धरना

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। सीपीआईएम पटना शहर कमेटी की ओर से पटना सदर प्रखंड एवं अंचल कार्यालय पर आम जनता की विभिन्न मांगों को लेकर धरना दिया गया। धरना को संबोधित करते हुए जिला सचिव मनोज कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि बेघरों को जमीन आवास देने, प्रीपेड स्मार्ट मीटर को वापस लेने, अतिक्रमण के नाम गरीबों को उजाड़ने, सरकारी योजनाओं में लूट के खिलाफ, ब्लॉक से जिला मुख्यालय तक भ्रष्ट्राचार को समाप्त करने, सरकारी अस्पतालों को सुधार करने, पटना नगर निगम के कामकाज में विफलता के खिलाफ, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में गड़बड़ी पर रोक लगाने तथा पेंशन की बढोतरी करने, स्कूल में शिक्षक की गारंटी, रिक्त पदों पर बहाली तथा अन्य समस्याओं को लेकर पटना सदर प्रखंड में भी धरना दिया गया। सरकारी घोषणा के बाद भी गरीबों को जमीन आवास दिया जाएगा लेकिन दूसरी ओर इंदिरा आवास के तहत बने मकान को तोड़ा जा रहा है। धरना को राज्य सचिव मंडल सदस्य अरुण मिश्रा, त्रिलोकी पांडेय, देवरतन प्रसाद, शंकर साह, सरिता पांडेय, बिंदा राम, कमली देवी, विश्वनाथ प्रसाद, कालेश्वर, अमरनाथ सहित अन्य ने संबोधित किया।

# नाला को खोदे गए गड्ढे से कंगन घाट का रास्ता संकरा

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। पिछले दिनों जब दो-तीन दिनों तक रुक-रुक कर बारिश हुई थी, तब केशवराय घाट, मिर्चाई घाट और हिरण साह घाट जाने वाले रास्ते के दोनों ओर लोगों के घरों में पानी घुस गया था। उसके बाद करीब एक सप्ताह से अधिक समय तक जलजमाव की स्थिति बनी रही थी। लोगों ने इसे लेकर विरोध प्रदर्शन भी किया था। बाद में वार्ड 66 की पार्षद कांति देवी और उनके प्रतिनिधि पूर्व पार्षद मनोज कुमार के द्वारा निगमायुक्त, पटना सिटी अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता से बात कर स्थिति से अवगत कराए और इसके बाद नाला निर्माण योजना स्वीकृत की गई। इसे लेकर गुरुद्वारा कंगन घाट से कंगन घाट गंगा किनारे की ओर जाने वाले रास्ते को बीच में खुदाई की गई। बड़ा ह्यूम पाइप डाला गया और इसके बाद उसे समतल कर दिया गया। हालांकि अभी भी गुरुद्वारा कंगन घाट के उत्तर और इसके कुछ दूरी पर दो चेंबर और मलबा होने के कारण वहां पर सड़क आधी हो गई है। इस कारण से ऑटो या फोर व्हीलर के उस रास्ते से गुजरने पर जाम की स्थिति बन जा रही है। वैसे लंबे समय से बारिश नहीं होने और केशव राय घाट, मिर्चाई घाट एवं हिरण साह घाट के रास्ते में दोनों ओर जमा पानी निकल चुका है। लोगों ने राहत की सांस ली है। यह अलग बात है कि अभी तक अस्थाई रूप से ह्यूम पाइप बिछाकर जिस तरीके से पानी के निकासी की व्यवस्था की गई है, बारिश होने के बाद ही पता चलेगा कि यह कितना कारगर हो पाया है। अशोक राजपथ से वाया चौक थाना, गुरुद्वारा कंगन घाट होते हुए गंगा पथ पर जाने के लिए यही रास्ता है, जो संकरा होने के कारण जाम लग जा रहा है।

# शोकसभा में राजद नेता कलीमउद्दीन को दी श्रद्धांजलि

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। राष्ट्रीय जनता दल की ओर से मानस पथ स्थित राजद के वरिष्ठ नेता सह जेपी सेनानी स्व कलीमउद्दीन की लंबी बीमारी के कारण 21 जुलाई को निधन हो गया था। इसके बाद शुक्रवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता पूर्व पार्षद सह पूर्व प्रदेश महासचिव बलराम चौधरी और संचालन राजद के पूर्व प्रदेश महासचिव मो जावेद ने किया।

श्रद्धांजलि सभा में राजद के रजनीश कुमार राय, डॉ इकबाल अहमद, मो साबिर अली, हिदायत अहमद, भूषण माली, पंकज कुमार, मोहम्मद पिंकू, सीपीआई नेता देवरतन प्रसाद, शंभू शरण प्रसाद, माले नेता राम नारायण सिंह, कांग्रेसी नेता फिरोज हसन, सुजीत कसेरा, शरीफ अहमद रंगरेज, शमीम अख्तर आदि नेताओं ने कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन सामाजिक, राजनीतिक एवं अनुमंडलीय शांति समिति के सक्रिय सदस्य के रूप में ईमानदारी से निर्बाह किया। पूर्व पार्षद बलराम चौधरी ने कहा कि उनका जीवन सादगी से भरा रहा। अपने सामाजिक और राजनीतिक जीवन में बड़ा मुकाम पर पहुंचने की कोई लालसा नहीं थी। एक कार्यकर्ता के रूप में ईमानदारी से अपना जीवन समाज और पार्टी को समर्पित कर दिया। मो जावेद ने कहा कि राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद एवं उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से मिलकर इनके परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए हम सभी उनसे मदद की गुहार करेंगे। शोकसभा में इनके पुत्र मो अलीमुद्दीन, एजाजुद्दीन उर्फ सानू, सुरेश कुमार, पंकज कुमार, रामजी सहनी आदि ने भी पुष्प अर्पित कर एक मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व विधायक महेन्द्र झा के निधन पर कांग्रेस में शोक

पटना। दरभंगा जिला के घनश्यामपुर और बेनीपुर विधान सभा क्षेत्र से विधायक रहे महेन्द्र झा आजाद का शुक्रवार को निधन हो गया। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद डा अखिलेश प्रसाद सिंह ने उनके निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट की। अपने शोक संदेश में डा सिंह ने कहा कि महेन्द्र झा आजाद एक शांत और सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। लेकिन मुद्दों के प्रति उनकी सम्वेदनशीलता उन्हें औरों से अलग करती थी। उनका निधन राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र को एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि महेन्द्र बाबू के 1980 से 1995 तक लगातार तीन बार विधान सभा चुनाव जीत कर आये जिससे जाहिर होता है कि मिथलांचल की जनमानस का उनसे कितना लगाव था। उनके व्यक्तित्व को भुलाया नहीं जा सकता। डा सिंह ने दिवंगत आत्मा की शान्ति तथा उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। कांग्रेस विधायक दल के नेता डा शकील अहमद खान, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा मदन मोहन झा, डॉ. शकील अहमद, पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, विधान पार्षद प्रेमचन्द्र मिश्र, पूर्व विधायक डा हरखु झा, लाल बाबु लाल, भावना झा, निर्मल वर्मा, ब्रजेश पाण्डेय, सुबोध कुमार, ब्रजेश प्रसाद मुनन, असित नाथ तिवारी, ज्ञान रंजन, राजकिशोर सिंह ने भी महेन्द्र झा आजाद के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उनके निधन से उनके समकालीन रहे पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक उनके पैत्रिक गाँव पहुँच कर पार्टी की ओर से उनके पार्थिव शरीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### किसानों का हो रहा आर्थिक सशक्तिकरण : श्रवण

पटना। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण कुमार अग्रवाल ने कहा की केंद्र की एनडीए सरकार किसानों की सरकार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में किसानों के कल्याण के कार्य हो रहे हैं। पीएम किसान सम्मान निधि से किसानों का संबल और सम्मान बढ़ा है, किसानों का आर्थिक रूप से सशक्तिकरण हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा गुरुवार को किसान सम्मान निधि की 14 वीं किस्त जारी की गई जिससे बिहार के 75 लाख से ज्यादा किसानों के खाते में दो- दो हजार रुपया सीधे पहुंच गया। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार देश के किसानों कि खुशहाली और उनकी स्थिति में सुधार के लिए प्रमाणिक प्रयास कर रही है।

### अविनाश कुमार हम से के प्रदेश प्रधान महासचिव मनोनीत

पटना। हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा से के प्रदेश अध्यक्ष सह सिकंदरा विधायक प्रफुल्ल कुमार मांझी ने पार्टी के मजबुती हेतु अविनाश कुमार को प्रदेश प्रधान महासचिव के पद पर मनोनित किया है। अविनाश कुमार को पार्टी का प्रदेश प्रधान महासचिव बनाए जाने पर पार्टी के सदस्यों मे खुशी की लहर दौड़ गई है। वह इस पार्टी के बहुत पुराने कार्यकर्ता रहे हैं, भिन्न-भिन्न पदो पर रह कर पार्टी के मजबुती के लिए कार्य करते रहे हैं। इनके अनुभव के आधार पर इन्हें प्रदेश प्रधान महासचिव के पद का भार दिया गया है। मुख्य प्रवक्ता श्याम सुंदर शरण, राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकोष्ठ झुग्गी झोपड़ी गीता पासवान राष्ट्रीय सचिव राजन सिद्दीकी प्रदेश उपाध्यक्ष रत्नेश पटेल, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता विजय यादव, प्रदेश कोषाध्यक्ष रघुवीर मोची, इं सैफुद्दीन, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय आलम, प्रदेश सचिव इरफान उल हक, युवा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र शास्त्री बिहार प्रदेश मीडिया श्रवण कुमार, प्रभा कुमारी पिंकी देवी पटना महानगर अध्यक्ष अनिल रजक प्रदेश सचिव आशुतोष राणा आकाश कुमार प्रदेश सचिव राकेश कुमार आदि हम नेताओं ने बधाई दी।

# 2024 में इंडिया को मौका देने के लिए देश की जनता तैयार : सुमित

## बोलें-देश सेवकों को एकजुट देखकर डरे हुए हैं प्रधानमंत्री

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री सुमित कुमार सिंह ने कहा कि इंडिया गठबंधन के लोग सच्चे मायनों में देश सेवक हैं और देश सेवकों को एकजुट देखकर प्रधानमंत्री डरे हुए हैं इसलिए वो हर दिन हर मंच से हमारी आलोचना कर रहे हैं। मंत्री शुक्रवार को जदयू मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत के दौरान उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि बिहार में जिस तरह का माहौल है उससे लगता है कि महागठबंधन सभी लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करने में सफल होगी। 2024 में देश की जनता इंडिया गठबंधन को मौका देने जा रही है, प्रधानमंत्री को इस मुगालते में नहीं रहना चाहिए कि वो तीसरी बार सरकार बनाएंगे। कटिहार मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री सुमित कुमार सिंह ने कहा कि जांचोपरांत जो भी प्रमाणिक तथ्य निकलकर सामने आएंगे उसके आधार पर सरकार आगे का निर्णय लेगी और जो भी लोग दोषी पाए जाएंगे उनके उपर कार्रवाई भी होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग हर घटना को अपने राजनीतिक फायदे के लिए इस्तेमाल करते हैं, कटिहार मामले पर बयानबाजी करने से पहले भाजपा वालों को इस बात का जवाब देना चाहिए की दिल्ली में अन्नदाता के उपर लाठीचार्ज क्यों किया गया था? केंद्र सरकार की गलत नीतियों के विरुद्ध आंदोलन कर रहे हैं अग्निवीर छात्राओं पर भाजपा शासित राज्यों में लाठी चार्ज क्यों किया गया था? भाजपा वाले अपने कारनामों को इतनी जल्दी क्यों भूल जाते हैं। लोकसभा चुनाव लड़ने के सम्बंध में पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल पर माननीय मंत्री ने कहा की पार्टी का शीर्ष नेतृत्व जो भी निर्णय लेगी उसके लिए हम तैयार है। इससे पहले मंत्री सुमित कुमार सिंह ने प्रदेशभर से पहुंचे आमजनों के शिकायतों को सुनकर उनके निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई कार्यक्रम के मुख्यालय प्रभारी अरुण कुमार सिंह मौजूद थे।

# आयोगों एवं बोर्डों में मनोनीत राजद नेता हुए सम्मानित

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राज्य सरकार द्वारा नवगठित विभिन्न आयोगों एवं बोर्डों में मनोनीत राजद नेताओं को पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं द्वारा काफी गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। मिठाईयां बांटी गई। पार्टी के जमीनी कार्यकताओं को आयोग और बोर्डों में सम्मानजनक स्थान दिए जाने से आम कार्यकताओं में काफी खुशी का माहौल है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह द्वारा आयोगों एवं बोर्डों में मनोनीत पार्टी नेताओं को बारी-बारी से साल ,बुके और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि किसी पार्टी की ताकत उसके कार्यकर्ता होते हैं। अपने समर्पित और निष्ठावान कार्यकताओं के बल पर हीं विपरीत स्थितियों में भी राजद हर चुनौतियों का मुकाबला काफी मजबूती के साथ करती रही है। अपने कार्यकताओं के माध्यम से हीं हम अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद और अपने नेता तेजस्वी जी के संदेश को जन-जन तक पहुंचा पाते हैं। अभी आयोगों और बोर्डों में जिन सम्मानित साथियों को स्थान दिया गया है वे सभी वर्षों से पार्टी के सांगठनिक कार्यों से जुड़े रहे हैं। सभी वर्गों को सम्मान जनक स्थान दिया गया है। किसी साथी को निराश होने की जरूरत नहीं है,यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। अभी आगे और भी कई कमिटियों का गठन होने वाला है। पार्टी नेतृत्व कार्यकताओं के प्रति खुद काफी संवेदनशील है और उनके मान और सम्मान का ख्याल करती है। संस्कृत शिक्षा बोर्ड के सदस्य बने चित्तरंजन गगन ने कहा कि यह सम्मान हम सबों के लिए आशीर्वाद स्वरूप है। जिस प्रकार पार्टी नेतृत्व ने स्वतः संज्ञान लेकर हम कार्यकताओं को आयोग एवं बोर्ड में स्थान देने का काम किया है इससे कार्यकताओं में एक नई उर्जा का संचार हुआ है।

### सुजाता सुम्ब्रई के महिला आयोग के सदस्य बनने पर बधाई

पटना । बिहार दलित कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधान पार्षद लाल बाबू लाल ने डॉ. सुजाता सुम्ब्रई के महिला आयोग के सदस्य बनने पर बधाई दिया है। डॉ. सुजाता के महिला आयोग के सदस्य बनने से बिहार झारखण्ड के आदिवासी काफी खुश है एवं कांग्रेस के प्रति झुकाब बढेगा

# गुजरात दंगों की याद दिलाते है मणिपुर के दंगे : राजीव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के राष्ट्रीय महासचिव व प्रवक्ता राजीव रंजन ने आज अपने जारी बयान में मणिपुर में जारी हिंसा को गुजरात दंगों के समान बताया. उन्होंने कहा कि आज से दो दशक पहले जिस तरह धर्म के नाम पर गुजरात में हिंसा का नंगा नाच हुआ था आज मणिपुर में भी ठीक वही घटनाक्रम दोहराया जा रहा है। गुजरात की तर्ज पर ही आज मणिपुर में भी निरपराधों की हत्याएं हो रही है, उनके मकानों, दुकानों व धार्मिक स्थलों को आग में स्वाहा किया जा रहा है, स्त्रियों के साथ खुलेआम ज्यादतियां हो रही हैं और लोग अपने-अपने मकानों से खदेड़े जा कर अपने ही मुल्क के अंदर शरणार्थी शिविरों में रहने के लिए बेबस हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुजरात की ही तरह आज मणिपुर में भाजपा का शासन है और थी उसी तरह सरकार पर दंगाइयों को खुली छूट देने के आरोप लग रहे हैं। गुजरात की तरह ही आज मणिपुर में भी प्रशासनिक अमले पर पक्षपाती व्यवहार के इल्जाम लग रहे हैं। लोगों के साथ हिंसा होने बाद भी उनकी रिपोर्ट नहीं लिखी जा रही है और मामले को दबाने के प्रयास किये जा रहे हैं. मीडिया में आने के बाद जिन मामलों में रिपोर्ट लिखी जा रही है उसमें पुलिस द्वारा द्वारा अत्याचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने में ढिलाई बरतने की बातें सामने आ रही है। वास्तव में भाजपा का गुजरात मॉडल आज मणिपुर में साक्षात जमीन पर उतर चुका है। राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि यह सारे मामले दिखाते हैं कि भाजपा के लिए राष्ट्रवाद और देश की एकता व अखंडता की बातें सिर्फ जनता को भरमाने के हथियार हैं, हकीकत में इन मूल्यों पर इनका कौड़ी भर भी विश्वास नहीं है। अपना वोटबैंक बढ़ाने और सत्ता हासिल करने के लिए यह किसी भी हद को पार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मणिपुर दंगों ने भाजपा के डबल इंजन सरकार की पोल भी खोल दी है. यदि मणिपुर में या केंद्र में भाजपा सरकार नहीं होती तो हालात पर जल्दी काबू पा लिया गया होता। लेकिन अपना जनाधार बढ़ाने के लिए 80 दिन बीत जाने के बाद भी भाजपा हाथ पर हाथ धरे बैठी है।

### लाठीचार्ज व गोलीबारी कांड के लिए चर्चित हो रही बिहार पुलिस : सम्राट

पटना । बिहार भाजपा के अध्यक्ष श्री सम्राट चौधरी ने पुलिस द्वारा लगातार आंदोलनकारियों, प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज, फायरिंग पर सरकार को आड़े हाथों लेते हुए शुक्रवार को जोरदार निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बिहार पुलिस प्रदेश भर में अराजकता समाप्त करने की जगह शांति पूर्वक हो रहे आन्दोलनों में लाठी चार्ज और गोलीबारी जैसे कांड के लिए ज्यादा चर्चित हो रही है। श्री चौधरी ने कहा कि पटना में पुलिस ने किसान सलाहकारों पर लाठीचार्ज किया। पुलिस वालों ने किसान सलाहकारों को सड़क पर गिरा गिराकर उनपर लाठियां बरसाईं। इसके बाद सभी को वहां से लाठियां बरसाते हुए खदेड़ा। इसके बाद बिहार भाजपा द्वारा निकाले जा रहे शांति मार्च में भी लाठी चार्ज किया गया जिसमे एक कार्यकर्ता की मौत हो गयी एवं बहुत सारे कार्यकर्ता चोटिल भी हो गए। कटिहार में खराब बिजली व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाने पर पुलिस द्वारा गोलीबारी की गयी जिसमे दो युवक की मौत हो गयी। पूर्व में भी जब स्टूडेंट्स आंदोलन कर रहे थे तो उनपे बर्बता पूर्ण लाठीचार्ज किया गया था।

# पुलिस फायरिंग की जांच सीबीआई से हो : विजय

पटना। बिहार विधानमंडल के नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति में बिहार दहल रहा है। उन्होंने कहा कि आज अपराध में तुष्टिकरण की सियासत के कारण कई इलाकों में हिंदू डरे हुए हैं। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि जिस तरह से पूरे प्रदेश में अपराध की घटनाएं बढ़ रही है इसके बावजूद सत्ता वर्ग स्वार्थ और महत्वकांक्षा की पूर्ति में लगी है।

उन्होंने कटिहार में प्रदर्शनकारियों पर पुलिस फायरिंग की जांच सीबीआई या हाई कोर्ट के सिटिंग जज से कराने की मांग की। उन्होंने बिहार के राज्यपाल से सभी मामलों में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। सिन्हा ने कहा कि मुजफ्फरपुर में तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि जमीन माफिया, बालू और शराब माफिया का खेल चल रहा है, जो भी इसमें बाधक बनता है, उसकी हत्या करवा दी जाती है। पूर्णिया में भाजपा कार्यकर्ता राजू कुमार मेहता की नृशंस हत्या कर दी गई, जहां वह अल्पसंख्यक था। अमौर में शक्ति केंद्र प्रभारी में शक्ति केंद्र प्रभारी जनार्दन मंडल की हत्या की गई। उन्होंने सवाल उठाया कि अररिया, बेगूसराय, समस्तीपुर में दलित बच्चियों, महिलाओं से दुष्कर्म की घटनाओं पर सरकार क्यों चुप हैं। उन्होंने कहा कि दिखाने के लिए कमजोर तबके के लोगों को ही गिरफ्तार कर लिया जाता है और असली अपराधी खुले में घूमता रहता है। उन्होंने कहा कि सरकार के संरक्षण में ऐसी मानसिकता वालों का खुलकर खेल चल रहा है और अपराध चरम पर पहुंच गया है। उन्होंने दरभंगा में धार्मिक उन्माद भड़काने और किसी पर कारवाई नहीं होने पर सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि सरकार धार्मिक उन्माद भड़काने के मामले में सरकार श्वेत पत्र जारी करे। प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से प्रदेश प्रवक्ता उदय सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश कुमार सिंह उपस्थित थे।

### कानून कर रहा काम, राजनीतिक प्रवचन ना करे भाजपा : जदयू

पटना। जदयू प्रदेश प्रवक्ता अनुप्रिया और प्रदेश प्रवक्ता श्री हिमराज राम ने कटिहार के बारसोई में पुलिस फायरिंग मामले पर पार्टी का पक्ष रखा है। दोनों प्रदेश प्रवक्ताओं ने कहा कि पुलिस फायरिंग मामले पर कानून अपना काम कर रहा है और जिला प्रशासन इस मामले की गहन जांच कर रही है। दोनों प्रवक्ताओं ने बीजेपी पर इस मामले में राजनीति करने का आरोप लगाया है। साथ ही राजनीतिक प्रवचन नहीं करने की सलाह दी है। पार्टी प्रवक्ताओं ने कहा कि कटिहार के बारसोई में प्रचंड गर्मी के चलते बिजली व्यवस्था में तकनीकी गड़बड़ी आ गयी थी। पार्टी प्रवक्ताओं ने कहा कि आखिर हिंसा क्यों हुई, और लोगों की दुखद मौत कैसे हुई इस बात की जांच करायी जा रही है और जिले के डीएम और एसपी को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने इस मामले में बीजेपी को राजनीति नहीं करने की सलाह दी और कहा कि जिस समय बीजेपी सरकार में शामिल थी और बीजेपी के वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष और उस समय के तत्कालीन पंचायती राज मंत्री सम्राट चैधरी के इशारे पर बीजेपी पार्टी कार्यालय के सामने अति पिछड़े, दलित समुदाय के वार्ड सदस्यों पर लाठीचार्ज किया गया था

# संगठन को मजबूत करना प्राथकिमता : उपेन्द्र

पटना। युवा रालोजपा के प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र यादव की अध्यक्षता में प्रदेश पधाधिकारी एवं ज़िलाअध्यक्षों का संगठन विस्तार हेतू वर्चुआल बैठक किया गया। बैठक में सभी प्रदेश पधाधिकारी एवं ज़िलाध्यक्ष शामिल हुए। बैठक में श्री यादव ने कहा की युवा रालोजपा का सभी जिलाओ में प्रखंड एवं पंचायत अध्यक्षों का सम्मेलन किया जाएगा। संगठन को गांव-गांव तक पहुंचने का लक्ष्य युवा रालोजपा की पहली प्राथमिकता है। युवा रालोजपा चली गांव की ओर। द्वारे द्वारे नगरी नगरी। गांव-गांव पांव-पांव नारे के साथ स्व. रामविलास पासवान के सिद्धांतों को एवं उनके विचारो को गांव तक पहुंचना है। इसके बाद युवा रालोजपा युवाओं को लेकर पटना में एक भव्य सम्मेलन किया जाएगा। रालोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस एवं प्रदेश अध्यक्ष प्रिन्स राज के हाथों को मजबूत कर से रामविलास पासवान के सपने को साकार करना है।

# कन्या विवाह योजना के तहत 22959 लाभुकों को योजना का मिला लाभ

## जिलाधिकारी ने विभिन्न योजनाओं के कार्यों की समीक्षा की

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जिलाधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने जिला बाल संरक्षण इकाई के कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा की । मुख्यमंत्री बाल सहायता योजना के संबंध में सहायक निदेशक द्वारा बताया गया कि वैसे अनाथ बच्चे जिनके माता-पिता दोनों की मृत्यु हो गयी है, जिसमें से किसी एक की मृत्यु कोरोना से हुई है, उन्हें प्रति माह 1500 रुपए का भुगतान किया जा रहा है। उक्त योजना में कुल 10 बच्चे पंजीकृत हैं । मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के बारे में बताया गया कि 22959 लाभुकों को योजना का लाभ दिया जा चुका है। परवरिश योजना योजना के संबंध में स्बताया गया कि वर्त्तमान में 1354 लाभुकों को योजना का लाभ दिया जा रहा है। दत्तकग्रहण के तहत कुल 16 बच्चों का दत्तकग्रहण आदेश निर्गत किया गया है। ट्रांसजेंडर योजना के तहत वर्त्तमान में कुल 64 ट्रांसजेंडर को आईडी कार्ड निर्गत किया गया है । ट्रांसजेंडर समुदाय के हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुँचाने एवं उनके समस्याओं के निराकरण हेतु सुविधा केंद्र (जिला बाल संरक्षण इकाई, पटना) एवं कमिटी का गठन किया गया है। ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को भोजन, वस्त्र, मनोरंजन, चिकित्सा सुविधाओं और परामर्श जैसी बुनियादी सुविधाओं के साथ साथ आश्रय प्रदान करने हेतु गरिमा गृह के संचालन हेतु जगह उपलब्ध कराया गया है। ट्रांसजेंडर समुदाय हेतु गरिमा गृह का संचालन दोस्ताना सफर द्वारा खगौल में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के मार्गदर्शिका के अनुसार किया जा रहा है। जिलाधिकारी के अध्यक्षता में संचालित गरिमा गृह, के संचालन के लिए दोस्ताना सफर के सफल संचालन एवं प्रबंधन हेतु जिसका मुख्य उद्देश्य ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा करना, सभी ट्रांसजेंडर व्यक्तियों द्वारा पालन किए जाने के लिए उपयुक्त सामान्य नियमों और विनियमों को अपना कर गरिमा गृह में सौहार्दपूर्ण वातावरण की व्यापकता की पुष्टि करना एवं कौशल विकास और कौशल उन्नयन कार्यक्रमों के माध्यम से एक सभ्य और सम्मानित जीवन जीने के लिए एक ट्रांसजेंडर व्यक्ति को सशक्त बनाना, और उन्हें अत्याचार और सामाजिक कलंक से बचाना है।

# महिला कांग्रेस को सशक्त और मजबूत बनाना लक्ष्य : जहां फातिमा

● महिला कांग्रेस की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत

पटना। बिहार प्रदेश महिला कांग्रेस की नवनियुक्त अध्यक्षा डॉ शरबत जहां फातिमा अध्यक्ष बनने के उपरांत आज पहली पटना पहुंचीं। पटना एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं तथा कार्यकताओं के द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। एयरपोर्ट परिसर पर बेहद उत्साह के साथ बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सक्रिय नेता तथा कार्यकर्ता एवं महिला कांग्रेस से जुड़ी कांग्रेसियों के द्वारा कई गाजे-बाजे के साथ उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि उनका प्रमुख ध्येय महिला कांग्रेस को बेहद सशक्त और मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों के प्रति सशक्त अभियान एवं जागरूकता पैदा करना है। उन्होंने कहा कि बिहार प्रदेश महिला कांग्रेस की कमेटी को मजबूत बनाने के लिए व्यापक पैमाने पर जन अभियान चलाने की योजना है। प्रदेश की ज्यादा से ज्यादा संख्या में महिलाओं को महिला कांग्रेस के साथ एकजुट करना है उन्होंने बताया कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी हैं। उसके निर्वहन में किसी प्रकार की भी कोताही नहीं बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस के जनाधार को मजबूत बनाने के लिए महिला कांग्रेस ग्राउंड स्तर पर पार्टी की जड़ों को मजबूत करने का काम करेगी।पटना एयरपोर्ट पर मीडिया चैयरमेन राजेश राठौड़, धनंजय शर्मा, संतोष श्रीवास्तव, असफर अहमद मोहम्मद काशिफ यूनिस, दीपू ,रूमा सिंह, सहित सैकड़ो महिलाओ ने स्वागत किया।

# मोकामा-जसीडीह श्रावणी मेला स्पेशल का सिमुलतला स्टेशन पर ठहराव

पटना। मोकामा और जसीडीह के मध्य श्रावणी मेला के अवसर पर परिचालित की जा रही गाड़ी सं. 03206/03205 मोकामा-जसीडीह-मोकामा श्रावणी स्पेशल का सिमुलतला स्टेशन पर दो मिनट का ठहराव प्रदान किया जा रहा है। गाड़ी सं. 03206 मोकामा-जसीडीह श्रावणी मेला स्पेशल 11.10 बजे सिमुलतला स्टेशन पहुंचकर 11.12 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इसी तरह 03205 जसीडीह-मोकामा श्रावणी मेला स्पेशल 12.50 बजे सिमुलतला पहुंचकर 12.52 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

### दानापुर व बेंगलूरु के स्पेशल ट्रेन के कोच संयोजन में बदलाव

पटना। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु दानापुर और बेंगलूरु के मध्य 03259/03260 दानापुर-एसएमभीवी-दानापुर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है । वर्तमान में इस ट्रेन में साधारण श्रेणी के 18 कोच एवं एसएलआर के 02 कोच सहित कुल 20 कोच हैं। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु इस स्पेशल ट्रेन के कोच संयोजन में बदलाव करने का निर्णय लिया गया है । संशोधित कोच संयोजन के अनुसार इस स्पेशल ट्रेन में 2 एसी का 01 कोच, 3 एसी के 04 कोच, शयनयान श्रेणी के 12 एवं साधारण श्रेणी के 05 कोच एवं एसएलआर के 02 को सहित कुल 24 कोच होंगे। यह बदलाव दानापुर से 01 अगस्त व बेंगलूरू से 3 अगस्त से प्रभावी होंगे।

### इंटरसिटी एक्स का सासाराम व गढ़वा रोड के मध्य समय-सारणी में संशोधन

पटना। सासाराम और रांची के मध्य चलने वाली गाड़ी सं. 18636 सासाराम-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का दिनांक 01 अगस्त से सासाराम और गढ़वा रोड के मध्य ठहराव समय में संशोधन किया जा रहा है। 01 अगस्त से गाड़ी सं. 18636 सासाराम-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस सासाराम से 03.45 बजे के बजाए 03.15 बजे खुलकर 03.30-03.32 बजे डेहरी ऑन सोन, 04.02-04.04 बजे नवीनगर रोड, 04.17-04.19 बजे जपला, 04.26-04.28 हैदरनगर, 04.40-04.42 मोहम्मदगंज, 04.53-04.55 बजे उंटरी रोड रुकते हुए 05.33 बजे गढ़वा रोड जं. पहुंचेगी तथा यहां से यह 05.35 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

### जनसाधारण एक्सप्रेस का परिचालन शनिवार को रद्द

पटना। तकनीकी कारणों से शनिवार को दानापुर से खुलने वाली गाड़ी सं. 13257 दानापुर-आनंद विहार जनसाधारण एक्सप्रेस का परिचालन रद्द रहेगा। उक्त जानकारी पूर्व मध्य रेल के जनसपंर्क अधिकारी वीरेन्द्र कुमार ने दी है।

# सोशल मीडिया व संवेदनशील स्थानों पर विशेष नजर रखें: आयुक्त

## मुहर्रम पर्व के दरम्यान विधि-व्यवस्था संधारण हेतु प्रमंडलीय आयुक्त ने की तैयारियों की समीक्षा

- सभी पदाधिकारी इसके लिए सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध रहें
- पदाधिकारी सतर्क रहते हुए माइक्रोप्लानिंग के अनुसार कार्य करेंगे

पटना। प्रमंडलीय आयुक्त,कुमार रवि ने कहा है कि मुहर्रम पर्व, 2023 के अवसर विधि-व्यवस्था संधारण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी जिला पदाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक इसके लिए सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध रहें। वे शुक्रवार को आयुक्त कार्यालय स्थित अपने कार्यालय-प्रकोष्ठ में इस विषय पर आयोजित प्रमंडल-स्तरीय एक बैठक में पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। आयुक्त श्री रवि ने निदेश दिया कि पदाधिकारीगण आसूचना तंत्र को सुदृढ़ एवं सक्रिय रखें तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कतामूलक कार्रवाई करें। असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखें। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल को क्रियाशील रखें तथा अफवाहों का त्वरित खंडन करें। आयुक्त श्री रवि ने निदेश दिया कि हर छोटी-मोटी घटना पर नजर रखें तथा सार्थक कार्रवाई करें। विदित हो कि इस वर्ष मुहर्रम का त्योहार 29 को मनाया जा रहा है। आयुक्त श्री रवि ने उत्कृष्ट भीड़-प्रबंधन, सुचारू यातायात तथा सुदृढ़ विधि-व्यवस्था संधारण के प्रति मुस्तैद रहने का निदेश दिया। आयुक्त श्री रवि ने कहा कि सभी जिला पदाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि बिना अनुज्ञप्ति का कोई जुलूस नहीं निकले। अपने क्षेत्रान्तर्गत जुलूस के मार्ग का सत्यापन करा लें। आयुक्त ने पदाधिकारियों को निदेश दिया कि सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ संवाद कायम रखें। जिला पदाधिकारी तथा वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक सुनिश्चित करेंगे कि संवेदनशील इलाकों में वरीय पदाधिकारी तैनात रहें। क्यूआरटी एवं स्ट्राइकिंग फोर्स मुस्तैद रखें। सीसीटीवी, वीडियो कैमरा के साथ-साथ आवश्यकतानुसार ड्रोन से भी गतिविधियों पर नजर रखें। सभी पदाधिकारी संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतेंगे, असामाजिक तत्वों के विरूद्ध निरोधात्मक एवं दण्डात्मक कार्रवाई करेंगे तथा विधि-व्यवस्था का समुचित संधारण सुनिश्चित करेंगे। आयुक्त श्री रवि ने निदेश दिया कि विधि-व्यवस्था संधारण तथा भीड़ प्रबंधन के दृष्टिकोण से मानकों के अनुसार दंडाधिकारियों तथा पुलिस पदाधिकारियों की स्पॉट ब्रीफिंग सुनिश्चित करें। सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी लगातार भ्रमणशील तथा सतर्क रहेंगे। माइक्रोप्लानिंग के अनुसार कार्य करेंगे। आयुक्त श्री रवि ने कहा कि स्टैंडिंग ऑर्डर के अनुसार यदि किसी इलाके में विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होती है तो संबंधित जिला पदाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक/ पुलिस अधीक्षक उस स्थान पर तुरत पहुँच कर स्थिति को नियंत्रित करेंगे। आयुक्त श्री रवि ने निदेश दिया कि पर्व-त्योहार के दौरान जुलूस इत्यादि का सीसीटीवी से निर्बाध कवरेज सुनिश्चित करें। लगातार विद्युत आपूर्ति हो। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत यूपीएस से लैस करें। बगल से फीडर से इसे कनेक्ट करें ताकि हर स्थिति में सीसीटीवी क्रियाशील रहे। उन्होंने कहा कि विधि-व्यवस्था संधारण के दृष्टिकोण से यह अत्यंत उपयोगी होगा। आयुक्त श्री रवि ने कहा कि पर्व-त्योहार के दौरान डीजे द्वारा निर्धारित मानक से उच्च डेसिबल में ध्वनि का उत्सर्जन किये जाने के कारण ध्वनि प्रदूषण होता है। निर्धारित मानक से ज्यादा डेसिबल में ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग पर माननीय उच्च न्यायालय द्वारा रोक लगायी गयी है। सभी जिला पदाधिकारी, पटना प्रमंडल अंतर्गत को निदेशित किया गया कि मानक से ज्यादा तीव्रता वाले डीजे बजाने पर साउण्ड मीटर ऐप से जाँच करा कर दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 133 के तहत अपेक्षित कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

**निर्देश :** मुहर्रम के अवसर पर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। सभी इलाकों-शहरी क्षेत्रों में तथा ग्रामीण क्षेत्रों-में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे। मुहर्रम के अवसर पर आकस्मिक स्थिति से निपटने हेतु डॉक्टर, पारा मेडिकल स्टाफ एवं आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं के साथ एम्बुलेंस सिविल सर्जन प्रतिनियुक्त करेंगे। चिकित्सकों की रोस्टरवार ड्यूटी लगायी जाएगी। सभी जिला अग्निशमन पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि मुहर्रम के अवसर पर आकस्मिक स्थिति से निपटने हेतु फायर दस्ता प्रतिनियुक्त करना सुनिश्चित करेंगे।

# बच्चों के आधार पंजीकरण में जिला की उपलब्धि 96.94 प्रतिशत

## जिलाधिकारी ने की आईसीडीएस, बाल संरक्षण सहित कई योजनाओं की समीक्ष

## संक्षिप्त खबरें

### लूट मामले में एक गिरफ्तार

समस्तीपुर। समस्तीपुर जिले के बिथान थाना क्षेत्र के बरदौनी एवं पुसहो के बीच बीते वर्ष 12 अक्टूबर को हुए लूट की घटना में शामिल रहे एक अपराधी को एसआईटी ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से लूटा गया एक मोबाइल बरामद किया गया है। गिरफ्तार अपराधी की पहचान खगड़िया जिले के अलौली थाना क्षेत्र के हरिपुर बाजार वार्ड नंबर पांच निवासी मो० गनी के पुत्र मो० सलमान के रूप में हुई है। छापेमारी टीम में बिथान थानाध्यक्ष विशाल कुमार सिंह, एसआई अनिल कुमार रजक, एसआई घनश्याम पासवान, पीएसआई रोहित कुमार एवं सिपाही जितेन्द्र कुमार निराला शामिल थे।

### मुहर्रम की पूर्व संध्या प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर हो रहे मुहर्रम पर्व को लेकर प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवम कुमार, विभूतिपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्र मोहन पासवान, अंचलाधिकारी अशोक कुमार यादव, आर ओ मधुसुधन चौरसिया, थानाध्यक्ष संदीप कुमार पाल सहित दर्जनों की संख्या में पुलिस बल शामिल होकर प्रखंड क्षेत्र के नरहन, सिंघियाघाट, बेलसंडी, केराई, चकहबीब, मुस्तफापुर, कल्याणर, आलमपुर, खदियाही आदि जगहों पर शांति एवं सौहार्दपूर्ण मुहर्रम पर्व मनाने हेतु लोगों से अपील करते हुए मोहर्रम की पूर्व संध्या फ्लैग मार्च निकाला।

### चोरी के 20 मोबाइल व दो लैपटॉप के साथ दो गिरफ्तार

सरायरंजन थाना क्षेत्र के हरसिंगपुर एवं गावपुर से गुरुवार की शाम गुप्त सूचना पर पुलिस ने चोरी की 20 मोबाइल एवं दो लैपटॉप के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में हरसिंगपुर निवासी स्व० गणेश प्रसाद गिरि के पुत्र गोविंद माधव गिरि एवं गावपुर निवासी रवींद्र गिरि के पुत्र राज कुमार गिरि के नाम शामिल हैं। इस संबंध में सरायरंजन थानाध्यक्ष रविकांत कुमार ने बताया विगत 29 जून की रात भगवतपुर स्थित एक मोबाइल दुकान में चोरी हुई थी। इस चोरी की घटना को लेकर 30 जून को एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में पुलिस ने गोविंद माधव गिरि के घर से चोरी की मोबाइल और लैपटॉप बरामद की। वहीं उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की घटना में शामिल राजकुमार गिरि को गावपुर स्थित उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद दोनों अभियुक्तों को शनिवार की दोपहर न्यायिक हिरासत में समस्तीपुर भेज दिया गया।

### राजद ने किया पंचायत स्तरीय अंबेडकर परिचर्चा का आयोजन

शिवाजीनगर, समस्तीपुर। शिवाजीनगर प्रखंड अंतर्गत राजद प्रदेश नेतृत्व के दिशानिर्देश में प्रखंड क्षेत्र के करियन पंचायत के देवनपुर चौक पर राजद के कार्यकताओं ने पंचायत स्तरीय डॉ भीमराव अंबेडकर परिचर्चा का आयोजन किया। प्रखंड अध्यक्ष घुरण यादव ने इस पर परिचर्चा की अध्यक्षता की। संचालन महेश यादव ने किया अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव चंदन सहनी ने कहा कि अंबेडकर परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया है। मौके पर अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महायसचिव चंदन साहनी, प्रभारी शंभू शरण यादव, मीडिया प्रभारी राजीव कुमार, प्रधान महासचिव सुशील कुमार सिंह, पंचायत अध्यक्ष गंगा राम, बुधन पासवान, पूर्व मुखिया राम शंकर यादव, मदन महतो, मनोज कुमार समेत राजद कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मोहर्रम को लेकर शहर में निकला फ्लैग मार्च

समस्तीपुर एसडीओ दिलीप कुमार एवं सदर डीएसपी संजय कुमार पांडे के नेतृत्व में मोहर्रम की पूर्व संध्या पर शुक्रवार की शाम शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च नगर थाना क्षेत्र, मुफ्फसिल एवं मथुरापुर ओपी क्षेत्र थाना क्षेत्र में निकाला गया। इस दौरान लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में मोहर्रम पर्व मनाने की अपील की गई। सदर डीएसपी ने संजय कुमार पांडे ने बताया कि इसके माध्यम से असामाजिक तत्वों एवं व्यवधान उत्पन्न करने वालों को भी संदेश दिया जा रहा है कि गड़बड़ी पैदा करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च निकालकर पुलिस के द्वारा अमन चैन व शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील गई और किसी भी प्रकार की आशंका व गड़बड़ी की सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को देने को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि विधि व्यवस्था के संधारण में लोगों का सहयोग अपेक्षित है। फ्लैग मार्च में सीओ विनय कुमार, नगर थानाध्यक्ष विक्रम आचार्य, मुफ्फसिल थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह व भारी संख्या में पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# जनता के दरबार मे जिलाधिकारी कार्यक्रम में कई मामलों का हुआ निष्पादन

## आपदा जैसे मामले में अनुग्रह राशि भुगतान में अनावश्यक विलम्ब किसी भी हाल में बर्दाश्त नही : जिलाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता के दरबार मे जिलाधिकारी कार्यक्रम में आये 140 से अधिक परिवादियों से मिलकर उनकी समस्यायों को सुना जिसमें कई मामलों में स्वयं सबंधित पदाधिकारियो से दूरभाष पर बात कर त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया शेष आवेदनों को संबधित विभाग के पदाधिकारियो को ससमय निष्पादन को लेकर अग्रसारित कर कृत करवाई से अवगत कराने का निर्देश दिया। प्राप्त शिकायतों में भूमि अतिक्रमण , भूमि विवाद नल-जल योजना,आपसी विवाद जनवितरण आदि से संबधित मामले सबसे अधिक पाए गए। इसके अतिरिक्त समजिक सुरक्षा योजना बाल विकास परियोजना शिक्षा सहित अन्य कार्यालय में लंबित मामले भी प्राप्त हुए। राज कुमार मुखिया प्रखण्ड-झंझारपुर ग्राम-काको ने जिला पदाधिकारी से शिकायत किया की उनके ग्राम पंचायत काको में बन रहे पंचायत सरकार भवन के चारदिवारी बनने के कारण उनका मकान बीच से तोड़ दिया गया है। जिस वजह से उनको रहन-सहन में दिक्कत हो रही है। करपुरिया देवी प्रखण्ड झंझारपुर के निवासी ने इन्दरा आवास योजना को लेकर शिकायत करते हुए कहा कि हमे आज तक इन्दरा आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया है एवं राशन कार्ड भी नहीं बना हुआ है।वही प्रखण्ड फुलपरास ग्राम गोढियारी के निवासी रधुनाथ मंडल ने आने जनवितरण प्रणाली विक्रेता के द्वारा अनियमितता का शिकायत किया। इसी क्रम में विभिन्न आपदाओं में मृत व्यक्तियों के दो परिजनों ने शिकायत किया कि दो वर्ष पूर्व मृत्यु होने के उपरांत अभी तक संबधित सीओ ने अनुग्रह राशि के भुगतान हेतु अभिलेख जिला मुख्यालय में नही भेजा है,वही एक मामले में आपदा शाखा में एक माह से अभिलेख लंबित रहने की शिकायत प्राप्त हुई। जिला पदाधिकारी ने आपदा प्रभारी को निर्देश दिया कि अनावश्यक विलम्ब के आलोक में संबधित कर्मी एवं अधिकारी पर जबाबदेही तय कर करवाई सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आपदा जैसे मामले में अनुग्रह राशि भुगतान में अनावश्यक विलम्ब किसी भी हाल में बर्दाश्त नही की जाएगी। जिलाधिकारी ने न केवल आए हुए परिवादियों की समस्याओं को सुना बल्कि उन समस्याओं के संदर्भ में संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त जनशिकायतों को पूरी गंभीरता से लेकर सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ उसका त्वरित निष्पादन करे। उक्त अवसर पर डीडीसी विशाल राज अपर समाहर्ता नरेश झा सहित कई अधिकारी भी उपस्थित थे

# बाइक छिनतई मामले में दो गिरफ्तार, छिनी गई बाइक बरामद

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के हसनपुर थाना क्षेत्र के गंगासागर पुल पर बीते 20 जुलाई की रात हुई बाइक छिनतई की घटना का पुलिस ने शुक्रवार को खुलासा कर दिया। घटना में संलिप्त दो बदमाशों को एसआईटी ने गिरफ्तार किया है।

जिनकी पहचान हसनपुर थाना क्षेत्र के शोभेपुरा निवासी कैलाशपति यादव के पुत्र दिलखुश कुमार एवं मनखुश कुमार के रूप में हुई है।

उनके पास से छिनतई और कांड में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई है। रोसड़ा डीएसपी शिवम कुमार ने बताया कि बिथान थाना क्षेत्र के नरपा निवासी नीतीश कुमार से बाइक सवार अपराधियों ने बाइक छिनतई की घटना की थी। उसी मामले में दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। घटना में संलिप्त अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के छापेमारी की जा रही और उन्हें भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

पुलिस छापेमारी टीम में हसनपुर थानाध्यक्ष निशा भारती, एसआई अजित कुमार त्रिवेदी, एसआई इम्तयाजुल हक खान, पीएसआई रमेश कुमार, एएसआई जोगेन्द्र सिह एवं सिपाही विरंजय कुमार शामिल थे। एसआईटी के द्वारा छापेमारी कर आरोपियों की गिरफ्तारी की गई और उसकी निशानदेही पर लूटी गई मोटरसाइकिल और घटना में प्रयोग किया गया मोटरसाइकिल बरामद किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि घटना में कुल पांच अपराधी शामिल थे।

तीन घटना की जगह और दो कुछ दूर आगे खड़े थे। आगे खड़े अपराधी का काम लूटे हुए सामान को ठिकाने लगाना था। ये अपराधी अपना ठिकाना बदल कर अपराध की घटना को अंजाम देते हैं और नए स्थानों पर पढ़ाई के नाम पर किराए का मकान लेकर छिपे रहते हैं। अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है

# मुसरीघरारी में मुहर्रम को लेकर रूट बदला

सरायरंजन, प्रात : किरण संवाददाता

मुसरीघरारी चौराहा पर शनिवार को मुहर्रम पर्व मनाने को लेकर प्रशासन ने मुसरीघरारी आने जाने बाले सभी छोटे बरे वाहनों के रूट बदल दिया है। जिसमें रूट चार्ट इस प्रकार है। दलसिंहसराय की ओर से आने बाले वाहनों को समस्तीपुर जाने के लिए हुरहिया पेट्रोल पंप से एनएच 28 से दाहिना 13 नंबर कुआं पर निकलने, मुजफ्फरपुर की ओर जाने बाले वाहनों को भी हुरहिया से बरबट्टा की ओर जाकर उदापट्टी हाट के निकट निकलकर, मुजफ्फरपुर की ओर से आने बाले वाहनों को समस्तीपुर जाने के लिए भट्ठी चौक से वाया सड़क पर निकले, समस्तीपुर से आने बाले वाहनों को मुजफ्फरपुर जाने के लिए 13 नंबर कुआं के निकट से दाया जाने, समस्तीपुर से दलसिंहसराय की ओर जाने के लिए भी 13 नंबर कुआं के निकट से वाया निकलने, पटोरी एवं पटना से आने बाले वाहनों को समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर जाने के लिए उदा हाट से वाया जाने, पटना, पटोरी से दलसिंहसराय जाने के लिए उदा हाट से दाया निकलने का रूट है। इसके लिए एनएच 322 सड़क पर उदाहाट पर पुलिस बैरिकेडिंग, समस्तीपुर सड़क पर 13 नंबर कुआं के निकट बैरिकेडिंग, दलसिंहसराय सड़क पर हुरहिया के निकट एन एच 28 पर बैरिकेडिंग, मुजफ्फरपुर सड़क एन एच 28 पर भट्ठी चौक पर बैरिकेडिंग लगाया जाएगा।

# सड़क पर जलजमाव से लोगों को हो रही परेशानी

शिवाजीनगर, प्रात : किरण संवाददाता

शिवाजीनगर प्रखंड अंतर्गत पिछले दिनों में रुक-रुक कर हुए बारिश के कारण दसौत पंचायत के वार्ड 5 के मल्लिक टोल में सामान्य जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। जगह-जगह जलजमाव के कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है। जल निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों की परेशानी और बढ़ रही है। घर के सामने सड़कों पर जलजमाव के कारण आवागमन में लोगों को काफी कठिनाई हो रही है। वहीं दसौत पंचायत के कांकर पुल से मल्लिक टोल मुख्य सड़क से जोड़ती है जहां जलजमाव की समस्या बनी हुई है। बताया जाता है कि सड़क पर जलजमाव के कारण लोगों के सामने जलजमाव एक बहुत बड़ी समस्या बनी हुई है। जर्जर सड़क पर जलजमाव के कारण राहगीरों की मुश्किलें भी बढ़ गई है। पानी भरे रहने के कारण गड्ढे व सड़कों का पता नहीं चल पता है और फिसल कर लोग गिर जाते हैं। सड़क किनारे कचरे की बदबू से भी लोगों का जीना मुहाल है। वहीं स्थानीय ग्रामीण भरत मल्लिक एवं बड़का मल्लिक ने बताया कि 20 से 25 दिन पूर्व हुए बारिश के कारण सड़क पर जलजमाव की समस्या के कारण परेशानी हो रही है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि सड़क किनारे नाला नहीं होने के कारण वार्ड 5 में जलजमाव की समस्या बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि वार्ड 5 में नाला निर्माण जरूरी है। दसौत पंचायत के मुखिया नटवर राय ने बताया कि यहां जलजमाव की समस्या बहुत दिनों से होता आ रहा है। जिससे लोगों को आने जाने में परेशानी होता है। जिसको लेकर कई बार अधिकारी एवं विधायक सांसद को भी जानकारी दिया गया है लेकिन अभी तक कोई व्यवस्था नहीं हुआ है जलजमाव निकासी का। नाला निर्माण से ग्रामीण एवं राहगीरों को आने जाने में सुविधा होगा।

# छात्र संवाद कार्यक्रम को लेकर छात्र राजद ने किया स्वागत समिति का गठन

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर शहर के कपूर्री आश्रम स्थित जिला राजद कार्यालय पर शुक्रवार को छात्र राजद की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। अध्यक्षता छात्र राजद के प्रदेश महासचिव मुकेश यादव ने की। बैठक को सम्बोधित करते हुए छात्र राजद के प्रदेश महासचिव मुकेश यादव ने कहा कि 30 जुलाई को रिमझिम रिसोर्ट मोहनपुर, समस्तीपुर में छात्र संवाद आयोजित किया जायेगा। जिसे छात्र राजद के प्रदेश अध्यक्ष गगन यादव सम्बोधित करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों के लिए स्वागत समिति का गठन किया गया है। मौके पर जिला राजद महासचिव रामविनोद पासवान, कार्यालय सचिव रोशन यादव, पंकज पोद्दार, सूरज यादव, सूरज पाठक, शिवम यादव, राकेश यादव, रोशन यादव, अखिलेश कुमार दास, सुमित ठाकुर, आर्यन यादव, अनिकेत यादव, रूपेश कुमार, किशन कुमार, दीपक यादव, कार्तिक यादव तथा शुभम राज आदि मौजूद थे।

# वार्ड सदस्यों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

सरायरंजन, प्रात : किरण संवाददाता

सरायरंजन प्रखंड के वाजिदपुर मेयारी में अवैध तरीके से योजनाओं का क्रियान्वयन एवं फर्जी हस्ताक्षर को लेकर वार्ड सदस्यों ने जिला पदाधिकारी को आवेदन देकर जांच की गुहार लगाई है। आवेदन में कहा गया है कि 31 जनवरी 2022 को पंचायत कार्यकारिणी की बैठक की गई थी। उसके बाद आज तक पंचायत में कार्यकारिणी की बैठक नहीं हुई। साथ ही मनमाने तरीके से योजनाओं का चयन कर निम्न स्तर की सामग्रियों को लगाकर कार्य किया जा रहा है। आवेदन में कहा गया है कि मुखिया द्वारा रजिस्टर पर भी हस्ताक्षर फर्जी तरीके से कराया गया है। इस संबंध में सभी वार्ड सदस्यों ने वरीय अधिकारी को आवेदन देकर जांचोपरांत उचित कार्रवाई की मांग की है। अगर एक सप्ताह के अंदर कार्रवाई नहीं हुई तो सभी वार्ड सदस्य सामूहिक रूप से इस्तीफा दे देंगे। आवेदन देने वालों में चंदन कुमार पासवान, पूनम देवी, काजल देवी, मनीष कुमार, गीता देवी, उदय शंकर शर्मा, सुरेश्वर राय आदि लोग के नाम शामिल हैं। वहीं मुखिया बिरजू राय का कहना है कि इस तरह की कोई बात नहीं है। मुझे बदनाम करने की कोशिश की जा रही है।

# ऊदापट्टी में श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ शुरू

सरायरंजन, प्रात : किरण संवाददाता

श्रीमद्भागवत महापुराण भगवान श्रीकृष्ण का साक्षात श्री विग्रह है। उक्त बातें कहीं श्रीमद्भागवत महापुराण के सुख्यात कथावाचक पंडित देवी कांत ठाकुर ने प्रखंड के ऊदापट्टी गांव अंतर्गत कीर्तन झा भवन परिसर में श्रीमद् भागवत कथा महायज्ञ समारोह को सम्बोधित करते हुए। विद्वान भक्त कथा वाचक श्री ठाकुर ने स्पष्ट किया कि भगवान श्री कृष्ण का साक्षात स्वरूप होने के कारण श्रीमद् भागवत महापुराण, श्रद्धालु श्रोताओं के लोक और परलोक के दोनों लाभों से लाभान्वित करता है। इससे पूर्व कुंवारी कन्याओं एवं श्रद्धालुओं के द्वारा स्थानीय पवित्र तालाब के निकट से कलश में गंगा जल भर कर शोभायात्रा के साथ यज्ञ मंडप स्थली पर पहुंचते ही, संपूर्ण क्षेत्र भगवान श्री कृष्ण के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। श्रीमद्भागवत महापुराण कथा महायज्ञ समारोह का कथा वाचक पंडित श्री देवी कांत ठाकुर ने महायज्ञ के मुख्य यजमान श्रीमती योगमाया देवी एवं श्री कीर्तन झा के द्वारा विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ शुभारंभ किया गया। मौके पर मधुकांत झा, गंगाधर झा साहेब झा, विनोद कुमार झा, सच्चिदानंद झा, रामानंद झा, राजाराम झा, हरे राम झा, योगमाया देवी, आशा देवी, बेबी कुमारी, सुनीता देवी, शंकर सुमन, अंजनी सुमन, प्रिया सुमन, सपना कुमारी, आलोक कुमार, साकेत कुमार, मुरली कुमार, छोटू कुमार आदि के द्वारा सक्रिय सहयोग किया जा रहा है।

# स्नान करने के दौरान नदी में लापता छात्र का दूसरे दिन मिला शव

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड क्षेत्र के पतैलिया दियानतपुर गांव स्थित शिवजी घाट बूढ़ी गंडक नदी में गुरुवार को स्नान करने के दौरान लापता छात्र नमन कुमार का शव दूसरे दिन रामपुर पुल के निकट से बरामद किया गया। जिसके बाद पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया है। बता दें कि रामपुकार चौरसिया के 14 वर्षीय पुत्र नमन कुमार जो सातवीं कक्षा के छात्र था।

गुरुवार की दोपहर अपनी दादी के साथ बूढ़ी गंडक नदी में स्नान करने गया। जहां गहरे पानी में चले जाने के कारण लापता हो गया।

जिसकी सूचना प्रशासन को दी गई। आपदा प्रबंधन के सरकारी गोताखोर व स्थानीय गोताखोर के दिन भर के मेहनत के बावजूद भी मृतक के शव को बरामद नहीं किया जा सका। वहीं शुक्रवार की अहले सुबह रामपुर पुल के निकट उक्त छात्र की शव नदी में उपलाते मिलने की सूचना लोगों ने पतैलिया पंचायत के लोगों व विभूतिपुर थाना को दी। जिसके बाद पुलिस व परिजन वहां पहुंचे। वहीं प्रारंभिक प्रक्रिया के बाद पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया।

# हथौड़ी में मोहर्रम को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च

प्रात : किरण संवाददाता

शिवाजीनगर, समस्तीपुर। हथौड़ी थाना क्षेत्र के रहटौली, बल्लीपुर, परशुराम, समेत विभिन्न इलाकों में मुहर्रम पर्व को लेकर थाना अध्यक्ष मोनू राय के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारियों द्वारा पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। मोहर्रम पर्व को देखते हुए विधि व्यवस्था को लेकर शुक्रवार को संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च किया गया। ब्लैकमार्ट के दौरान पुलिस पदाधिकारी द्वारा मुस्लिम समुदाय के लोगों को मुहर्रम पर्व के दौरान किसी भी प्रकार के जुलूस या डीजे नहीं बजाएं। किसी भी सार्वजनिक स्थल पर भीड़ भाड़ नहीं लगाएं। किसी भी प्रकार का विवाद नहीं करने का निर्देश दिया गया। मौके पर अपर थाना अध्यक्ष रमेश कुमार, प्रशिक्षु एसआई राहुल कुमार, कुंदन कुमार, समेत सभी पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

# आशा व आशा फैसिलिटेटर की हड़ताल 17वें दिन भी जारी

प्रात : किरण संवाददाता

शिवाजीनगर प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शिवाजीनगर परिसर चल रहा आशा एवं आशा फैसिलिटेटर का अनिश्चितकालीन हड़ताल 17वें दिन यानी शुक्रवार को भी जारी रहा। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य द्वार को घेकर आशा एवं आशा फैसिलिटेटर ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। धरना स्थल पर आशा एवं आशा फैसिलिटेटर ने गैस चूल्हा और बर्तन लाकर खाना बनाया और सभी ने मिलकर खाया। हड़ताल से अस्पताल में ओपीडी पोलियो समेत कई अन्य तरह का कार्य ठप रहा। हड़ताल का नेतृत्व कमल सिन्हा, ममता मिश्रा, शशि कला कुमारी, कामिनी कुमारी, संयुक्त रूप से किया। कोषाध्यक्ष कमल सिंह ने बताया कि जब तक हमारी 9 सूत्री मांग सरकार नहीं मानेगी तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे रहेंगे। मौके पर संगम कुमारी, फुल कुमारी, नीलम शर्मा, प्रतिभा कुमारी, बीना मंडल, दीपमाला, चमेली देवी, रूबी देवी, अनीता देवी, नीलम देवी, शांति देवी, किशन देवी, रीता कुमारी, सुनीता कुमारी, आशा कुमारी, कामिनी कुमारी, रूपा कुमारी समेत आशा एवं आशा फैसिलिटेटर मौजूद थे।

# जिप प्रतिनिधि के प्रयास से 24 घंटे के अंदर दो पंचायत के 22 लोगों का बना राशनकार्ड

प्रात : किरण संवाददाता

झाझा-राशन कार्ड से वंचित रह रहे केशोपुर ,हथिया पंचायत दर्जनभर से अधिक लोगों को जिला परिषद प्रतिनिधि राकेश सिंह के प्रयास से 24 घंटे के अंदर राशनकार्ड बनने पर दोनो पंचायत के लोगों के चेहरे पर खुशी आई है।जिप प्रतिनिधि ने बताया कि दोनो पंचायत के महादलित टोला मे रहने वाले कई लोगों का राशन कार्ड नही बनने के बाद कई तरह के सरकारी योजनाओं से ये लोग वंचित थे।जिसके बाद एसडीओ से इस संदर्भ मे संपर्क किया गया जिसके बाद एसडीओ के आदेशानुसार 24 घंटा मे 22 लोगों का राशन कार्ड बना।जिप प्रतिनिधि ने आगे बताया कि केशोपुर पंचायत के मुसहरी टोला मे पेयजल,राशनकार्ड,आवास योजना के बारे मे लगातार लोगों के द्वारा आवाज उठाने का काम किया जा रहा था जिसके बाद लोगों की समस्या सुनते हुये सर्वप्रथम राशनकार्ड बनवाया गया है।अब जल्द ही इस टोला मे शुद्ध पेयजल की व्यवस्था भी करवाया जायेगा।इसके अलावे पूर्व मे जो आवास यहां के लोगों को मिला था वह अब जर्जर की स्थिति मे पहुँच चुका है ऐसे मे पदाधिकारी से पुनःआवास योजना का लाभ भी लोगों को दिलवाने के लिये आगे का कार्य किया जायेगा।वही ग्रामीणों ने गांव के बच्चों के लिये आंगनबाड़ी दिये जाने की मांग किया है ताकि बच्चे दादपुर रेलवे लाईन और एनएच रोड पार कर बच्चे दूसरे आंगनबाड़ी मे पढ़ने के लिये नही जाये।इस समस्या पर जिप प्रतिनिधि ने कहा कि इस समस्या कोलेकर जिला के वरीय पदाधिकारी से मुलाकात करेगे।

# मदन शर्मा को बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड का सदस्य मनोनीत होने पर समाज में हर्ष की लहर

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ नेता व आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. हेम नारायण विश्वकर्मा ने बिहार सरकार द्वारा जेपी सेनानी व राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव मदन शर्मा को बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड का सदस्य मनोनीत करने पर हर्ष व्यक्त किया है,और कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने लंबे समय से राजनीतिक हिस्सेदारी से वंचित रहने वाला बढ़ई विश्वकर्मा समाज को एक छोटा सा ही स्थान देकर सामाजिक न्याय की धार को मजबूत करने का काम किया है। हर्ष व्यक्त करने वालों में संघ के जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा महेश शर्मा वेद प्रकाश शर्मा पवन डॉ.सुरेंद्र कुमार डॉ.रविन्द्र नाथ शर्मा महेश कुमार शर्मा प्रमोद कुमार शर्मा राकेश शर्मा मिथिलेश कुमार शर्मा रत्नेश शर्मा संजय शर्मा रामनाथ शर्मा डॉ.राज किशोर शर्मा शत्रुघ्न शर्मा भोला ठाकुर प्रभाकर कुमार शर्मा रंजीत कुमार शर्मा राजेश रंजन शर्मा विकाश कुमार शंकर शर्मा नरेंद्र शर्मा श्रीनारायण शर्मा तरुण कुमार शर्मा रामबाबू शर्मा मनोज कुमार शर्मा श्रीनाथ शर्मा रविंद्र शर्मा गरीब नाथ शर्मा शुखलाल शर्मा निशांत कुमार।

# मुहर्रम जुलूस में लहराया राष्ट्रध्वज तिरंगा देश के राष्ट्र भक्ति का दिखा जज्बा

- आपसी भाई चारे विश्व मे शांति का दिया संदेश

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर क्षेत्र में मुहर्रम पर्व को लेकर शुक्रवार को शहरी क्षेत्र में मुस्लिम समुदायों के लोगों के द्वारा तिरंगा के साथ जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में बच्चों युवाओं युवतियों महिलाओं ने भाग लिया। शहरी क्षेत्र में थाना टोला भेलवा टोला राजपुताना मुहल्ला छपकी टोला और बलडिहा समेत अन्य अखाड़ों में कमिटी शहरी और गांव के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जुलूस के माध्यम से हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई पर एकता का प्रतिक को देशभक्ति अंदाज में निखारने का काम किया तो चन्द्रयान मिशन 3 शक्ति परीक्षण सारे जहाँ से हिंदुस्तान हमारा, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विश्व शक्ति में उभड़ता भारत आत्मनिर्भरता की ओर भारत भारत की शक्ति को उभारने का काम किया गया महिला सुरक्षा समेत कई झांकिया जागरूकता का संदेश देते हुए आकर्षण का केंद्र बना रहा। जुलूस में मुस्लिम समुदाय के साथ हिन्दू समुदाय के लोगों ने भी भाग लेकर कौमी एकता का परिचय दिया।विभिन्न अखाड़े के कमिटियों के द्वारा कई झांकीयां निकाली गई और नफरत को मिटा कर आपसी भाई चारे विश्व मे शांति का पैगाम देने को दशार्या गया। कई अखाड़ा के झांकी में आजादी के अमृत महोत्सव पर तिरंगा झंडा हर घर तिरंगा को प्राथमिकता दी गयी। झांकी के माध्यम से सभी को शिक्षा मिले और शिक्षित समाज हो का सन्देश दिया। जबकि स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी चिकित्सकों की भुमिका भी दिखाई गई है। नशा पान नहीं करने की भी अपील झांकी के माध्यम से दी गई। जुलश के दौरान जगह जगह चपे चपे पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी जुलश के साथ पुलिस प्रशासन की टीम भी साथ चल रही थी। विभिन्न अखाड़ा से निकलने वाले जुलूस में एसडीएम वीरेंद्र कुमार, डीएसपी विपल्व कुमार,अपर एसडीएम गोविंद कुमार, थाना अध्यक्ष आशुतोष रंजन , ईओ डॉ. इन्द्र कुमार मण्डल, बीडीओराजीव रंजन कुमार ,सीओ अभिनव राज थाना के पुलिस पदाधिकारी के निगरानी में भारी संख्या में सुरक्षा को लेकर मजिस्ट्रेट पुलिस एवं एसएसबी बल तैनात किया गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### इटवा पुल के यात्री सेड से एक अज्ञात व्यक्ति की शव मिलने से सनसनी

थाव। थावे थाना के इटवा पुल से अहले सुबह थावे पुलिस एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया। इटवा पुल के यात्री सेड में अज्ञात शव मिलने से आसपास में सनसनी फैल गई। यात्री सेड में पड़े शव को देखने के लिए आसपास की लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना थावे पुलिस को दी। मौत की सूचना मिलने पर मौके पर थाने के एसआई महेंद्र कुमार सिंह अपने पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल करते हुए। पुलिस ने खून से लदफद 55 वर्षीय एक मृत अज्ञात व्यक्ति की शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। फिलहाल उसकी पहचान नही हो सका है। वही इटवा पुल के आसपास के दुकानदारों ने बताया की मृत व्यक्ति गुरुवार की शाम आकर होटल में समोसा खाया। उसके बाद सेड में सोने चला गया। सुबह में लोगों ने देखा की मृत अवस्था में सेड में पड़ा हुआ है। थानाध्यक्ष शशि रंजन कुमार ने बताया की उसके पास से पुलिस को कोई सामान नही बरामद हुआ है। शव की पोस्टमॉर्टम कराने के बाद पहचान के लिए थाना परिसर में रखा गया है।

### बूथ मजबूत करने को लेकर भाजपा की बैठक

गोपालगंज । जिले के कुचायकोट प्रखंड के तिवारी मटिहनिया पंचायत के अमवा विजयपुर गांव में बूथ की सशक्तिकरण को लेकर मंडल अध्यक्ष चंदन तिवारी ने बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक की। इसमें प्रधानमंत्री द्वारा किए गए जनहितकारी कार्यों तथा योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई इसके अलावा कार्यकताओं को यह निर्देश भी दिया गया है कि वे प्रधानमंत्री की लोकहितकारी योजनाओं के बारे में हर घर तक जाते हुए ग्रामीणों को जानकारी दें। हमें घर-घर तक जाकर योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचानी हैं। कार्यकताओं को बूथ की ग्रेडिंग करने, नए मतदाताओं को जोड़ने, पन्ना प्रमुख के साथ बैठक, बूथ पर व्हाट्सएप ग्रुप नमो एवं सरल ऐप डाउनलोड करवाना मन की बात का सभी बूथों पर प्रसारित करवाना इसके लिए बैठक की गई ।बैठक में मंडल अध्यक्ष चंदन तिवारी ,सुभाष तिवारी ,विद्या पांडे ,चंदन चैहान ,धर्मदेव साह ,शिवम तिवारी, अमरीश कुमार ,मदन मोहन तिवारी ,सिकंदर चैहान, निप्पू साह ,योगेंद्र तिवारी ,बृजकिशोर तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

### महैचा में बिजली चोरी मामले में दो के विरुद्ध प्राथमिकी

उचकागावं। उचकागांव मीरगंज नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत थाना क्षेत्र के महैचा गांव में बिजली विभाग के मीरगंज प्रशाखा के जेई राहुल पटेल के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान दो लोगों को बिना कनेक्शन लिए चोरी से बिजली का प्रयोग करते पाया गया। मामले में जेई राहुल कुमार के आवेदन पर महैचा गांव के वार्ड नंबर 11 निवासी रवि सोनी और पप्पू कुमार सिंह के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

### शराब के अलग-अलग मामले में तीन गिरफ्तार, दो बाइक जब्त

भोरे । भोरे थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग जगहों पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में दो बाइक को जब्त किया गया है, जबकि 251 बोतल शराब भी बरामद किया गया है। पुलिस ने पहली कार्रवाई थाना क्षेत्र के गंगा मोड़ पर की। जहां इमिलिया गांव के शैलेश कुमार को गिरफ्तार किया गया। उसकी बाइक से 159 बोतल शराब बरामद हुआ। वहीं दूसरी कार्रवाई थाना क्षेत्र के बगहवां गांव में हुई जहां 98 बोतल शराब के साथ भोरे थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी संदीप कुमार तथा खामपार थाना क्षेत्र के छपिया गांव के अमृत कुमार को गिरफ्तार किया गया। उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दोनों को जेल भेज दिया गया।

### भोरे के अनुप ने सीडीपीओ बनकर जिले का नाम किया रोशन

भोरे। भोरे गांव निवासी कमलेश्वर प्रसाद के पुत्र अनूप कुमार जायसवाल सीडीपीओ के पद पर चयनित हुए हैं। उनके चयन पर प्रखंड के शिक्षक समाजसेवी व जन प्रतिनिधियों ने खुशी जाहिर करते हुए अनूप के उज्जवल भविष्य की कामना की है। जिसमें प्रमुख रूप से भोरे प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष सह लामीचैर पंचायत के मुखिया मोहन कुमार सिंह, समाजसेवी शत्रुघ्न मद्धेशिया, अशोक सिंह, शिक्षक अशोक मिश्र, अंगद कुमार जायसवाल, अनुज पाण्डेय आदि शामिल हैं। वहीं बता दें कि अनूप बचपन से ही मेधावी छात्र रहे हैं। उन्होंने दसवीं की परीक्षा गांधी स्मारक उच्च विद्यालय भोरे से की जबकि वाराणसी से इंटर एवं गाजियाबाद से बीटेक व एमटेक की पढ़ाई की है। इसके बाद अनूप ने बिहार लोक सेवा आयोग से चयनित होकर प्रदेश में छठवां रैंक हासिल किया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है।

# मोहर्रम के चौका मिलान के क्रम में हाई वोल्टेज के चपेट में आने से 10 झुलसे

उचकागांव प्रात : किरण संवाददाता

उचकागांव थाना क्षेत्र के हरपुर पूरब टोला से धर्मचक गांव जाने वाले पथ पर हरपुर सफी टोला पुल पर मुहर्रम पर्व के चौका मिलान के क्रम में हाई वोल्टेज तार के चपेट में आने से 10 लोग बुरी तरीके से झुलस गए। जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की सुबह हरपुर सफी टोला में मुख्य पथ पर मुहर्रम पर्व के चैका मिलान को लेकर पूर्व की तरह हरपुर सफी टोला, हरपुर पूरब टोला और धर्मचक गांव के युवक लाठी, डंडा, हरा बांस व पेड़ों की टहनी, लोहे की पाइप आदि लेकर जुलूस में पहुंचे हुए थे।

प्रशासन की रोक के बावजूद जुलूस में शामिल युवक हरपुर सफी टोला मुख्य पथ पर स्थित पुल पर चौका मिलान कर रहे थे। इसी दौरान कुछ युवक के हाथ में लिए गए हरे बांस, पेड़ों की टहनियां, लोहे के पाइप आदि का संपर्क सड़क के ऊपर से गुजरे हुए हाई वोल्टेज तार में हो गया। जिसके बाद करंट झुंड में हसई बलई और या अली के नारे लगा रहे युवकों के बीच गुजर गया। जिसके चपेट में आने से 10 लोग बुरी तरीके से झुलस गए। स्थानीय लोगों और प्रशासन के सहयोग से घटना में जख्मी थाना क्षेत्र के हरपुर गांव के जियाउल अली, नौशाद अली, अल्ताफ मियां, आशिक अली, इकबाल अली, मेंहदी आलम, सैफ अली, सुहैल अली, लक्की अली और तौकीर अली को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज करने के बाद सभी पीड़ितों को डॉक्टरों ने बेड रेस्ट का निर्देश देते हुए घर भेज दिया ।घटना के बाद से पीड़ितों के घर पर त्यौहार की खुशी मायूसी में बदली हुई है। थानाध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह ने बताया कि हरपुर सफी टोला में चैका मिलान को लेकर थाने के एसआई छोटेलाल पासवान व पुलिस बल के जवानों को तैनात किया गया था। चैका मिलान के लिए ग्रामीणों ने जुलूस निकालने के लिए पुलिस को कोई सूचना भी नहीं दी थी। जुलूस लेकर पहुंचे ग्रामीणों को पुल पर चैका मिलान करने के लिए प्रशासन द्वारा रोका जा रहा था। इसके बावजूद भी कुछ युवक पुल पर चौका मिलान करने लगे एवं उनके हाथ में लिए गए हरे बांस, पेड़ की टहनी व लोहे की पाइप के हाई वोल्टेज तार की चपेट में आने से झुंड में करंट दौड़ने से 10 लोग चपेट में आ गए हैं। जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से इलाज कराने के बाद सभी पीड़ितों को डॉक्टरों ने घर भेज दिया है। वैसे पूरे घटनाक्रम पर नजर रखी जा रही है।

## गोपालगंज रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रबंध समिति का हुआ चयन

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

स्थानीय अंबेडकर भवन में रेड क्रॉस सोसाइटी गोपालगंज की वार्षिक बैठक उप निर्वाचन पदाधिकारी शशिप्रकाश राय की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से 25 सदस्यीय प्रबंध समिति का चयन किया गया। यह चयन भरे गये नामांकन पत्र के आधार पर किया गया। इसमें चयनित होने वाले ज्योति प्रकाश वर्णवाल, तारकेश्वर प्रसाद, राघव पाण्डेय, अनिल कुमार श्रीवास्तव, कृपाशंकर श्रीवास्तव, उपेन्द्रनाथ उपाध्याय, नवी अहमद, मिथिलेश तिवारी, सुनील कुमारी तिवारी, ललन मांझी, धीरेन्द्र कुमार मिश्रा, परशुराम श्रीवास्तव, रामाशंकर कुंवर, अवधेश कुमार राजन, संजीव कुमार पिंकी, संजय कुमार अभय, हरेन्द्र कुमार मिश्रा, परमेश्वर प्रसाद, विनोद कुमार तिवारी, महम्मद मुस्तफा, डॉ। प्रकाश चन्द्र सिन्हा, अखिलानंद मिश्रा, सुधीर कुमार, कुमार संजय शामिल है। जिला पदाधिकारी डॉ। नवल किशोर चैधरी के साथ चयनित प्रबंध समिति निर्धारित किए जाने वाले बैठक में शामिल होकर चैयरमेन, वायस चैयरमेन, कोषाध्यक्ष एवं सचिव के पदों पर कमिटि का गठन किया जाएगा। उप निर्वाचन पदाधिकारी शशि प्रकाश राय ने कहा कि ब्लड डोनेसन और आपदा के समय इस संस्था के द्वारा बड़े पैमाने पर बढ़ चढकर भाग लिया जाता है। इससे आगे बढकर नवचयनित सदस्यों से आशा है कि सेवा भाव से समाज में इस संस्था का नाम आगे बढायेंगे। जबकि वरिष्ठ पत्रकार वरूण कुमार मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए नवचयनित सदस्यों से गोपालगंज के लोगो की समय-समय से सेवा प्रदान करने की आशा जतायी।

## खेत पटवन के दौरान लो वोल्टेज को लेकर किसान की पीट-पीट कर हत्या

उचकागावं प्रात : किरण संवाददाता

उचकागांव थाना क्षेत्र के मनबोध परसौनी गांव के पश्चिम टोला में एक किसान की बिजली से धान की फसल पटवन करना महंगा पड़ गया। इस दौरान लो वोल्टेज की समस्या से आक्रोशित आरोपितों ने किसान की पीट-पीटकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि थाना क्षेत्र के मनबोध परसौनी गांव के स्वर्गीय स्वामीनाथ चैधरी के 62 वर्षीय बेटे रविंदर चैधरी उर्फ रमेंद्र चैधरी सूखे की मार से धान की फसल को बचाने के लिए शुक्रवार की सुबह घर के समीप स्थित बोरिंग पर इलेक्ट्रिक मोटर पंप से सिंचाई कर रहे थे। परंतु इलेक्ट्रिक मोटर पंप चालू करने के साथ ही टोले के घरों में जाने वाली बिजली लो हो जा रही थी। इसी मामले को लेकर गांव के ही कुछ लोगों का किसान रविंद्र चैधरी से विवाद शुरू हो गया। इसी दौरान आरोपितों ने किसान रविंद्र चैधरी की जमकर पिटाई कर दी। जिसे स्वजन ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने जख्मी किसान को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद से मृतक के घर पर चीख-पुकार मची हुई थी। इस दौरान मृतक की पत्नी, बेटे अजय यादव, सुशील यादव सहित पूरे परिवार का रो रोकर बुरा हाल था। जिसे मनाने के लिए आसपास के लोग लगे हुए थे। समाचार लिखे जाने तक मामले में थाने में कोई प्राथमिकी नहीं कराई गई थी। पुलिस अपने स्तर से मामले में जांच कर रही है।

**मनबोध परेशानी में डबल फेज बिजली रहती तो नही होती किसान की हत्याः** उचकागांव थाना क्षेत्र के मनबोध परसौनी गांव में शुक्रवार की सुबह लो वोल्टेज बिजली के कारण पटवन कर रहे किसान की पीट-पीट कर हत्या के बाद बिजली विभाग पर भी सवाल खड़े हो रहे है। यदि मनबोध परसौनी गांव में बिजली विभाग ने डबल फेज से ग्रामीणों को बिजली उपलब्ध कराई रहती तो शुक्रवार की सुबह किसान रविंद्र चैधरी उर्फ रमेंद्र चैधरी की पीटकर हत्या नहीं हुई रहती। बताया जा रहा है कि थाना क्षेत्र के मनबोध परसौनी गांव के स्वर्गीय स्वामीनाथ चैधरी के 62 वर्षीय बेटे रविंद्र चैधरी उर्फ रमेंद्र चैधरी बिजली विभाग से पूर्व में ही बकायदा कनेक्शन लिए हुए थे और इलेक्ट्रिक मोटर पंप से खेतों की सिंचाई करते थे। शुक्रवार की सुबह भी वे अपने घर से कुछ दूर आरोपितों के घर के समीप स्थित बोरिंग पर इलेक्ट्रिक पंप सेट लगाकर अपने धान की फसल की सिंचाई कर रहे थे। इसी दौरान आरोपियों ने लो वोल्टेज का आरोप लगाकर उनकी पिटाई कर दी ।जिसे स्वजन ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि डबल फेज बिजली गांव में उपलब्ध रहती तो ग्रामीण लो वोल्टेज की समस्या से परेशान नहीं रहते और ना ही किसान रविंद्र चैधरी की हत्या हुई रहती।

**पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल बोर्ड का हुआ गठनः** उचकागांव थाना क्षेत्र के मनबोध परसौनी गांव में किसान रविंद्र चैधरी उर्फ रमेंद्र चैधरी की पीटकर हत्या मामले में जहां एक तरफ स्वजन गांव के कुछ आरोपितों के विरुद्ध पिटाई कर हत्या का आरोप लगा रहे थे। वही दूसरा पक्ष मृतक की हार्ट अटैक से मौत का आरोप लगा रहा था। मृतक के शरीर पर जख्म के कोई निशान नहीं पाए जाने पर थानाध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह के मांग पर सदर अस्पताल में मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया। जिसके निगरानी में मृतक रविंद्र चैधरी उर्फ रमेंद्र चैधरी के शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

## परीक्षा में नवोदय के छात्रों के हिंदी में बेहतर प्रदर्शन करने पर शिक्षक सम्मानित

उचकागांव। उचकागांव प्रखंड के बलेसरा स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा 10 के छात्रों के सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2023 में हिंदी में बेंच मार्क से भी अधिक अंक हासिल करने पर विद्यालय के शिक्षक रमाशंकर गुप्त को नवोदय विद्यालय समिति ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। बताया जा रहा है कि नवोदय विद्यालय समिति ने नवोदय विद्यालय के हाई स्कूल के छात्रों व उनके शिक्षकों के विषयवार प्रदर्शन को मापने के लिए बेंच मार्क निर्धारित किया था। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2023 में जवाहर नवोदय विद्यालय गोपालगंज के छात्रों ने हिंदी विषय में नवोदय विद्यालय समिति के बेंचमार्क से भी बेहतर प्रदर्शन किया। जिसको देखते हुए नवोदय विद्यालय समिति पटना संभाग के उपायुक्त हरी बाबू ने नवोदय विद्यालय गोपालगंज के हाई स्कूल के हिंदी शिक्षक रमाशंकर गुप्त को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। यह प्रशस्ति पत्र गुरुवार की सुबह विद्यालय के प्राचार्य सुधाकर शुक्ला व उप प्राचार्य पुष्पराज सिंह ने प्रातः कालीन सभा में शिक्षक रमाशंकर गुप्त को सौंप कर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान प्राचार्य ने अन्य शिक्षकों को भी उनसे प्रेरणा लेकर बेहतर प्रदर्शन करने का आवाहन किया।

## अल्पसंख्यकों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना मुख्य उदेश्यः राजू

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग के नव मनोनीत अध्यक्ष रेयाजुल हक राजू का पटना से गोपलगंज लौटने पर जोरदार स्वागत किया गया। अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद पहली बार गोपालगंज आगमन पर एन एच 27 पर राजपट्टी कोठी, मोहम्मद पुर, बरहिमा, बढ़ेया, कोइनी, दाना पुर तथा शहर के अरार मोड़ पर राजद कार्यकताओं और समर्थकों ने श्री राजू का जोरदार स्वागत किया।

स्वागत के उपरांत शहर के एक मैरेज हॉल में उनका नागरिक अभिनंदन किया गया। अभिनंदन समारोह में बोलते हुए श्री राजू ने कहा कि सरकारी योजनाओं के लाभ में अल्पसंख्यक समुदाय की भागेदारी बढ़ाने के हर संभव प्रयास किये जायेंगे। अल्पसंख्यक बहुल पंचायतों में सरकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुचाया जा सके। श्री राजू ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, आवास योजना तथा विभिन्न पेंसन योजनाओं की समीक्षा की जा रही है, इन सभी योजनाओं में अल्पसंख्यक समुदाय की समुचित भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि कब्रिस्तान घेराबंदी के अधूरे कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। समारोह को बैकुंठपुर के विधायक प्रेमशंकर प्रसाद, राजद के जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह, प्रधान महासचिव इम्तेयाज अली भुट्टो,उपाध्यक्ष सुरेश चैधरी, पिंटू पांडेय, सुनील कुमार बारी, फैज अकरम, नगर परिषद के चेयरमैन हरेंद्र कुमार चैधरी, मो सोनू, संतोष यादव, दिवाकर, यादव, मो कासिम, अरबिंद कुमार पप्पू आदि ने संबोधित किया।

## सेवा, सत्संग और साधना की त्रिवेणी है विहंगम योगः संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। सेवा, सत्संग और साधना की त्रिवेणी है विहंगम योग। विहंगम योग का ध्यान आंतरिक शांति का मार्ग प्रशस्त करता है। एक साधक जब सिद्धासन में बैठकर अपनी चेतना को गुरु उपदिष्ट भूमि पर केंद्रित करता है तो वह मानसिक व आत्मिक शांति का अनुभव करता है।

उक्त बातें विहंगम योग के संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज ने अमनौर प्रखंड के ढोरलाही कैथल में सद्गुरु आचार्य श्री स्वतंत्र देव जी महाराज के 76वें जन्मोत्सव के पावन अवसर आयोजित त्रिदिवसीय विहंगम योग समारोह एवं 2100 कुंडीय वैदिक महायज्ञ के द्वितीय दिवस पर उपस्थित हजारों भक्तों के मध्य व्यक्त किये। महाराज जी ने बताया कि आज मन पर नियंत्रण न होने से समाज में विसंगतियाँ बढ़ रहीं हैं। युनेस्को की एक प्रस्तावना कहती है कि युद्ध की प्राचीरें कुत्सित मन से निकलती हैं। अतः मन पर नियंत्रण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमारे मन में असीम शक्ति है। ईश्वर ने हमें बड़ी शक्तियों वाला अन्तःकरण दिया है। मानव के मन में अशांति है और जब तक यह अशांति है तब तक विश्व में शांति की कल्पना नहीं की जा सकती। मन की अशांति को विहंगम योग की ध्यान साधना के द्वारा दूर किया जा सकता है। बताया कि विहंगम योग की वैज्ञानिक क्रियात्मक साधना के द्वारा हम अपने अशान्त मन को क्रमशः नियंत्रित और संयमित करते हैं। विहंगम योग की प्रथम भूमि की साधना पर 192 इलेक्ट्रोड से परीक्षण किया गया है, जिससे यह पता चलता है कि हमारे मस्तिष्क की अल्फा तरंगे अत्यधिकरूप से वृद्धि को प्राप्त कर रही हैं और ऐसी तरंगे जिनसे तनाव बढ़ता हो, अस्थिरता हो, अनिर्णय की स्थिति हो, क्रोध बढ़ता हो ऐसी नकारात्मक तरंगे कम होने लगती हैं, न्यून होने लगती हैं। अल्फा के बढ़ने से शान्तिमय सचेत अवस्था का निर्माण होता है। साधक केवल शान्त ही नहीं है, बल्कि वह सचेत है, जागरूक है, जिसे वैज्ञानिकों ने कहा श्त्मेजनिसस ।समतजदमेश शान्तिमय सचेत अवस्था। विहंगम योग की साधना पंच श्रेणियों में विभक्त है। हमारे ऋषि कहते हैं। योग की पाँच भूमियाँ होती हैं। इसके पूर्व प्रातः 6 से 8 बजे तक शारीरिक आरोग्यता के निमित्त आश्रम के कुशल योग प्रशिक्षकों द्वारा आसन प्राणायाम एवं ध्यान का सत्र संचालित हुआ। जिसमे हजारों योग साधक गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, साइटिका, कमर दर्द, उदर विकार , अस्थमा, आदि अनेकों असाध्य रोगों से निजात पाने के लिए उपयुक्त आसन एवं प्राणायाम सीखे। शनिवार को दिन में 11 बजे से 2100 कुंडीय विश्वशांति वैदिक यज्ञानुष्ठान का शुभारंभ संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज एवं सद्गुरु आचार्य श्री स्वतंत्र देव जी महाराज के पावन सान्निध्य में अ अंकित श्वेत ध्वजारोहण कर किया जाएगा। इसके लिए भव्य एवं आकर्षण ढंग से यज्ञ वेदियों को सजाया गया है। हजारों दंपत्ति अपने व्यष्टिगत एवं समष्टिगत लाभ हेतु यज्ञकुंड में आहुति को प्रदान करेंगे।

## विश्व हेपेटाइटिस दिवसः संजीवनी इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल संस्थान में चलाया गया जागरूकता अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर जागरूकता अभियान चलाया गया। शहर के श्यामचक स्थिति संजीवनी इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल संस्थान में शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित कर पैरामेडिकल के छात्रों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम का उद्धघाटन शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डा अनिल कुमार, डा विशाल कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डा अनिल कुमार ने बताया कि कि हेपेटाइटिस का अर्थ लीवर में सूजन है। अगर लीवर में सूजन या लीवर डैमेज होता है तो उसके काम करने को क्षमता प्रभावित होती है। इस बीमारी के सबसे आम लक्षणों में त्वचा या आंखों की सफेद हिस्से का पीला पड़ जाना, बुखार आना, पेट मे दर्द, गहरे रंग का पेशाब आना, अत्यधिक थकान, भूख की कमी, जी मिचलाना और उल्टी का आना शामिल हैं।

इन लक्षणों को कभी भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए तथा लक्षण दिखने पर नजदीकी नागरिक अस्पताल में डाक्टर को जरूर दिखाएं। हेपेटाइटिस के वायरस पांच प्रकार के होते हैं, हैपेटाइटिस ए, बी, सी, डी व ई। हेपेटाइटिस ए व ई विषाणु जनित रोग हैं तथा इनका वायरस दूषित पानी व दूषित खाने से फैलता है। हेपेटाइटिस बी (काला पीलिया) का वायरस संक्रामक रक्त, वीर्य और शरीर के अम्ल तरल पदार्थो के संपर्क में आने से फैलता है। इसके अलावा यह वायरस संक्रमित सीरिजों के पुन उपयोग से, संक्रमित मां से बच्चों में व असुरक्षित यौन संबंधों से भी फैलता है। हेपेटाइटिस सी (काला पीलिया) का वायरस संक्रमित रक्त, संक्रमित रक्त उत्पाद, दूषित सूई, संक्रमित रेजर व टूथब्रश, असुरक्षित यौन संबंध अथवा संक्रमित चिकित्सीय उत्पादों से होता है। हेपेटाइटिस बी व सी के अंतिम चरण में सिरोसिस और लीवर कैंसर हो सकता है। वही डा विशाल कुमार ने कहा कि व्यक्ति साफ-सुथरा भोजन व पानी ग्रहण करें। किसी दूसरे व्यक्ति द्वारा इस्तेमाल की गई रेजर, सुई, टूथब्रश आदि इस्तेमाल ना करें, असुरक्षित यौन संबंधों से बचें, संक्रमित रक्त का प्रयोग ना करें, बच्चों का टीकाकरण समय पर कराएं।

इस मौके पर संजीवनी नर्सिंग होम एवं मेटरनिटी सेंटर में जन्में नवजात शिशुओं को हेपेटाइटिस-बी का टीका लगाया गया। और और दूसरे जगह से भी आए नवजात शिशुओं को हेपेटाइटिस-बी का टीका लगाया गया। इस मौके पर डा अनिल कुमार, डा विशाल कुमार चिंटू कुमार, धनंजय कुमार, रोमा कुमारी, शाहाना खातून, सोनी कुमारी, रौशनी कुमारी, अर्चना कुमारी, चंदा कुमार, प्रिया कुमारी, अमृता कुमारी, मौजूद थे।

## प्रेमी ने प्रेमिका के कहने पर उसके पति की कराई हत्या

छपरा। अमनौर थाना क्षेत्र अंतर्गत फाइनेंसर कर्मी की हत्या के मामले में पुलिस ने चार दिनों के अंदर एक बड़ी उपलब्धि हाशिल की है ।पुलिस ने थाना कांड संख्या 172/23 हत्या कांड मामले का उद्भेदन कर दो अपराधियो को किया गिरफ्तार कर लिया है ।अपराधी कोई दूसरा नही स्वयं पत्नी ने अपने प्रेमी से कह पति की कराई हत्या। पुलिस ने मृतक कुणाल की पत्नी काजल कुमारी व इनके प्रेमी भेल्दी थाना के पचरुखी नारायणपुर गांव निवासी रंजीत सिंह के पुत्र धीरज सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना में प्रयुक्त अपाची गाड़ी को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है पर शूटर फरार है। थाना अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार ने बताया कि फाइनेंसर कर्मी कुणाल कुमार सिंह की हत्या उजला रंग के आपची से सवार होकर भेल्दी थाना के फिरोजपुर गांव निवासी शिव कुमार सिंह के पुत्र ओम प्रकाश सिंह उर्फ लिलुआ ने देशी कट्टा से पीछे से गोली मारकर हत्या को अंजाम दिया है। पुलिस ने इस कांड में तकनीकि शाखा एसआईटी टीम व अन्य पुलिस दल को गठित की गई। टावर लोकेशन एवम सीडीआर अन्य साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने अपराधियो के तह तक पहुँच गिरफ्तार किया है। मालूम हो कि मृतक कुणाल सिंह की पत्न ी काजल कुमारी शादी के बाद ज्यादातर मायके रहती थी ।भेल्दी के नारायणपुर गांव में इनका दूर का सम्बंध था ।जिसके द्वारा दोनों का प्रेम सम्बन्ध बना ।कई वर्षो से यह प्रेम प्रसंग चल रहा था। काजल अपने प्रेमी धीरज कुमार सिंह से फेस बुक व्हाट्सप फोन से लगातार बात चीत करते रहते थे। दोनों का प्रेम परवान चढ़ने लगा ।इसी बीच धीरज कुमार सिंह काजल को शादी करने का दबाव बनाया। तभी काजल ने कही मेरा बच्चा है पति है हमलोग कैसे शादी कर सकते है ।जब तक मेरा पति हटेगा नही तब तक हम कुछ नही कर पाएंगे ।मृतक कुणाल सिंह आरा में फाइनेन्सर का काम करता था। सप्ताह में शनिवार को घर लौटता सोमवार को सुबह लौट जाता था ।घटना के एक सप्ताह पूर्व कुणाल की पत्नी वर्षो बाद ससुराल आई थी। वह भी बच्चे का बैधनाथ धाम जाकर मनौती चढ़ाने के लिए ।लेकिन इसी बीच क्या होना था। पत्नी को सब पता था पर परिजन अनजान थे ।मालूम हो कि धीरज सिंह कुणाल सिंह को मारने के लिए दिनांक 21 जुलाई व 22 जुलाई को भी पालनिग कर हत्या करने गया था ।परन्तु प्लान सफल नही होने के कारण वापस आ गया। कुणाल 24 को आरा जाने के लिए घर से निकला। तभी काजल ने फोन कर प्रेमी को सब कुछ बता दिया। कहा कि मेरा पति निकल चुका है ।इसका काम तमाम कर दो। इसी पर धीरज ने ओम प्रकाश सिंह उर्फ लिलुआ को तीन हजार रुपया पर बात कर कुणाल को मारने का प्लान सेट कर दिया।

## भाजपा ने की शक्ति केन्द्र की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। छपरा नगर भाजपा के द्वारा शक्ति केंद्र की बैठक एसडीएस पब्लिक स्कूल कटरा नवाजी टोला पर किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल महामंत्री अनुप यादव के अध्यक्षता में हुआ, बैठक की शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉश्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित सभी कार्यकताओं द्वारा किया गया , वंदे मातरम से बैठक की शुरूआत किया गया। बैठक में मुख्य रूप से बुथ, कमेटी के गठन, पन्ना प्रमुख ,नये मतदाताओं का नाम जोड़ने का कार्य चल रहा है इन सभी विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रचार्य अरुण कुमार सिंह ने कहा कि पार्टी बूथ को मजबूत करने के लिए कृत संकल्प है , पार्टी इन विषय पर गम्भीरता से लिया है। इन सभी कार्य के लिये हम हमेशा उपलब्ध है हमे पार्टी द्वारा दिये हुए कार्य को समय पर पूरा करेंगे ।छपरा विधानसभा में किसी भी बुथ पर हमारी जरूरत है तो हम हरसंभव तैयार है ।भाजपा केवल वोट के लिए राजनीति नहीं करती है ।जनता के हर सुख दुख की चिंता करती हैं ,भाजपा के लिए देश सर्वोपरि है। भाजपा के मुख्य प्रवक्ता विधानसभा संयोजक धर्मेंद्र सिंह चैहान ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी का अभियान शुरू किया गया मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम को हम सभी कार्यकर्ता इस कार्य को आगे बढ़ाएंगे ,बुथ जीतेंगे तो चुनाव जीतेंगे। मुख्य प्रवक्ता धर्मेंद्र सिंह चैहान ने कहा राज्य में बढ़ते अपराध से चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जब राज्य में सांसद ,विधायक सुरक्षित नहीं है तो जनता क्या सुरक्षित रहेंगे अपने अधिकार के लिए जनता के मांग करने वाले पर भी गोली मारकर जनता के बीच दहशत पैदा किया जा रहा है भारतीय जनता पार्टी राज्य के हर समस्या के लिए जनता के साथ खड़ी है। बैठक में मुख्य रूप से मंडल उपाध्यक्ष विनोद सिंह, रविन्द्र पाठक ,अनिल प्रसाद अशफीलाल शर्मा, रवि भूषण हसमुख,बिहारी प्रकाश गुप्ता, आदित्य कुमार, राकेश सिंह ,मुन्ना कुमार, मनु कुमार,दीपक गुप्ताआदि सभी बूथ के अध्यक्ष एवं बुथ पालक बैठक में शामिल हुए कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष मंडल उपाध्यक्ष शालू मिश्रा ने किया।

## छपरा में तीसरे रोटरी क्लब ऐवान-ए-छपरा की स्थापना

छपरा। रोटरी महज एक क्लब नहीं बल्कि एक विचारधारा है। यह एक अंतरराष्ट्रीय परिवार है। जो पूरे विश्व में कल्याण का कार्य कर रहा है. पोलियो का पूर्ण उन्मूलन इसका एक उदाहरण है. उक्त बातें रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संजीव कुमार ठाकुर ने छपरा के तीसरे रोटरी क्लब ऐवान-ए-छपरा के इंस्टॉलेशन (स्थापना) समारोह में चार्टर प्रस्तुत करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि रोटरी में प्रवेश करते ही हम एक वैश्विक परिवार के सदस्य हो जाते हैं। हम पर जहां संस्था की जिम्मेवारी आती है वहीं संस्था भी दुनिया के किसी भी कोने में हमारा ख्याल रखती है। उन्होंने रोटरी के सर्विस एबॉव सेल्फ पर प्रकाश डालते हुए उसके अधिक

सम्पादकीय

## टकराव के रास्ते पर केन्द्र

लगता है कि मणिपुर में जारी हिंसा और महिलाओं के साथ हुए व्यापक उत्पीड़न के सवालों पर चौतरफा घिरे हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अब भी राज्यों के साथ सौहार्द्रपूर्ण सम्बन्ध बनाये रखने की जरूरत महसूस नहीं हो रही है और उन्हें शायद राज्यों के साथ, खासकर जहां विरोधी दलों की सरकारें हों, टकराव व मनमुटाव का ही रास्ता बेहतर लगता है। नौ वर्षों का उनका कार्यकाल ऐसे अनेक दृष्टांतों से भरा पड़ा है। ताजा उदाहरण गुरुवार को देखने को मिला जब मोदी राजस्थान के दौरे पर गये थे। मेडिकल कॉलेज के उद्घाटन तथा अन्य कार्यक्रमों के लिये निर्धारित इस कार्यक्रम में राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पहले आमंत्रित किया गया था और उन्हें स्वागत के लिये तीन मिनट दिये गये थे। आश्चर्य कि आखिरी क्षणों में उनका नाम हटा दिया गया।

गहलोत ने इस आशय के एक ट्वीट के माध्यम से पीएम और केन्द्र सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि चूंकि उनका भाषण काट दिया गया है इसलिये वे प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित नहीं हो रहे हैं परन्तु इस ट्वीट के माध्यम से मोदी का राजस्थान में तहेदिल से स्वागत करते हैं। दूसरी तरफ प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से इस पर जवाबी ट्वीट जारी किया गया। जिसमें कहा गया कि केंद्र सरकार के सीकर में दो अलग-अलग आयोजन हो रहे हैं। इनमें एक सरकारी कार्यक्रम है और एक पार्टी कार्यक्रम है। सरकारी कार्यक्रम इसलिए आयोजित किया गया है कि सीएम भाग ले सकें। हालांकि वे (गहलोत) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीकर में प्रत्यक्ष तौर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होना चाहते थे जो सामान्य प्रिंक्रया या प्रोटोकॉल के अनुसार नहीं है। पीएमओ के अनुसार मुख्यमंत्री कार्यालय से यह सूचना मिली थी कि गहलोत की तबियत खराब होने के कारण वे इसमें भाग नहीं ले पायेंगे। इसमें कहा गया कि, प्रधानमंत्री की राजस्थान में की गई पूर्व यात्राओं में भी आपको बुलाया गया था और आपने इन कार्यक्रमों की शोभा अपनी उपस्थिति से बढ़ाई थी। आज के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आपका स्वागत है। आपका नाम विकास कार्यों की नाम पट्टिका पर भी दर्ज है। आपको यदि हाल ही में लगी चोट के कारण कोई शारीरिक परेशानी न हो, तो आपकी उपस्थिति को बहुत महत्व दिया जाएगा।

नाराज मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री पर तंज करते हुए कहा कि आज हो रहे 12 मेडिकल कॉलेजों के लोकार्पण और शिलान्यास राजस्थान सरकार व केन्द्र की भागीदारी का परिणाम है। इन मेडिकल कॉलेजों की परियोजना लागत 3,689 करोड़ रुपये है जिसमें 2,213 करोड़ केन्द्र का और 1,476 करोड़ राज्य सरकार का अंशदान है। मैं राज्य सरकार की ओर से भी सभी को बधाई देता हूं। गहलोत ने ये भी कहा कि वे इस कार्यक्रम में अपने भाषण के माध्यम से जो मांगें रखते, वे इस ट्वीट के माध्यम से रख रहे हैं। उन्होंने फिर व्यंग्य करते हुए कहा कि उम्मीद करता हूं कि 6 महीने में की जा रही इस सातवीं यात्रा के दौरान आप इन्हें पूरी करेंगे।

वैसे गहलोत ने जो मांगें रखीं वे मुख्यतः इस प्रकार हैं- राजस्थान खासकर शेखावटी के युवाओं की मांग पर अग्निवीर स्कीम को वापस लेकर सेना में परमानेंट भर्ती पूर्ववत जारी रखी जाए, राज्य सरकार ने अपने अंतर्गत आने वाले सभी को-ऑपरेटिव बैंकों से 21 लाख किसानों के 15,000 करोड़ रुपये के कर्ज माफ किए हैं। राजस्थान ने केन्द्र सरकार को राष्ट्रीयकृत बैंकों के कर्ज माफ करने के लिए वन टाइम सैटलमेंट का प्रस्ताव भेजा है जिसमें किसानों का हिस्सा राज्य देगा अतः इस मांग को पूरा किया जाए। राजस्थान विधानसभा ने जातिगत जनगणना के लिए संकल्प पारित कर भेजा है इसलिये केन्द्र सरकार इस पर अविलंब निर्णय ले। एनएमसी गाइडलाइंस के कारण हमारे तीन जिलों में खोले जा रहे मेडिकल कॉलेजों में केन्द्र सरकार से कोई आर्थिक सहायता नहीं मिल रही है। ये पूरी तरह राज्य के वित्तपोषण से बन रहे हैं। इन आदिवासी बाहुल्य तीनों जिलों के मेडिकल कॉलेजों में भी केन्द्र सरकार 60 प्रतिशत की मदद दे और पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को राष्ट्रीय महत्व की परियोजना का दर्जा दिया जाए।

## मणिपुर में विवाद का मूल

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

मणिपुर में मैतेयी और कुकी समुदाय को लेकर पिछले दो महीनों से भी ज्यादा समय से विवाद चल रहा है। यह विवाद 3 मई को शुरू हुआ था। यह विवाद हिंसक हो गया है, इसलिए दोनों समुदायों के सौ से भी अधिक लोग मारे जा चुके हैं। सबसे दुख की बात यह है कि दोनों समुदायों के इस झगड़े में औरतों को अपमानित किया जा रहा है। इस विवाद के कारणों की अपने-अपने ढंग से मीमांसा की जा रही है। कुछ तात्कालिक कारण हैं और कुछ स्थायी कारण हैं। लेकिन इस झगड़े में मजहब कोई कारक नहीं है। परन्तु दुर्भाग्य से विदेशी मूल की ईसाई मिशनरियां इस विवाद को मजहब यानी रिलीजन से जोडकर एक नया विवाद खड़ा करने का प्रयास कर रही हैं। हाल ही में सीरिया-मालाबार कैथोलिक चर्च की तेल्लीचेरी की आर्कडायकोजी के आर्कबिशप जोसफ पम्पलाणी ने आरोप लगाया कि इस विवाद के बहाने मणिपुर से ईसाइयों की नस्ल खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। केरल से एक आर्कबिशप जो काफी समय बेल्जियम में भी रहा है, का मणिपुर के इस विवाद में चाल की तरह कूद पडा आश्चर्यचकित करता है। वह भी उस समय जब मणिपुर के चर्च भी इस प्रकार का आरोप लगाने से संकोच कर रहे हैं। कुछ समय बाद तेल्लीच्री के इस आर्कबिशप की इस टिप्पणी का सहारा लेकर विदेशों में चर्च इस प्रकार के दोषारोपण में सक्रिय हो सकता है। वैसे कुछ सीमा तक हो ही चुका है।

क्या यह विवाद सचमुच ही ईसाई-हिन्दू विवाद है? इसके उत्तर के लिए मणिपुर के समाजशास्त्र के साथ साथ वहां के भूगोल को भी समझना होगा। मणिपुर में इम्फाल घाटी चारों ओर से पर्वतीय श्रृंखलाओं से घिरी हुई है। जाहिर है घाटी का क्षेत्रफल पर्वतीय क्षेत्र के मुकाबले बहुत ही कम है। मणिपुर के कुल क्षेत्रफल का दस प्रतिशत हिस्सा घाटी है और बाकी 90 फीसदी हिस्सा पहाड़ी है। लेकिन जहां तक आबादी का प्रश्न है, राज्य की लगभग साठ प्रतिशत आबादी इम्फाल घाटी में रहती है और शेष 40 प्रतिशत आबादी पहाड़ों में रहती है। मणिपुर में मुख्य तौर पर तीन समुदायों के लोग रहते हैं। ये समुदाय मैतेयी, कुकी और नागा के नाम से जाने जाते हैं। स्पष्ट रूप से समझना हो तो मैतेयी मोटे तौर पर इम्फाल घाटी में रहते हैं और कुकी व नागा पहाड़ में रहते हैं। मैतेयी की जनसंख्या मणिपुर की कुल जनसंख्या का लगभग साठ प्रतिशत है और शेष चालीस प्रतिशत कुकी-नागा की जनसंख्या है। लेकिन इन आंकड़ों के सहारे भी राज्य की समस्या को समझा नहीं जा सकता। इससे आगे का सवाल मणिपुर की जनसंख्या के आपसे संबंधों या उसकी भीतरी हदबन्दी का है। यह हदबन्दी किसने की और क्यों की? ऊपर से देखने पर लगता है कि मणिपुर के ये तीनों परस्पर विरोधी हैं। अभी जो चल रहा है, उसे देखकर तो कोई भी यही कहेगा कि तीनों एक-दूसरे की जान के दुश्मन हैं। फिलहाल मणिपुर में मैतेयी और कुकी में संघर्ष चल रहा है, उसमें नागा कहीं नहीं हैं। लेकिन अभी तक मोटे तौर पर यह झगड़ा कुकी और नागा के बीच में चलता था। 1993 में हुआ कुकी-नागा संघर्ष कई महीने चला था जिसमें 230 से भी ज्यादा लोग मारे गए थे। नागा-कुकी संघर्ष में मैतेयी का सीधा संबंध तो नहीं होता था, लेकिन उसका संताप मैतेयी को भी झेलना पड़ता था क्योंकि इम्फाल घाटी तक पहुंचने का रास्ता उसके पहाड़ों से होकर ही आता है। कुकी-नागा के संघर्ष में ये रास्ते अवरुद्ध हो जाते थे और इम्फाल घाटी में दैनिक जीवन की वस्तुओं का भी संकट आ जाता था। एक प्रकार से कुकी-नागा संघर्ष में इम्फाल घाटी की घेराबन्दी हो जाती थी। लेकिन इस बार भिड़न्त कुकी और मैतेयी के बीच हुई है। इसलिए यह सोचना जरूरी है कि क्या ये तीनों समुदाय सचमुच परस्पर विरोधी और एक-दूसरे की जान के दुश्मन हैं? मणिपुर के साथ ही असम वगैरह में भी बड़ी संख्या में मैतेयी रहते हैं। असम की बराक घाटी में बहुत से मैतेयी रहते हैं।

इसी प्रकार कुकी असम के अतिरिक्त मिजोरम में बड़ी संख्या में रहते हैं। लेकिन असम में अंग्रेजों के आने से पूर्व इन समुदायों में आपस में कोई झगड़ा नहीं था। मणिपुर में प्रचलित एक कथा के अनुसार मैतेयी, कुकी और नागा तीनों आपस में भाई हैं। दरअसल अंग्रेजों के आने से पूर्व कुकी और नागा नाम भी प्रचलित नहीं थे। मणिपुर में मैतेयी के अतिरिक्त तांखुल, कबुई, माओ, मरींग, पुरम, मराम, चीरू मथोन, अंगामी समुदाय के लोग रहते हैं। अंग्रेजों ने अपने उपनिवेशवादी हितों के लिए इन सभी समुदायों को नया नाम नागा का दिया। इसी प्रकार मणिपुर के दक्षिणी पहाड़ी क्षेत्र में थादौ, पाइते, हमार, बाइफै, गाइते, सिमते, चोथे, रालते इत्यादि पहाड़ी समुदायों के लोग रहते हैं। इन सभी के लिए अंग्रेजों ने कुकी शब्द का प्रयोग करना शुरू किया। 1857 की आजादी की पहली लड़ाई में मणिपुर के मगांग, लुवांग, खुमान, अंगोम, मोयरंग, चेंगली, खा नगांबा मैतेयी समुदायों ने महत्वपूर्ण हिस्सा लिया और कई काला पानी यानी अंडेमान निकोबार में जलावतन भी हुए। इसी प्रकार कालान्तर में कुकी के नाम से जाने वाले समुदायों का बीसवीं सदी के शुरू में अंग्रेजों से लम्बा युद्ध हुआ। इसके परिणामस्वरूप अंग्रेजों ने नई प्रकार की फौज मणिपुर में उतारी।

## बाघ नफरत नहीं प्यारा है, संस्कृति से जुड़ा है, विरासत और सरोकार है

**75साल के अंतराल के बाद हाल ही में हुए चीतों का जन्म भी शामिल है। जहाँ तक शानदार प्यारा, संस्कृति, विरासत और सरोकार से जुड़े बाघ की बात है तो इसे देखने की ललक सभी को रहती है।भारत में दुनिया की 75% बाघ आबादी रहती है। हाल ही में, भारत में बाघों की स्थिति पर एक रिपोर्ट जारी की गई, जो बाघों की आबादी 2226 से बढ़कर 3167 हो जाने का संकेत देती है, इस प्रकार 2014 के बाद से बाघों की संख्या में 42% की वृद्धि हुई है। भारत में वर्तमान में तेंदुओं और बाघों की संख्या सबसे अधिक है। 2014 से 2018 तक तेंदुओं की आबादी में 60% से अधिक की वृद्धि हुई है। भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जहां एशियाई शेर हैं, जिनकी संख्या भी पिछले कुछ वर्षों में बढ़ी है। अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर बात करें तो तो 2018 की गणना के अनुसार भारत में बाघों की संख्या 2967 है। उनकी गणना हर चार साल में एक बार की जाती है।**

संजय कुमार
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं

भारत ने वन्य जीवन और पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण प्रगति की है। प्रकृति की पूजा करने वाली सांस्कृतिक विरासत की भूमि भारत ने जैव विविधता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है, जिसमें 75साल के अंतराल के बाद हाल ही में हुए चीतों का जन्म भी शामिल है। जहाँ तक शानदार प्यारा, संस्कृति, विरासत और सरोकार से जुड़े बाघ की बात है तो इसे देखने की ललक सभी को रहती है।

भारत में दुनिया की 75% बाघ आबादी रहती है। हाल ही में, भारत में बाघों की स्थिति पर एक रिपोर्ट जारी की गई, जो बाघों की आबादी 2226 से बढ़कर 3167 हो जाने का संकेत देती है, इस प्रकार 2014 के बाद से बाघों की संख्या में 42% की वृद्धि हुई है। भारत में वर्तमान में तेंदुओं और बाघों की संख्या सबसे अधिक है। 2014 से 2018 तक तेंदुओं की आबादी में 60% से अधिक की वृद्धि हुई है। भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जहां एशियाई शेर हैं, जिनकी संख्या भी पिछले कुछ वर्षों में बढ़ी है।

अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर बात करें तो तो 2018 की गणना के अनुसार भारत में बाघों की संख्या 2967 है। उनकी गणना हर चार साल में एक बार की जाती है। बिहार के वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में लगभग 50 बाघों के होने का अनुमान है। वही दुखद यह कि राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के 2021 के आंकड़ों को देखें तो भारत में कुल 127 बाघों की मौत हो चुकी है । वैसे भारत में 30 प्रतिशत बाघ अभयारण्यों के बाहर रहते हैं। जो खुद के और लोगों के लिए खतरा बने रहते हैं। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के अनुसार,2012 से 2021 के दौरान इन 10 सालों में देश में 984 बाघों की मौत हुई है। शानदार लुप्तप्राय बड़ी बिल्ली यानि बाघ के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 29 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस मनाया जाता है। बाघ को दुनिया की सबसे बड़ी बिल्ली होने का गौरव हासिल है। बाघ को उसके चेहरे और शरीर पर विशिष्ट नारंगी और काली धारियों से आसानी से पहचाना जा सकता है। 29 जुलाई कोविश्व भर में अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस मनाया जाता है ताकि बाघ संरक्षण को बल मिले,लोगों के बीच जागरूकता बढ़ सकें। बाघों के लिए एक सुरक्षित और समृद्ध आवास का मतलब है कि हम अन्य प्रजातियों और हमारे जंगलों का भी संरक्षण करते हैं। अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के माध्यम से हम एक ऐसे भविष्य के लिए काम कर सकते हैं जहां इंसान और बाघ शांति से रह सकें। क्योंकि अक्सर इन्सान और बाघ के बीच झड़प होती रहती है, जहाँ इन्सान उसके या बाघ इन्सान के क्षेत्र में आ जाता है तो झड़प स्वभाविक है नुकसान दोनों का है, लेकिन लुप्त होते इस जीव पर संकट जयादा है। जाने-माने टाइगर विशेषज्ञ वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया के प्रमुख संरक्षक डॉ. समीर कुमार सिन्हा कहते हैं पिछले 2-3 सालों में टाइगर रिजर्व से बाघों के बाहर आने की वारदातें बढ़ी हैं और भविष्य में भी ऐसी घटनाएं होती रहेंगी। ज्यादातर मामलों में बाघ या अन्य जंगली जानवरों के द्वारा अटैक खुले में शौच के दौरान होता है। इन्सान और बाघ के बीच के टकराव को कम करना होगा।

जहाँ तक अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस की बात है तो 2010 में रूस में 13टाइगर रेंज देशों द्वारा सेंट पीटर्सबर्ग घोषणा पर हस्ताक्षर के दौरान अस्तित्व में आया था। इन टाइगर रेंज वाले देशों की सरकारों ने 2022 तक प्राकृतिक आवासों के संरक्षण और बाघों की संख्या को बाघों में से 97 फीसदी गायब हो ने के मद्देनजर। इसकी संख्या दो गुना करने के लिए और संरक्षण को प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया गया । और फिर अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पहली बार 2010 में मनाया गया । उस दौर में पाया गया कि केवल 3000 ही शेष हैं। देखा जाये तो बाघ तेजी से मनुष्यों के साथ संघर्ष करते रहे हैं। निवास स्थान और जलवायु परिवर्तन के नुकसान के साथ इनका अवैध शिकार और अवैध व्यापार उद्योग ने इन्हें गंभीर खतरे में दाल रखा है । बाघ की हड्डी, त्वचा और शरीर के अन्य अंगों की मांग के कारण अवैध शिकार और तस्करी के मामले बढ़ रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप स्थानीय विलुप्ति हो रही है, जिससे बाघों की आबादी का पुनरुद्धार असंभव के करीब हो गया है।

एक और खतरा जिसने बाघों की आबादी को बुरी तरह से प्रभावित किया है, वह है आवास का नुकसान। विशेषज्ञों को यह भी चिंता है कि बाघों में आनुवंशिक विविधता की कमी से छोटी आबादी में इनब्रीडिंग हो सकती है। लगातार बढ़ते निवास स्थान के नुकसान का मतलब है कि बाघों और मनुष्यों के बीच संघर्ष बढ़ रहा है। बाघ मानव आबादी में भटक सकते हैं जो लोगों के साथ-साथ बाघों के लिए भी चिंता का विषय है। बाघ को खतरनाक मान लिया जाता है। घटनाएँ भरी है कि जंगल से सटे गाँव में बाघ का आ जाना और भी उसका खतरनाक हो जाना। घटनाओं के बाद अंजाम बुरा ही होता है बेचारा मारा जाता है । भारत में 1973 में बाघों को बचाने के लिए एक अनूठी योजना ह्य प्रोजेक्ट टाइगरह्ल शुरू किया गया था। इसके शुरूआती सालों में 9 बाघ अभयारण्य थे लेकिन समय के साथ बाघ परियोजना का दायरा काफी बढ़ गया है। बाघ को अभी भी ह्यलुप्तप्रायह्ल के रूप में ही रखा गया है। बाघों की की संख्या में भरी नुकसान हो गया है और बाघों की संख्या पहले से कम हो गई। ऐसे में विश्व बाघ दिवस मनाना महत्वपूर्ण है क्योंकि विश्व वन्यजीव कोष के मुताबिक दुनिया भर में केवल 3900 जंगली बाघ ही मौजूद हैं। रिपोर्ट को देखें तो बाघ अलग-अलग रंगों के होते हैं जैसे काली धारियों वाला भूरा बाघ, काली धारियों वाला सफेद बाघ, सफेद बाघ और गोल्डन टाइगर। प्रकृति के इस नायब तोफा को देखना,रोमांच से भरा तो होता ही है साथ ही अद्भुत होता है। बहरहाल, इंसानों पर हमले और फिर उस बाघ की जीवन लीला समाप्ति या तस्करी से कम होते बाघ को बचाना होगा। साथ ही बाघ के प्रति नफरत का जो माहौल बन चूका है उसे हटाना होगा। नहीं तो जो लोग म्याऊँ से दहाड़ वाले इस खूबसूरत बाघ को टाइगर रिजर्व में खुली या बंद जीप में देखते हैं या कुछ लोग जू में और आहे भरते हैं। वे इंटरनेट पर ही देखते रह जायेंगे।

## एनईपी2020: भारत का ज्ञान क्रांति की दिशा में मार्गदर्शन

**नालंदा और तक्षशिला जैसे हमारे प्राचीन भारतीय विश्वविद्यालयों के साथ, भारत अतीत में एक अंतरराष्ट्रीय ज्ञान का केंद्र रहा है। समय के साथ, भारत की ज्ञान शक्ति और संपदा ने मुगल, मंगोल, ब्रिटिश, डच और पुर्तगालियों सहित बहुत लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा, जिन्होंने इतिहास की विभिन्न अवधियों में भारत पर आक्रमण किया, जिसके परिणामस्वरूप भारत के ज्ञान संपदा की भी अत्यधिक हानि हुई। लेकिन यह सर्वविदित और स्वीकृत तथ्य है कि आक्रमणकारी हमारी भूमि को लूट सकते थे और हमारे विश्वविद्यालयों को नष्ट कर सकते थे, लेकिन वे हमारी भूमि के गुरुओं और योगियों से सदैव पराजित हुए। दूसरी औद्योगिक क्रांति के दौरान ब्रिटेन ने दुनिया का नेतृत्व किया, जबकि तीसरी औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व अमेरिका ने किया। आज जब भारत, ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए वैश्विक स्तर पर पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है तो अब समय आ गया है कि यह एक बार फिर ज्ञान का केंद्र बन जाए और नई और उभरती प्रौद्योगिकियों में तेजी से हो रही वृद्धि के साथ अब चौथी औद्योगिक क्रांति में दुनिया का नेतृत्व करे। इन अपेक्षित परिवर्तनों के बीच, 2014 में, माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की शिक्षा प्रणाली को 21वीं सदी की वैश्विक ज्ञान महाशक्ति में बदलने का दृष्टिकोण सामने रखा।**

धर्मेन्द्र प्रधान
केंद्रीय शिक्षा एवं कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री

ज्ञान शक्ति है। भारत की समृद्ध ज्ञान क्षमता वेदों और उपनिषदों में स्पष्ट है, जो सदियों से ज्ञान के विशाल स्रोत के रूप में कार्य कर रहे हैं। नालंदा और तक्षशिला जैसे हमारे प्राचीन भारतीय विश्वविद्यालयों के साथ, भारत अतीत में एक अंतरराष्ट्रीय ज्ञान का केंद्र रहा है। समय के साथ, भारत की ज्ञान शक्ति और संपदा ने मुगल, मंगोल, ब्रिटिश, डच और पुर्तगालियों सहित बहुत लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा, जिन्होंने इतिहास की विभिन्न अवधियों में भारत पर आक्रमण किया, जिसके परिणामस्वरूप भारत के ज्ञान संपदा की भी अत्यधिक हानि हुई। लेकिन यह सर्वविदित और स्वीकृत तथ्य है कि आक्रमणकारी हमारी भूमि को लूट सकते थे और हमारे विश्वविद्यालयों को नष्ट कर सकते थे, लेकिन वे हमारी भूमि के गुरुओं और योगियों से सदैव पराजित हुए।

दूसरी औद्योगिक क्रांति के दौरान ब्रिटेन ने दुनिया का नेतृत्व किया, जबकि तीसरी औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व अमेरिका ने किया। आज जब भारत, ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए वैश्विक स्तर पर पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है तो अब समय आ गया है कि यह एक बार फिर ज्ञान का केंद्र बन जाए और नई और उभरती प्रौद्योगिकियों में तेजी से हो रही वृद्धि के साथ अब चौथी औद्योगिक क्रांति में दुनिया का नेतृत्व करे। इन अपेक्षित परिवर्तनों के बीच, 2014 में, माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की शिक्षा प्रणाली को 21वीं सदी की वैश्विक ज्ञान महाशक्ति में बदलने का दृष्टिकोण सामने रखा। 260 मिलियन से अधिक स्कूल जाने वाले बच्चों और 40 मिलियन से अधिक उच्च शिक्षा प्राप्त छात्रों के साथ, भारत की शिक्षा प्रणाली वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ी शिक्षा प्रणालियों में से एक है। आम जनता सहित हितधारकों के साथ व्यापक चर्चा के पश्चात, 34 वर्षों के अंतराल के बाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 का शुभारंभ किया गया। जैसे-जैसे हम 29 जुलाई, 2023 के करीब पहुंच रहे हैं, हम शिक्षा पर एक ह्यमहाकुंभह्ल 2-दिवसीय अखिल भारतीय शिक्षा समागम के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति की तीसरी वर्षगांठ मना रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पिछले तीन वर्ष महत्वपूर्ण उपलब्धियों के साक्षी बने हैं। भारत के इतिहास में पहली बार, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) को औपचारिक स्कूली शिक्षा प्रणाली में एकीकृत किया गया है, इस साक्ष्य को मान्यता देते हुए कि बच्चे के संपूर्ण मस्तिष्क का 80 प्रतिशत से अधिक विकास 8 वर्ष की आयु से पहले होता है। इसके अतिरिक्त, 3-8 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए बुनियादी स्तर के पहले राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ-एफएस) के विकास में खेल-आधारित शिक्षाशास्त्र पर बल दिया गया है। इस रूपरेखा में बातचीत, कहानियां, संगीत, कला, शिल्प, खेल, क्षेत्रीय प्राकृतिक यात्राएं और सामग्री एवं खिलौनों के साथ इंटरैक्टिव खेल जैसी विभिन्न गतिविधियां शामिल हैं। इस दृष्टिकोण के एक उदाहरण के रूप में जादूई पिटारे (जादुई बक्सा) को स्कूलों को अपनाने के लिए तैयार किया गया है।

एनसीएफ-एफएस पर आधारित कक्षा 1 और 2 के लिए पाठ्यपुस्तकें जारी की गई हैं, जो 2026 तक मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय निपुण भारत मिशन की पूरक हैं। स्कूली शिक्षा के लिए आगामी नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क फॉर स्कूल एजुकेशन (एनसीएफ-एसई) के अनुरूप लगभग 150 नई पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी। ये अमृत काल की पुस्तकें होंगी और एनईपी-2020 के तहत बहुभाषी शिक्षा के दृष्टिकोण को बढ़ावा देते हुए इन्हें कम से कम 22 भारतीय भाषाओं में विकसित किया जाएगा। प्रधानमंत्री ई-विद्या के माध्यम से पाठ्य-पुस्तकों के डिजिटल संस्करणों को सुलभ बनाया जा रहा है, जिससे न्यायसंगत और ऑन-डिमांड पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। एनईपी की सही भावना का प्रतिनिधित्व करने वाले उभरते भारत के लिए पीएम श्री स्कूल भी पूरे देश में स्थापित किए जा रहे हैं।

एनईपी 2020 ने सामान्य शिक्षा के साथ अपने एकीकरण और मुख्यधारा के माध्यम से व्यावसायिक शिक्षा पर विशेष जोर दिया है। हम स्कूल स्तर पर कौशल कार्यक्रम का शुभारंभ करने के लिए समग्र शिक्षा और कौशल भारत मिशन के बीच सामंजस्य बना रहे हैं। छात्रों और स्कूल छोड़ने वाले विद्यार्थियों को व्यापक कौशल और व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने के लिए स्कूलों में 5000 कौशल केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं।

इसके अलावा, एक एकीकृत राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क (एनसीआरएफ) पेश किया गया है जो स्कूल, उच्च और कौशल शिक्षा एवं प्रशिक्षण क्षेत्रों में औपचारिक और अनौपचारिक शिक्षा को क्रेडिट रखता है। एनसीआरएफ विभिन्न स्तरों पर एकाधिक प्रवेश और निकास को सक्षम बनाता है, जिससे छात्रों को अपने जीवन में किसी भी समय उच्च शिक्षा प्रणाली में फिर से प्रवेश करने की अनुमति मिलती है। मान्यता के लिए क्रेडिट छात्र के अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) में जमा हो जाएगा। प्रौद्योगिकी छात्रों को ऑनलाइन डिग्री कार्यक्रम हासिल करने में सक्षम बना रही है, शिक्षार्थियों को अधिक सुग्राहयता प्रदान कर रही है और विशेष रूप से दूरदराज के क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच बढ़ा रही है। अब स्वयं पोर्टल पर ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के माध्यम से भी क्रेडिट अर्जित किया जा सकता है और जल्द ही, भारत में अपनी तरह की एक डिजिटल यूनिवर्सिटी स्थापित की जाएगी।

मांग-आधारित कौशल को सक्षम करने, एमएसएमई सहित नियोक्ताओं के साथ जुड़ने और उद्यमिता योजनाओं तक पहुंच की सुविधा के लिए एकीकृत इकोसिस्टम को और भी मजबूत किया गया है। हम कौशलपूर्ण उम्मीदवारों की वैश्विक गतिशीलता को सुविधाजनक बनाने पर भी कार्य कर रहे हैं। युवाओं को अंतरराष्ट्रीय मानक कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने और कुशल कार्यबल के लिए विदेशी अवसरों को बढ़ाने के उद्देश्य से 30 भारत अंतर्राष्ट्रीय कौशल केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। उद्योग 4.0 की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विशेष रूप से तैयार 330 से अधिक वर्तमान समयानुरूप पाठ्यक्रम विकसित किए गए हैं।

शिक्षण में भाषा संबंधी बाधाओं को दूर करने के लिए, कई उच्च शिक्षा संस्थान अब कई भारतीय भाषाओं में तकनीकी कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहे हैं। एआई अनुवाद उपकरण विभिन्न भारतीय भाषाओं में पाठ्य-पुस्तकों के अनुवाद की सुविधा प्रदान कर रहे हैं। जेईई, एनईईटी और सीयूईटी जैसी प्रमुख प्रवेश परीक्षाएं अब 13 भाषाओं में उपलब्ध हैं। शिक्षा के अंतर्राष्ट्रीयकरण के क्षेत्र में, भारत के संस्थान विदेशों में परिसर स्थापित कर रहे हैं जबकि आईआईटी मद्रास का जांजीबार-तंजानिया में अपने नियोजित परिसर के साथ वैश्विक रूप से विस्तार हो रहा है, इस महीने के प्रारंभ में प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में संयुक्त अरब अमीरात में आईआईटी दिल्ली के परिसर को स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए। उल्लेखनीय विदेशी विश्वविद्यालय भी गुजरात की गिफ्ट सिटी में अपने परिसर स्थापित कर रहे हैं, और निकट भविष्य में विदेशों में एक स्कूल बोर्ड सहित अन्य भारतीय संस्थानों की उपस्थिति का और विस्तार करने की महत्वाकांक्षी योजनाएँ हैं।

अमृत काल के अंतर्गत विकसित भारत का स्वप्न, अमृत पीढ़ी की आकांक्षाओं को पूरा करके ही साकार किया जा सकता है। कामकाजी आयु वर्ग में हमारी लगभग 65 प्रतिशत आबादी के साथ, हमें एक ऐसी उम्र के लिए रूपरेखा तैयार करनी चाहिए जिसमें आजीवन सीखने और कौशल की आवश्यकता हो। वसुधैव कुटुंबकम की भावना से प्रेरित होकर भारत 21 वीं सदी का वास्तविक नेता बनने के मार्ग पर है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति इस परिवर्तन को वर्तमान वास्तविकता से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वैश्विक नागरिक बनाने के दृष्टिकोण के साथ भारत की ज्ञान परंपराओं पर जोर देकर, इसमें विश्व स्तर पर कहीं भी ज्ञान-आधारित समाज बनाने के लिए एक मार्गदर्शक बनने की क्षमता है, खासकर गरीब और उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए जो उपनिवेश की छाया से मुक्त होना चाहते हैं। अब जबकि एनईपी अपने चौथे वर्ष में प्रवेश कर रहा है, इसकी सफलता का मतलब 2047 तक एक विकसित भारत (विकसित भारत) तथा ज्ञान साझाकरण एवं शांति पर केंद्रित एक वैश्विक विश्व व्यवस्था होगी।

## कांग्रेस को जमीनी हकीकत के आधार पर कार्य करना होगा

नित्य चक्रवर्ती

विपक्षी दलों के बेंगलुरु सम्मेलन ने 26 भाजपा विरोधी दलों वाले नये मोर्चे इंडिया को जन्म दिया। ऐसा लग सकता है कि इन दलों को एक स्वीकार्य सीट बंटवारे के फॉमूर्ले पर सहमत करना बेहद मुश्किल काम है, लेकिन अगर एक राज्य से दूसरे राज्य की राजनीतिक स्थिति का विश्लेषण किया जाये, तो यह स्पष्ट हो जायेगा कि यह समस्या 543 सीटों मेंसे केवल 150 सीटों तक ही सीमित होगी। लगभग 400 सीटों पर, सामान्य पैटर्न पहले से ही लागू है और व्यवस्था पर निर्णय लेने के लिए इसे थोड़ा ही ठीक करने की आवश्यकता होगी। गठबंधन की बातचीत की बड़ी समस्या गुजरात, पंजाब, दिल्ली, असम और देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश को लेकर होगी। इन सभी राज्यों में कुल मिलाकर 140 सीटें हैं। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर में 6 सीटें हैं जिन पर भारत के तीन शक्तिशाली सहयोगियों कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी के बीच बातचीत होनी है। दिल्ली और पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी और कांग्रेस मिलकर 

## संक्षिप्त खबरें

### मुहर्रम के अवसर पर शांति और सौहार्द बनाए रखने की आपील

मुजफ्फरपुर। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिवमंडल सदस्य अजय कुमार सिंह तथा ऑल इंडिया तंजीम-ए-इंसाफ के जिला संयोजक शब्बर हसन ने मुहर्रम के मौके पर जिलावासियों से शांति, सौहार्द, प्रेम और भाईचारा कायम रखने का अपील किया है। उन्होंने कहा है कि मुहर्रम मानवता की रक्षा के लिए शहादत का पैगाम देता है।कर्बला के मैदान में हजरत मोहम्मद के शहादत की यादगार में इस्लाम धर्मावलंबी हर बरस मुहर्रम का त्योहार मनाकर गम का इजहार करते हैं।मुहर्रम के अवसर पर मुसलमान भाई पैगम्बर मुहम्मद के नवासे इमाम हुसैन की शहादत का गम मनाते हैं। इमाम हुसैन कर्बला के मैदान में अपने साथियों के साथ शहीद हो गए थे। इसलिए जरूरी है कि इस पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्द के वातावरण में आपसी भाईचारे के साथ मनाया जाए।

### अगले दो दिनों में उत्तर बिहार में हल्की बारिश की सम्भावना

मुजफ्फरपुर। ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, कृषि मौसम विभाग जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केन्द्र डा० राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा द्वारा अगले 5दिनो का मौसम पूवार्नुमान जारी किया गया है।29जुलाई से 2अगस्त तक के पूवार्नुमान में 30एवं 31अगस्तको हल्की बारिश की सम्भावना है।विगत मौसम पूवार्नुमान अवधि का आकलन मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान वामशः 350 एवं 250 डिग्री सेल्सियस रहा औसत सापेक्ष आर्द्रता 84 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 58 प्रतिशत, हया की औसत गति 55 कि०मी० प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 45 मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 5.8 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 405 एवं दोपहर में 31.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में वर्षा नहीं हुई।ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, आर०पी०सी०ए०यू० पूसा, एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जारी 29 जुलाई से 02 अगस्त तक के मौसम पूवार्नुमान के अनुसार,पूवार्नुमानित अवधि में उत्तर बिहार के जिलों के आसमान में हल्के से मध्यम बादल छाये रह सकते है। इस अवधि में उत्तर बिहार के जिलों में वर्षा की सक्रियता में हल्की वृद्धि हो सकती है। हालांकि वर्षा सामान्य से बहुत कम होने की सम्भावना है। 30 31 जुलाई के आसपास उत्तर बिहार के अनेक स्थानों पर हल्की-हल्की वर्षा हो सकती है।तराई के एक-दो स्थानों पर मध्यम वर्षा भी हो सकती है। अधिकतम तापमान 36 से 37 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।न्यूनतम तापमान 20 से 29 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 80 से 90 प्रतिशत तथा दोपहर में 55 से 65 प्रतिशत रहने की संभावना है। पूवार्नुमानित अवधि में औसतन 9 से 14 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से पूरवा हवा चलने की सम्भावना है।

### पूर्व जिप सदस्या ने की डीडीसी से पूर्व मे कराये गये विकास कार्यो की राशि भुगतान कराने की मांग

प्रकाश किरण संवाददाता अलीगंज जिले के इस्लामनगर अलीगंज के पूर्व जिप सदस्या निक्की देवी ने जमुई सांसद चिराग पासवान व उप विकास आयुक्त जमूई को लिखित आवेदन देकर अपने कार्यकाल मे क्षेत्र के दर्जनो गांव मे पीसीसी तथा ईट सोलिग व सामुदायिक भवन मरम्मति सहित अन्य योजनाओ को पंचम वित आयोग की राशि से कराया गया था। जिसमे कार्य ऐजेनसी जिला अभियन्ता सह कार्य पालक अभियन्ता लघु सिचाई प्रमंडल जमूई के द्वारा विकास योजनाओ को वितीय वर्ष 1819 एव 2021 मे कराया गया था।और स्थानीय दूकानदार द्वारा मेटेरियल्स दिया गया था। लेकिन उस योजनाओ को कराये जाने के वर्षो बीत जाने भी आज तक भुगतान नही कराया गया है। जिससे कार्य मे उधार दिये दुकानदार व उसके सहयोगी की हालत दयनीय होती जा रही है। पूर्व जिप सदस्या ने बताया कि कुछ लोगो के द्वारा अधिकारियो को दबाव देकर कराये गये विकास योजनाओ की राशि का भुगतान नही कराया गया है। उन्होने सांसद चिराग पासवान व उप विकास आयुक्त जमूई को लिखित शिकायत देकर कराये गये विकास योजनाओ की राशि अविलंब भुगतान कराने की मांग किया है। ग्रामीण राजकुमार पासवान,पूर्व मुखिया श्रवण यादव ने बताया कि जिप सदस्या के अनुशंसित योजनाओ को स्थानीय दुकानदार से छड गिट्टी व बालू, ईट तथा अन्य सामग्री लेकर कराया गया था।लेकिन आज तक उसका भुगतान नही होने दिया गया। उन्होने कहा कि अधिकारियो से अविलंब राशि हस्तांतरित कराने की मांग किया है।

# बाईक सवार अज्ञात दो अपराधी ने दिया घटना का अंजाम

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय तुलसियाही बलुआ टोल के प्रधानाध्यापक सुरेश यादव पर शुक्रवार को विद्यालय जाने के क्रम में बाईक सवार अज्ञात दो अपराधी ने जानलेवा हमला किया. एचएम ने कहा चलती बाईक को धक्का मारकर कर गिरा दिया. तीन राउंड गोली फायर किया लेकिन संयोगवस एक भी गोली एचएम के शरीर पर नहीं लगी. इसके बाद अपराधी ने पिस्टल के बट से एचएम के सिर पर जोरदार हमला किया जिसमें उनका सिर फूट गया. नाक पर गंभीर चोट है। घुटना में भी जख्म है. दोनों अपराधी भागने लगें इसी क्रम में स्थानीय लोगों ने एक अपराधी को दबोच लिया. पकराये हुए अपराधी को पुलिस के हवाले कर दिया गया. दूसरा भागने में सफल रहा. पकराये अपराधी के नाम का खुलासा नहीं हुआ है. स्थानीय लोगों पर शिक्षक को इलाज के लिए खजौली पीएचसी में भर्ती करवाया. जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ कुमार मुकेश एवं प्रभारी चिकित्सका पदाधिकारी डॉ ज्योतीन्द्र नारायण उनका इलाज कर रहे है.थानाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने कहा कि सीएचसी में घायल एचएम सुरेश यादव को फर्द व्यान लेने एएसआई चरित्र राम को भेजा गया. थानाध्यक्ष ने कहा कि इस गोली कांड में भाग रहे एक अपराधी जयनगर थाना क्षेत्र के कमलाबाड़ी धौरी टोल निवासी अखलेश यादव को ग्रामीणों की मदद से दबोज लिया गया. वही एचएम सुरेश यादव थानाक्षेत्र के मरूकिया गांव का रहने वाले है. वे खजौली बाजार में आवास बना कर रह रहे है. वही से अपना विद्यालय जा रहे थे. विद्यालय जाने के क्रम में ही घटना घटी है. इस घटना को लेकर एचएम सुरेश यादव के फर्द व्यान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान जारी कर दी है।

# मुहर्रम पर्व पर शांति व्यवस्था को लेकर निकला फ्लैग मार्च

प्रात: किरण संवाददाता

सोनो (जमुई)/ मुस्लिम समुदाय द्वारा मनाया जाने वाला पवित्र त्यौहार को लेकर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कई पंचायतों में हुआ फ्लैग मार्च। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुहर्रम पर्व को लेकर आपसी प्रेम और भाईचारे बनाए रखने का संदेश दिया गया। मुहर्रम पर्व को लेकर ऐतिहासिक स्त्रोतों से प्राप्त तथ्यों के आधार पर इस्लामी वर्ष का आरंभ इसी महीने से होता, इस माह को इस्लाम के 4 पवित्र महीनों में शुमार किया जाता, जिसमें रोजा रखने की खास अहमियत है। मुहर्रम इस्लामी कैलेंडर का प्रथम मास है जिसे मनाने को लेकर जो ऐतिहासिक घटना है उसके अनुसार इराक स्थित कर्बला में सत्य के लिए प्राण न्यौछावर करने की बात सामने आती है, इस घटना में हजरत मोहम्मद के नवासे हजरत हुसैन को शहीद कर दिया गया था। कर्बला की घटना अपने आप में बड़ी विभक्त और निंदनीय है, मोहर्रम महीने में दसवें दिन ही इस्लाम की रक्षा के लिए हजरत इमाम हुसैन ने अपनी जान कुर्बान कर दी थी, इसलिए मोहर्रम महीने के दसवें दिन इस पर्व को उनकी याद में मनाया जाता। क्षेत्र में मुहर्रम पर्व की विधि व्यवस्था को लेकर निकाले गए फ्लैग मार्च में झाझा एसडीपीओ राजेश, कुमार अंचलाधिकारी राजेश कुमार, थानाध्यक्ष चितरंजन कुमार, एस आई विशाल कुमार सिंह, मुरारी यादव, जितेंद्र कुमार, राजेश कुमार,की टीम ने पैरामटिहाना, सोनो, ढोंढरी,रक्तरोहनिया, काली पहाड़ी सहित लगभग दर्जनों गांव में फ्लैग मार्च कर लोगों से शांतिपूर्ण पर्व मनाने की अपील की किसी भी प्रकार से शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी।

# स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में भाजपा युवा मोर्चा की बैठक अयोजित

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली प्रखंड़ के स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के प्रांगण में शुक्रवार को खजौली पूर्वी भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनीश झा के अद्यक्षता में भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ताओ की बैठक किया गया. इस बैठक के दौरान प्रखंड़ भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष अनीश झा द्वारा 24 से 9 अगस्त तक हस्ताक्षर अभियान चलाया गया है.उन्होंने कहा कि हस्ताक्षर अभियान में अभी तक भाजपा युवा मोर्चा द्वारा प्रदेश के सभी जिला एव प्रखंड़ स्तर पर 50 हजार आम जनता एव युवाओं द्वारा भाजपा युवा मोर्चा में शामिल होकर अपना हस्ताक्षर बनाया गया. वही भाजपा युवा मोर्चा पूर्वी के अध्यक्ष ने कहा कि लक्ष्य को हासिल करने को लेकर प्रदेश के भाजपा युवा मोर्चा के कार्ययकर्ता द्वारा अनेकों जगहों पर कैम्प लगाकर आम जनताओं का हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है.भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष श्री झा ने कहा कि देश को आगे बढ़ाने को लेकर देश की सभी आम जनता भाजपा युवा मोर्चा की हस्ताक्षर अभियान में शामिल होने का आवाहन किया है. इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि शंम्भू नाथ ठाकुर,पश्चिमी भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहन कुमार चौधरी, भाजपा कार्यक्रम जिला पदाधिकारी मुकेश यादव,भाजपा जिला मंत्री सरोज कुमार सिंह,युवा नेता सुमित कुमार सिंह, भाजपा नेता नितिन सिंह,राम देव सिंह, भाजपा मंडल महामंत्री ओमप्रकाश राय,विवेक कुमार सिंह,कमल सिंह राम कलेवर यादव सहित दर्जनों कार्ययकर्ता मौजूद थे।

# गिद्धौर दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आशा कार्यकर्ता ने धरना प्रदर्शन कर जताया विरोध

प्रात: किरण संवाददाता

गिद्धौर : आशा कार्यकर्ता एवं आशा फैसिलिटेटर के संयुक्त आवाहन पर राज्य कर्मी का दर्जा सहित वेतनमान की मांग को लेकर गुरुवार को दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर में कार्यकताओं ने धरना प्रदर्शन कर सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में अपनी 09 सूत्री मांगों के समर्थन में आशा कार्यकताओं ने धरना दिया एवं सरकार विरोधी जमकर नारे लगाए। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कर रही आशा संघ की नेत्री जुली कुमारी ने कहा कि गुरुवार से गिद्धौर प्रखंड के सभी आशा कार्यकर्ता हड़ताल पर रहेगी। उन्होंने कहा कि 2005 से ही हम आंदोलन कर रहे हैं लेकिन बहरी सरकार हमारी मांगों पर विचार नहीं कर रही है। सरकार को यह सोचना होगा कि आशा और आशा फैसिलिटेटर सेवानिवृत हो जाएगी तो क्या करेगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री ने पूर्व में घोषणा किया था कि आशा कार्यकर्ता का मानदेय बढ़ाया जाएगा। आशा कर्मियों की मांग है कि उन्हें सरकारी सेवक घोषित किया जाए। वहीं राज्यकर्मी का दर्जा देने 21000 रुपए मासिक वेतन, कोरोना महामारी में मृत आशा कार्यकताओं के परिवार को मुआवजे की राशि, पेंशन योजना का बहाल करने के साथ आशा फैसिलिटेटर को 20 दिन के बदले 30 दिन 500 रुपये के दर से भुगतान किया जाए। उन्होंने आगे कहा कि अगर सरकार हमारी मांगों को पूरा नहीं करती है तो आने वाले समय में हम सभी आशा कार्यकर्ता आंदोलन को बाध्य हो जाएंगे। जिसकी जवाबदेही सरकार व स्वास्थ्य विभाग की होगी। इस अवसर पर धरना प्रदर्शन में रीना देवी, सुधा कुमारी ,जुली कुमारी, रेनू कुमारी, ललिता कुमारी ,प्रियंका कुमारी, रूबी देवी, मायावती देवी, नूतन देवी, सुलेखा देवी ,सीमा कुमारी, सरिता कुमारी, अनिता कुमारी समेत दर्जनों आशा कार्यकर्ता एवं फैसिलिटेटर मौजूद थे।

# जन प्रतिनिधियों ने किया स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। मुशहरी प्रखंड मुख्यालय के निकट अंबेडकर भवन में विद्युत उपभोक्ता के यहां स्मार्ट मीटर लगाने के सवाल पर मुशहरी प्रखंड के जनप्रतिनिधियों, राजनैतिक, सामाजिक कार्यकताओं की एक बड़ी बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष अनवार अहमद ने की। बैठक में उपस्थित तमाम लोगों ने स्मार्ट मीटर का मुशहरी के गांव में लगाने का विरोध करने का निर्णय लिया। फिर 21 सदस्य बिजली उपभोक्ता संघर्ष मोर्चा का गठन किया गया एवम सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 3 अगस्त को प्रखंड मुख्यालय पर हजारों उपभोक्ता की उपस्थिति में बिहार सरकार से मांग की जाएगी कि तत्काल स्मार्ट मीटर लगाना बन्द किया जाए। बैठक के पश्चात बिजली कार्यालय पर प्रदर्शन कर इंजीनियर को सूचित कर दिया गया, साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी से मिलकर इस आशय का ज्ञापन सौंपा गया। बैठक में उदय चौधरी (पहलादपुर मुखिया सह भाकपा माले के जिला सचिव), शत्रुघ्न सहनी (प्रखंड सचिव माले लिबरेशन) लाल बाबू महतो,एसयूसीआई (सी) रामकिशोर झा (सीपीआई जिला सचिव,)चंद्रकेश बैठा, कुमोद सिंह, ओमप्रकाश सिंह माले नेता, सुमंत झा, भूषण ठाकुर, परशुराम पाठक, दिनेश राय, विजय सिंह (मुखिया मनिका विशुनपुर), तरुण पासवान, राज किशोर राम, नंदलाल राय, दिनेश भगत, दिनेश मिश्रा, विमलेश मिश्रा, लालबाबू ठाकुर, उदय ठाकुर, परम पाठक, विमलेश मिश्र, मोहम्मद कलाम, राजू कुमार टउढक(व), मनोज कुशवाहा, राजेंद्र महतो, दिनेश राय, आनंद कुमार कुमार,अभिषेक कुमार (पंचायत समिति सदस्य, मनिका विशुनपुर चांद) आदि उपस्थित थे।

# लाखों की लागत से बना पंचायत सरकारी भवन व्यवस्थ नदारद, ग्रामीणों को हो रही परेशानी

प्रात: किरण संवाददाता

गिद्धौर : सरकार का पंचायती राज विभाग सूबे के ग्रामीण इलाकों के लोगों के लिए जाति, आवासीय, आय, जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र सहित कई तरह के लोक हित से जुड़े प्रमाण पत्रों को निर्गत करने के लिये प्रखंड के विभिन्न पंचायतों मे पंचायत सरकार भवन स्थापित कर आम ग्रामीणों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए हर व्यवस्था इस सरकार भवन में उपलब्ध करवायी है लेकिन इन दिनों यह सरकार भवन में विभिन्न विभागों के लिये बने प्रमाण पत्र के निर्गमन की व्यवस्था के लिए स्थापित आरटीपीएस काउंटर सहित अन्य कार्यालय बंद ही रहता है। ऐसे में स्थिति यह है कि क्षेत्र के लोगों को अब अपने जरूरी प्रमाण पत्रों के निर्गमन को ले मुख्यालय में भटकना पड़ता है। सरकार के पंचायती राज व्यवस्था के तहत पंचायत सरकार भवन में स्थापित इन कार्यालयों में जब व्यवस्था लापरवाह हो जाय तो ऐसे कार्यालयों का होना या न होना बराबर है। अब इसे प्रसासनिक व्यवस्था का रोना कहे या ग्रामीणों का दुर्भाग्य जो भी हो प्रखंड के सेवा पंचायत सरकार भवन में कार्यरत सरकारी बाबुओं के कार्यालय गाहे बगाहे ही यहां लोक सेवा के लिए खुलता है। जिसकी सुधि लेने वाला यहां कोई नही। जिसका जीता जागता उदाहरण शुक्रवार को प्रखंड के सेवा पंचायत के सरकार भवन में संचालित कार्यालय को बंद देखकर इसका अंदाजा यहां साफ लगाया जा सकता है। यहां पर प्रत्येक पंचायत के कर्मी के लिए अलग अलग कमरे में सप्ताह के निर्धारित दिन बैठने का समय निर्धारित है लेकिन इसके वाबजूद पंचायत सचिव, कार्यपालक सहायक, आरटीपीएस काउंटर, आवास सहायक, राजस्व कर्मचारी, किसान सलाहकार, तकनीकी अभियंता सभी के कमरों में 12 बजे तक ताला लटका ही मिला। कहते हैं पंचायत के मुखिया वहीं पंचायत सरकार भवन में व्याप्त अव्यवस्था को लेकर सेवा पंचायत के मुखिया रामाशीष साह ने बताया कि कोई भी पंचायत कर्मी निर्धारित दिन पर अपने कार्यालय नही आते हैं। जिससे ग्रामीणों को छोटे छोटे कार्यों के निष्पादन को लेकर मुख्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी कई बार प्रखंड कार्यालय में भी दी गयी है। मामले में विभागीय स्तर पर कार्रवाई सिफर है।

# नगर पंचायत के सशक्त स्थायी समिति की बैठक में विभिन्न कई एजेंडों पर सर्वसम्मति से मिली स्वीकृति

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर नगरपंचायत क्षेत्र में विकास कार्यो को गति देने के लिए कई एजेंडों को सर्वसम्मति से सशक्त स्थायी समिति की बैठक स्वीकृति प्रदान की गई। नगरपंचायत कार्यलय के परिसर स्थित मुख्यपार्षद के कार्यलय प्रकोष्ठ में सशक्त स्थायी समिती की बैठक मुख्यपार्षद कैलाश पासवान के अध्यक्षता आयोजित की हुई। बैठक में गत बैठक पर समपुष्टि प्रदान करते हुए एजेंडा में साउण्ड लेस 15 के.बी.जेनरेटर खरीद करने , दो कार्यालय पियून दैनिक पर रखने , वार्ड दस जवाहर साफी के घर से गायत्री मंदिर तक पी .सी.सी. सड़क निर्माण भुगतान की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने, जैविक खाद्य का बिक्री हेतू मुल्य निर्धारण करने, लालू चौधरी के घर से गायत्री मंदिर तक नाला पर ढक्कन निर्माण कार्य करने एवं भुगतान की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने , वार्ड एक में पूर्व में लिये गये साधारण बोर्ड की बैठक योजना को दो भागों में विभागीय आर.सी.सी.नाला निर्माण करने एवं भुगतान करने की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने शहर के सौन्दयीकरण हेतु बेलकम बोर्ड, जल जीवन हरियाली अन्तर्गत वार्ड एक से चौदह तक सीमांकन बोर्ड एवं होर्डिंग लगाने एवं भुगतान करने की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने , वार्ड दस में पूर्व में ली गई योजना को संवेदक के द्वारा कार्य नही करने के कारण समाज पुस्तकालय से गायत्री मंदिर तक विभागीय पी. सी.सी. सड़क एवं नाला दो भागों में करने , मकान दुकान किराया में वृद्धि करने पर विचार करना सुखा कचड़ा से मैनुअल खाद्य तैयार करने समेत अन्य एजेंडों पर बैठक में उपस्थित सशक्त समिति के सदस्यों के द्वारा एक मत होकर स्वीकृति प्रदान की गई। मुख्यपार्षद कैलाश पासवान ने कहा कि शहर के लिए विकास कार्यों को तेजी दिया जा रहा है आगे भी अभियान के तहत जारी रहेगा। ईओ डॉ. इन्द्र कुमार मण्डल ने कहा कि सभी के स्वीकृति से आज के बैठक में एजेंडों पर मुहर सर्वम्मति से लगाई गई हैं। मौके पर नगरपंचायत सशक्त स्थायी की बैठक में मुख्यपार्षद कैलाश पासवान , उप मुख्य पार्षद माला देवी देवी, कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. इन्द्र कुमार मण्डल, वार्ड पार्षद समिति सदस्य हनुमान मोर, शिवजी पासवान , रीना गुप्ता व प्रधान लिपिक मोहन कुमार उपस्थित थ।

# गिद्धौर पुलिस ने सेवा गांव से एक वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

गिद्धौर : थाना क्षेत्र के सेवा गांव से गिद्धौर पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। मामले को लेकर थानाध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के सेवा गांव निवासी झाझा कांड संख्या 22/13 के वारंटी अभियुक्त श्यामदेव यादव पिता बिहारी यादव पर वन विभाग के एक कर्मी के साथ मारपीट करने से जुड़े मामले में उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस अभियान में एसआई नीरज कुमार के अलावे कई पुलिस बल के जवान अभियान मे मौजूद थे।

# आंगनबाड़ी के केंद्र पर लगाया गया स्वास्थ शिविर

प्रात: किरण संवाददाता

गिद्धौर:प्रखंड के सेवा पंचायत अंतर्गत पड़ने वाले आंगनबाड़ी केंद्र संख्या में 45 में स्वास्थ्य विभाग के दिशा निर्देश पर दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आरबीएसके टीम के चिकित्सकीय दल द्वारा मौसमी बीमारियों से बचाव को ले स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर केंद्र के बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गयी। उक्त शिविर में मौजुद दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बिपुल कुमार एवं डॉ. राजेश कुमार द्वारा संयुक्त रूप से केंद्र के दर्जनों बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें उचित स्वास्थ्य परामर्श दिया। इस मौके पर शिविर में भाग ले रहे बच्चों को शरीर में हीमोग्लोबिन के मात्रा, आंख कान, नाक, गला, सर्दी, जुकाम, वायरल फीवर चेचक, शारीरिक दुर्बलता कुपोषण आई फ्लू चर्मरोग से जुड़े बीमारियों की जांच कर उचित स्वास्थ्य परामर्श दिया गया। इस अवसर पर शिविर में मौजूद चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बिपुल कुमार एवं राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से मौजूद बच्चों को शरीर में कुपोषण एवं खून की कमी के कारण होने वाले एनेमिया रोग सहित अन्य कई रोगों से बचाव की उन्हें जानकारी दी। वहीं शिविर में पोषण युक्त आहार को अपने दिनचर्या में शामिल करने की भी सलाह बच्चों के अभिभावकों को दी गयी। इस मौके पर शिविर में डॉ. बिपुल कुमार, डॉ. राजेश कुमार फार्मासिस्ट श्रवण कुमार, एएनएम अनिता कुमारी, सेविका अर्पणा कुमारी, सहायिका चंपा कुमारी के अलावे दर्जनों विद्यालय के बच्चे मौके पर मौजूद थे।

# दतुआरगांव स्थित लोजपा पार्टी के कार्यकर्ता ने बैठक किया

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली लोजपा राम विलास पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डा. सत्यानंद शर्मा ने लोजपा राम विलास पार्टी की जिला उपाध्यक्ष पद पर दतुआर गांव निवासी संतोष कुमार को मनोनीत किया गया. नव मनोनीत लोजपा राम विलास पार्टी के जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार ने अपने आवास पर लोजपा राम विलास पार्टी के कार्यकताओं का बैठक बुलाई गयी. बैठक के दौरान उन्होंने उपस्थित सभी कार्यकताओं से कहा कि अति पिछड़ी जाति की सम्मेलन 30 जुलाई को श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल पटना में आयोजित की गयी है. इस सम्मेलन को सफल बनाने हेतु जिला उपाध्यक्ष ने सभी कार्यकताओं से अपील कि है कि सैकड़ो की जत्था में 29 जुलाई को जयनगर पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन से चलने का आवाहन किया गया. इस मौके पर हरि शर्मा बूढ़े महतो महेश ठाकुर राजीव गुप्ता अभिजीत कुमार शिव कुमार साह विकास कुमार ठाकुर सहित अन्य कार्ययकर्ता मौजूद थे

# निर्वाचन सूची पुनरीक्षण की समीक्षा के दौरान डीएम ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।अर्हता तिथि 01 जनवरी.2024 के आधार पर किए जा रहे निर्वाचक सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा करते हुए डीएम सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य विधान सभा स्तर पर तेजी से चल रहा है। कार्य में हुए प्रगति की समीक्षा जिला निर्वाचन पदाधिकारी प्रणव कुमार ने उपस्थित सभी ई.आर.ओ. के साथ किया। साथ ही विडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से सभी ए.ई.आर.ओ के द्वारा किये गये पुनरीक्षण कार्य की भी समीक्षा हुई। 15 जुलाई से 29 जुलाई तक शत-प्रतिशत बुथों का भौतिक सत्यापन ई.आर.ओ. के द्वारा किया जाना है। अभी भी 30 फीसदी बूथों का सत्यापन होना शेष है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निदेश दिया की सभी बुथों का भौतिक सत्यापन ससयम कर लें। बुथों पर ए.एम.एफ. यथा रैम्प, शेड, विद्युत, शौचालय, बिजली आदि की व्यवस्था का पूर्ण सत्यापन कर लें। उन्होंने कहा की इसे हर हाल में कल तक शत-प्रतिशत करना सुनिश्चित करें। मतदान केन्द्रों का युक्तिकरण के लिए निर्वाचकों का आवश्यकतानुसार स्थानान्तरण किया जाता है। स्थानान्तरण का प्रस्ताव नियमानुकूल और तार्किक होना चाहिए। 10 अगस्त को विहित प्रपत्र में युक्तिकरण के बाद प्रारूप सूची का प्रकाशन किया जाना है, जिसपर 10 अगस्त से 19 अगस्त तक मतदान केन्द्रों के प्रारूप सूची पर दावा एवं आपत्ति प्राप्त किया जाएगा। दावा एवं आपत्ति का निस्तार के क्रम में किये गये जाँच एवं निष्कर्ष का अभिलेख संधारित करने का निदेश जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा दिया गया। 28-30 अगस्त तक की अवधि में सभी मान्यता प्राप्त रजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं विधायकों सांसदों के साथ बैठक कर मतदान केन्द्रों के प्रारूप सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा, जिसकी प्रति मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार को भेजी जाएगी, जिसपर भारत निर्वाचन आयोग से मतदान केन्द्रों का अनुमोदन प्राप्त होने पर जिला स्तर पर इसका प्रकाशन किया जाएगा। बैठक में उप विकास आयुक्त, आशुतोष द्विवेद्वी, अपर समाहत्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, पूर्वी एवं पश्चिमी, जिला आपूत्रि पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी सत्यप्रीय कुमार, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, दिनेश कुमार आदि उपस्थित थें।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जल संचयन का संदेश

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। सरला श्रीवास सामाजिक - सांस्कृतिक शोध संस्थान के कलाकारों द्वारा इन दिनों नुक्कड नाटकों के माध्यम से जल संचयन का संदेश दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जिले के बंदरा प्रखंड अंतर्गत सिमरा पंचायत में नेहरू युवा केंद्र,मुजफ्फरपुर के द्वारा ह्लकैच द रेनह्व परियोजनांतर्गत ह्लजल संचयनह्व विषय पर जागरूकता अभियान के तहत संस्थान के संयोजक लोक कलाकार सुनील कुमार के नेतृत्व में किया गया।लोक गायिका अनिता कुमारी ने जल संचयन पर जागरूकता गीत सुनाते हुए ह्लसुन भईया सुन दीदी अमृत बा पानी बटोहिया गीतह्व समेत जल जागरूकता गीत गाकर वर्षा जल संचयन को लेकर लोगो को जागरूक किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। कैच द रेन अभियान में उपस्थित लोगों को जल संचयन के लिए शपथ दिलायी गई। इस अवसर पर लोगो को आजादी के अमृत महोत्सव पर स्वतंत्रता सेनानी, सेना के जवानों एवं पुरखा पुरनिया के नाम से पंचायत स्तर पर 75 पेड़ और अमृत महोत्सव पार्क बनाने की बात बताई गई।मुख्य अतिथि चाईल्डसेफ इंडिया के सचिव जयचंद कुमार ने नेहरू युवा केंद्र द्वारा जल संचयन के संदेश को नुक्कड़ नाटक द्वारा जन जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए बताया कि नदी, तालाब, नहर,कुआं को बचाने की जरूरत हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### पीएम किसान योजना पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

सदर मुंगेर। गुरुवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मेलन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कृषि केंद्र के प्रांगण में आयोजित किया गया। वही कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक प्रणव कुमार कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान मुकेश कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी विनय कुमार, वैज्ञानिक विष्णु देव सिंह, विनोद कुमार अशोक कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित शुभारंभ किया गया। वही किसान को संबोधित करते हुए श्री विधायक ने मोटे अनाज पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालें। वहीं कृषि विज्ञान के उपस्थित कृषकों को अंतर्राष्ट्रीय मोटे अनाज वर्ष पर लोगों से मोटे अनाज की खेती एवं उससे होने वाले फायदे पर विस्तारपूर्वक चर्च किया उन्होंने लंबी आयु,सुंदर स्वास्थ्य, कम लागत हेतु मोटे अनाज के फायदे पर जानकारियां दिए ।वही तकनीकी सत्र के प्रसार शिक्षा वैज्ञानिक डॉ विष्णु देव सिंह ने भी मोटे अनाज पर चर्चा करते हुए बताएं कि लोग हृदय रोग ,कैंसर, मधुमेह ,जैसे बीमारी से बचाना है तो मोटे अनाज का उपयोग करें। वहीं वैज्ञानिक अशोक कुमार एवं विनोद कुमार ने भी अपनी बात रखी। वही प्रखंड कृषि पदाधिकारी विनय कुमार ने पीएम किसान योजना तथा डीजल अनुदान पर अधिक से अधिक किसानों को लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में विभिन्न संस्था सहित प्रखंड के लगभग 150 से अधिक किसानों ने भाग लिए।

### शत प्रतिशत नामांकन को लेकर विद्यालय में चलाया गया प्रवेशोत्सव अभियान

रूपौली(पूर्णिया) ।रूपौली प्रखण्ड क्षेत्र के उत्तक्रित उच्च विद्यालय डुमरी स्कूल में आठवीं कक्षा उत्तीर्ण छात्र -छात्राओं का नवीं कक्षा में शत-प्रतिशत नामांकन कराने को लेकर प्रवेशोत्सव - विशेष नामांकन अभियान चलाया जा रहा है। वही उत्क्रमित उच्च विद्यालय डुमरी के प्रधानाध्यापिक कुमारी मंजू ने कहा कि विभागीय शिड्यूल के अनुसार यह अभियान 10 से 30 जुलाई तक चलेगा। जिसके लिए 11 व 22 जुलाई को विद्यालय शिक्षा समिति व प्रबंधन समिति की बैठक में नामांकन की समीक्षा की जाएगी। इस कार्यक्रम को क्रियान्वयन के लिए उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय डुमरी में विद्यालय के प्रधानाध्यापिक कुमारी मंजू के नेतृत्व में प्रवेशोत्सव - विशेष नामांकन अभियान के तहत विद्यालय के छात्र -छात्राओं द्वारा प्रभातफेरी निकालकर अभिभावकों व आमजनों को जागरूक किया गया। वहीं उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय डुमरी स्कूल समेत सभी विद्यालयों में प्रवेशोत्सव -विशेष नामांकन अभियान के तहत प्रभातफेरी निकाली गयी। वहीं प्रभातफेरी में माता-पिता करें ना भूल, बच्चों को भेजें स्कूल, खुश्बू हो हर फूल में, बच्चे हों स्कूल में, हर बच्चे को पढ़ाना है तो स्कूल में नामांकन कराना है, गगनभेदी नारे के साथ छात्र-छात्राओं ने बच्चों के नामांकन के लिए जन समुदाय को जागृत किया। मौके पर विद्यालय के वरीय शिक्षक सुबोध दास, सहायक शिक्षक सेराज आलम , कुन्दन कुमार, राजेश कुमार, रात्रि प्रहरी मिथुन कुमार व शिक्षक व छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

### बिना अनुज्ञप्ति के जुलूस निकालने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : डीएम

पूर्णिया । मोहर्रम पर्व के मद्देनजर जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक पूर्णिया की संयुक्त अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। शांति समिति की बैठक में सभी धर्मों के प्रबुद्ध जन उपस्थित थे। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा सभी अखाड़ा संचालकों को निर्देश दिया गया कि किसी भी परिस्थिति में बिना अनुज्ञप्ति के जुलूस का आयोजन ना किया जाए तथा सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले शरारती तत्वों पर कड़ी निगरानी की जाए और ऐसे शरारती तत्वों को चिन्हित कर जिला प्रशासन जिला प्रशासन को उपलब्ध कराएं ताकि नियमानुसार कानूनी कार्रवाई किया जा सके। सभी जुलूस के संचालको को अपने 20 -20 लोगो का नाम प्रशासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया की सभी लोगो को अफवाहों में नहीं आना है तथा मोहर्रम पर्व की सतर्कता एवम समवेनशीलता के साथ मानना है। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी लोगो से अनुरोध किया गया की यह सभी की सामूहिक जिमवेदारी है कि जिले का नाम न खराब हो तथा कोई भी असामाजिक तत्व अपने गलत मंसूबों मेंकामयाब न हो सके। जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया की डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध है इसलिए सभी को इसमें सहयोग करना है तथा ऐसी कोई भी नारेबाजी नही करनी है जिससे आपसी वैमनस्य बढ़े। समाज के सभी प्रबुद्ध जनों के द्वारा जिला पदाधिकारी के सकारात्मक पहल की सराहना किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी जुलूस के आयोजनकर्ता से किसी भी परिस्थिति में चिन्हित मार्ग से डायवर्ट नहीं करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने सभी लोगों से आपसी भाईचारा के साथ इस पर्व मनाने का अनुरोध किया।

# बिहार स्टार्ट-अप नीति 2022 के तहत ऑउटरीच कार्यक्रम का किया आयोजन

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। जिला परिक्षेत्र के उप विकास आयुक्त कुमार अनुराग की अध्यक्षता में अभियंत्रण महाविद्यालय परिसर में भागलपुर में स्टार्ट-अप ऑउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला क्षेत्र में अवस्थित अभियंत्रण महाविद्यलाय पॉलिटेक्निक कॉलेज एवं शौक्षणिक संस्थानों के अध्ययनरत छात्र व छात्राओं की उपस्थित रही थी। जिले में बिहार स्टार्ट-अप नीति- 2022 के तहत छात्र व छात्राओं को बताया गया कि उनके पास यदि कोई परंपरागत तरीको से चल रहे उद्योग से अलग उद्योग स्थापित करने का विचार हो तो वे बिहार स्टार्ट-अप नीति 2022 के तहत स्टार्ट-अप प्रोटल एप पर ऑन लाईन आवेदन कर सकते हैं। यदि उनका आईडिया चयनित हो गया है तो वैसे छात्र छात्राओं के लिए उद्योग विभाग द्वारा एक परीक्षा आयोजित की जायेगी। ऊक्त परीक्षा के सफल होने वाले आवेदनकर्त्ता को शीड फण्ड के रूप में दस लाख रुपए की राशि ब्याज रहित दस वर्षों के लिए दिया जायेगा।

स्टार्ट-अप आइडिया हेतु आइडेशन चैलेंज का आयोजित किया गया है। जिसमें प्रथम स्थान प्रणित कुमार, द्वितीय स्थान धीरज कुमार, अभियंत्रण महाविद्यालय, भागलपुर एवं तृतीय स्थान प्रियम कुमार भागलपुर राजकीय पॉलिटेक्निक को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के क्रम में उप विकास आयुक्त द्वारा बताया गया कि पाँच वर्ष पहले बिहार में सरकारी नौकरी की ओर रूझान देखी जा रही थी, लेकिन अब आज के दौर में स्टार्ट-अप की ओर युवाओं, युवतिओं की रूचि बढ़ी है, साथ ही जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक मनीष कुमार द्वारा बताया गया कि युवा स्टार्ट-अप की ओर अभिरूचि रखने पर उद्योग विभाग द्वारा हरसम्भव सहयोग दी जायेगी। उक्त कार्यक्रम में अभियंत्रण महाविद्यालय प्रचार्या डॉ. पुष्पलता, एकेडमीक इचार्ज प्रो. शशांक शेखर, उद्योग विभाग बिहार पटना वित्तीय परामर्शी शिवेन्द्र कुमार के अलावा अभियंत्रण महाविद्यालय व जिला उद्योग केन्द्र भागलपुर के अन्य कई पदाधिकारी एवं छात्र- छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज रही थी।

# किसान अपनी फसल को लेकर है चिंतित व परेशान

### क्षेत्र इलाके में कुल 8 प्रतिशत हो पाई है धान की खेती

प्रात : किरण संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर)। जिले भर में मौसम की आँख मिचौली से खेतिहर मजदूर व किसानों की धैर्य का बांध डगमगाने लगा है। किसान अपनी फसलों को लेकर काफी चिंतित व परेशान दिख रहे हैं। मानसून के दौरान बारिश नहीं होने से जिले के आसपास क्षेत्र इलाके में अभी तक बारिश की एक भी बूंद नही गिरी है, जिससे किसानों के खेतों में लगी फसल में पर्याप्त मात्रा में पानी नही मिल पाने के कारण 8 प्रतिशत तक ही धान की खेती हो पायी है। वही जिला परिक्षेत्र स्थित सुल्तानगंज प्रखंड के कटहरा, रघचक अनहार, मोथावाडी, आजाद नगर, कुमैठा, निसरपुर, बदामाचक, नयागांव, उधाडीह, माधोपुर, सातपुर सहित अन्य गांव के दर्जनों किसान बारिश नहीं होने से उनकी धैर्य का बांध टूट गया है साथ ही हजारों की लागत से खेतों में लगी फसलों को लेकर काफी चिंतित व परेशान दिख रहे है। वही खेतिहर मजदूर किसानों की मानें तो उन्होंने किसी तरह धान का बिचड़ा अपने खेत में लगाया था, लेकिन बारिश नहीं होने के कारण खेत में दरार आ गई है, जिससे खेतों में बुआई की हुई धान का बिचड़ा बर्बाद हो रहा है, दूसरी और किसान सिंचाई के लिए नलकूप की कोई सुविधा व व्यवस्था नहीं होने से जिला प्रशासन और राज्य सरकार पर भी काफी आक्रोशित दिख रहे है। वही अपनी पीड़ा को व्यक्त करते हुए आक्रोशित हो किसान ने बिहार में योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री बनाए जाने की बात भी कह दी। हम आपको बता दें कि अभी पूस नक्षत्र का माह चल रहा है, जो खेती के लिए बारिश सबसे अनुकूल माना जाता है। लेकिन कुदरत की आसमानी बादल की आँख मिचौली से उनकी उम्मीद पर पानी फेर अच्छा खासा नुकसान होता दिख रहा है।

# कार्यपालक अभियंता के घर निकला धनकुबेर का खजाना

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। बिहार पुल निर्माण निगम के कार्यपालक अभियंता के घर पर निकला धनकुबेर का खजाना। मामले को लेकर मिली जानकारी के मुताबिक जब उनके घरों और कार्यालयों में एक साथ निगरानी विभाग की 10 सदस्य टीम ने दबिश दी, तो उस दबिश के क्रम में टीम ने उनके घर से 98 लाख रुपए नगद, 78 लाख के सवर्ण जेवरात, 3 किलो चांदी सहित कई जमीन के कागजात, इंश्योरेंस कंपनी के कागजात, कई बैंक अकाउंट एटीएम कार्ड बरामदगी की थी। वही निगरानी टीम की दो दिन से चली जांच के क्रम में कुछ जमीन बिहार पुल निर्माण निगम के कार्यपालक अभियंता श्रीकांत शर्मा के नाम तो कुछ जमीन के कागजात उनकी धर्मपत्नी के नाम पर पंजीकृत मिले थे, साथ ही निगरानी की टीम ने कार्यपालक अभियंता श्रीकांत शर्मा को न्यायिक हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही हैं। वही टीम ने जोगसर ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत हनुमान नगर कॉलोनी स्थित कार्यपालक अभियंता के घर से मिले सभी सामान व कागजात तथा आभूषण को निगरानी टीम ने जप्त कर लिया है। साथ ही टीम ने आगे की प्रक्रिया के तहत रणनीति तैयारी की कवादय में जुट गई है। वही निगरानी विभाग टीम के अधिकारी ने मामले को लेकर बताया कि हम लोगों को पता चला था, कि बिहार पुल निर्माण निगम के कार्यपालक अभियंता श्रीकांत शर्मा के पास आय से अधिक संपत्ति है, इसलिए हम लोगों ने छापेमारी की और उसके पास से 98 लाख रुपए नगद, 78 लाख रुपए के सवर्ण आभूषण, 3 किलो चांदी सहित कई जमीन के कागजात, कई बैंक के अकाउंट और इंश्योरेंस कंपनी के कागजात व एटीएम आदि मिले हैं, जिसे जप्त कर लिया गया है, साथ ही कार्यपालक अभियंता को भी न्यायिक हिरासत में ले लिया गया है, जिसके विरुद्ध विधि संवत आगे की प्रक्रिया की जाएगी।

# ऐपवा का जिला सम्मेलन का किया आयोजन

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। ऑल इंडिया प्रोग्रेसिव विमेंस एसोसिएशन (ऐपवा) का दूसरा जिला सम्मेलन जिला सचिव रेनू देवी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिला सम्मेलन न्याय और बराबरी के लिए संघर्ष तेज करो के तर्ज पर आधारित आयोजित की गई थी। कार्यक्रम में ऑल इंडिया प्रोग्रेसिव विमेंस एसोसिएशन के सभी महिला पदाधिकारी व कार्यकताओं ने मणिपुर में हुए आदिवासी जाति की महिलाओं पर अमानवीय तरीके से घटित घटना को लेकर केंद्र सरकार के विरुद्ध आक्रोशित हो उन्होंने कोसते हुए कहा कि जल्द से जल्द केंद्र सरकार दोषियों को सजा दे, वरना जनता चुप नहीं बैठने वाली जिस तरह से पूरे भारतवर्ष में यह जघन्य अपराध और घिनौना काम हो रहा है, उक्त घटना से मानव जाति पूरी तरह से शर्मसार है। वही आयोजित ऑल इंडिया प्रोग्रेसिव मेंस एसोसिएशन के दूसरे जिला सम्मेलन कार्यक्रम में ऐपवा की जिला सचिव रेनू देवी ने कहा कि महिला के साथ जो दुर्व्यवहार हुआ है, उसे जनता कभी माफ नहीं करेगी, महिला सशक्तिकरण की बातें सिर्फ किताबों में धरी की धरी रह जाती है। उसे जमीनी स्तर पर केंद्र सरकार उतारने की कवायद में जुटे वरना अच्छा नहीं होगा। इसके लिए अगर प्रदर्शन करना पड़ेगा तो ऐपवा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता इसमें आगे बढ़ चढ़कर महिलाओं के हक की लड़ाई में सहयोग करेगी, साथ ही सरकार के विरुद्ध आंदोलन करने को बाध्य हो जाएंगे। इस दौरान संगठन के सैकड़ों महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### गंगा नदी में लगये गये बेरिकेटिंग टुटा, डुबने से बाल-बाल बचे कांवरिया

भागलपुर ।सुलतानगंज के अजगैविनाथ गंगा घाट एंव नमामि गंगे घाट पर मेला के 24 वें दिन गंगा के जल स्तर लगातार हो रही वृद्धि को लेकर बाढ नियंत्रण विभाग के द्वारा बेरिकेटिंग सही नहीं किये जाने पर गंगा नदी में स्नान करने के लिए कांवरियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वही गंगा नदी पर पहुंचे सील्लीगुडी के कांवरिया ने बताया कि गंगा घाट में बेरिकेटिंग टुट गया है जिससे गंगा स्नान करने में काफी परेशानी हो रही है, जो कई कांवरिया गंगा स्नान करने के दोरान डुबने से बाल बाल बच गऐ हैं। जिला प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान देने की जरूरत है, जिससे कांवरिया को गंगा स्नान करने के दौरान डुबने से बाल बाल बचाया जा सके। वही जिला प्रशासन द्वारा गंगा घाट में बेरिकेटिंग एंव जिओ बैग की जिम्मेदारी बाढ नियंत्रण विभाग को दी गई है, लेकिन बाढ नियंत्रण विभाग के पदाधिकारी द्वारा गंगा घाट में एक भी जिओ बैग नहीं दिया गया है, और न ही बेरिकेटिंग टुटने को लेकर मरम्मत कार्य प्रारंभ किया गया है, जिससे कांवरिया को गंगा स्नान करने में काफी परेशानी हो रही है।

# 85 किलो बजनी शिव प्रतिमा निर्मित विशाल कांवर ले हावड़ा से कांवरिया जत्था पहुंचा, अजगैविनाथ धाम

प्रात : किरण संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर)। सुलतानगंज के अजगैविनाथ धाम गंगा घाट पर मेला के 24वें दिन 85 किलो वजनी शिव साधना लिंन प्रतिमा निर्मित विशाल कांवर ले हावड़ा से कांवरिया का जत्था पहुंचा।

इस दौरान कांवरिया की टोली ने उतर वाहनी गंगा में आस्था की डूबकी लगाने के साथ स्नान कर विधिवत रूप में पुजापाठ करते हुए पैदल यात्रा के साथ बैधनाथ धाम रवाना हुआ है। इस दौरान हावड़ा के कांवरिया की टोली ने बताया कि मेला में हर वर्ष अजगैविनाथ धाम से गंगा जल लेकर अलग-अलग स्वरूप के कांवर निर्माण कर बैधनाथ धाम को जातें हैं। इस बार शिव जी के साधना में लिंन स्वरूप 85 किलो के वजनी के विशाल कांवर लेकर देवघर बैधनाथ धाम को रवाना हुए हैं, जो 40 लोगों का कांवरिया जत्था बारी बारी से अजगैविनाथ धाम से बैधनाथ धाम देवघर यात्रा करते हुए बाबा भोलेनाथ को जल अर्पित करने रवाना किया है, वही उन्होंने बताया कि बाबा भोलेनाथ हम सबों की सारी मनोकामनाएं पुर्ण करते हैं इस लिए हर वर्ष बैजनाथ धाम यात्रा पर निकल पड़े हैं, साथ ही बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, नेपाल, डिबलुगढ, आसाम, बंगाल, सहित अन्य राज्यों से हजारों कांवरिया अजगैविनाथ धाम से गंगा जल लेकर बैधनाथ धाम के लिए रवाना हुए हैं। वही पूरे नगर परिषद क्षेत्र इलाका बोलबम के जयकारों से गंजयमान रहा है।

## निजी जमीन से होकर नही दी जायेगी मोहर्रम जुलूस की अनुमति

शाहकुंड (भागलपुर)। प्रखण्ड परिक्षेत्र स्थित सजौर थाना क्षेत्र अंतर्गत राधानगर गाँव में मोहर्रम त्यौहार को लेकर विवाद अभी से गहराने लगा है। स्थानीय थाना पुलिस को राधानगर गाँव के कारु चौधरी ने सजौर थाना में आवेदन देकर अपने निजी रास्ते से होकर मोहर्रम जुलूस निकालने की आशंका जाहिर करते हुए एक लिखित आवेदन देकर मामले से अवगत कराया है। ग्रामीण कारू चौधरी ने अपने लिखित आवेदन में कहा है कि क्षेत्र में विवाद के उद्देश्य को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा मेरी जमीन का खाता नम्बर 141,110 खसरा नम्बर 1185, 1186, 1183, है। उसका रकवा 6.30 डिसमिल है, जो जमीन का मौजा दासपुर के अन्तर्गत पडता है। यह मेरी निजी जमीन है। इसलिए मेरी निजी जमीन पर मोहर्रम जुलूस निकालने हेतू अनुमति प्रदान नहीं की जा सकती है ।मामले को संज्ञान में लेते हुए सजौर थाना प्रभारी महाश्वेता सिन्हा ने बताया कि राधानगर के ग्रामीणों ने मोहर्रम पर्व त्यौहार को मनाने से जुड़ी एक आवेदन दिया गया गया है। उक्त दिये गये आवेदन पत्र के आधार पर संबंधित इलाके के मुहर्रम जुलूस आयोजन करने वाले लोगों से बातचीत की जा रही हैं।

# पदाधिकारियों के निरीक्षण करने के बावजूद विद्यालय में बच्चों की उपस्थित नगण्य

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। जहां एक और बिहार सरकार के द्वारा शिक्षा सुधार को लेकर के हर वर्ष लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर रही है, सरकार का मंशा है कि बिहार के बच्चे पढ़ें और आगे बढ़े इसको लेकर के सरकार ने हर विद्यालय में शिक्षक, विद्यालय का भवन, बिजली सहित वाईफाई जैसे सुविधा मुहैया कराई है। लेकिन कुछ पदाधिकारियों के भ्रष्टाचारी चरम सीमा पर होने के कारण बच्चे अपना जीवन मौत में धकेल करके पढ़ाई कर रहे हैं। ताजा मामला प्रखंड के चंद्रपुरा के प्राथमिक विद्यालय का बताया जा रहा है जहां पर के प्राथमिक विद्यालय स्थित है वहां पर मात्र एक शिक्षक मौजूद हैं जिसका नाम महेश आनंद सिंह है इस विद्यालय में मात्र दो कमरा एवं एक रसोईघर उपलब्ध है जिसमें विद्यालय के छात्र छात्रा जान अपने जोखिम में डालकर के पढ़ाई करते हैं। विद्यालय के छत इतनी जर्जर हो चुकी है कि अब वह पूरी तरह से ढलाई छोड़ छोड़ चुकी है छत छोड़ कर के गिर रहा है उस विद्यालय के भवन में कभी भी एक बड़ी घटना के घटने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इतना ही नहीं विद्यालय में कुल 56 बच्चों का नामांकन है जिसमें की 30 से 40 बच्चे हर रोज उपस्थित होते हैं उस बच्चे को मध्यान भोजन देने में विद्यालय प्रधान एवं शिक्षिकाओं को भी बहुत बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ता है । वर्तमान में विद्यालय में 03 चापानल स्थित है लेकिन बड़ी ही दुखद के स्थिति के साथ कहना पड़ रहा है, कि तीनों का तीनों चापानल खराब पड़ा हुआ है। विद्यालय के रसोइयों के द्वारा खाना बनाया जाता है उन्हें दूसरे के घर से पानी लाकर के भोजन बनाना पड़ता है और बच्चे को बड़े ही कष्ट से मध्यान भोजन खिलाती है प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा यह बताया गया कि चापानल खराब होने की सूचना हमने अपने विभाग को 13/ 4/ 2023 को ही दिया है। विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया कि इसके पहले विद्यालय की जर्जर भवन की स्थिति को लेकर हमने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को अवगत कराया है किंतु अभी तक किसी तरह का कोई कार्यवाही नहीं किया गया है। इससे स्पष्ट होता है कि शिक्षा विभाग के वरीय पदाधिकारी इतनी कुंभकरण की नींद में सोई हुई रहती है,कि इसका कोई वरण नहीं किया जा सकता है। इसके अलावे विद्यालय में एकमात्र शिक्षक होने के कारण कभी बीएलओ के कार्य तो कभी जनगणना के कार्य एवं कभी आधार सेटिंग का कार्य जैसे कार्यों को लेकर के शिक्षक अस्त व्यस्त रहते हैं। विद्यालय की पढ़ाई बाधित होते रहती है। अभी अभी बिहार सरकार के द्वारा नए नियम लागू किए गए हैं कि हर रोज विद्यालय के बच्चे की उपस्थिति शत-प्रतिशत करने को लेकर के विद्यालय को किसी ने किसी अधिकारी के द्वारा हर रोज निरीक्षण करवाया जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय निरीक्षण अधिकारी के द्वारा कराया जाना मात्र खानापूर्ति किया जाता है । इस विद्यालय में बच्चे की उपस्थिति नहीं देखी जा रही है, इससे स्पष्ट जाहिर होता है कि विद्यालय का निरीक्षण करना सिर्फ कागज पर सिमटकर रह जा रहा है।

### नीतीश को राजद ने कुर्सी देकर कर दिया है संतुष्ट, खुद चला रही सरकार : अंगद

पूर्णिया । बिहार में कहने को महागठबंधन की सरकार है जिसके मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं, लेकिन हकीकत यह है कि सरकार का पूरा नियंत्रण लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव के हाथों में है। नीतीश कुमार बस कठपुतली बनकर मुख्यमंत्री की कुर्सी से संतुष्टि पा रहे हैं, न कोई निर्णय लेने की शक्ति उसके पास है और न ही मुख्यमंत्री के रुप में कोई आदेश देने की। नीतीश कुमार को वैसे भी हमेशा से कुर्सी ही प्रिय रही है, अतः उन्हें उनकी प्रिय चीज देकर राजद उसे संतुष्ट कर दिया है और वे दिखावे के मुख्यमंत्री के रुप में अपनी कुर्सी से चिपके हुए हैं। उक्त बातें भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अंगद मंडल ने एक प्रेस बयान जारी कर कही है। उन्होंने कहा कि बिहार में राजद, जो वास्तव में सरकार चला रही है, उसने अपने पूर्व के इतिहास को दोहराते हुए राज्य में लोकतंत्र की हत्या कर रखी है।

# महिलाओं के साथ हुए अत्याचार के विरोध में निकाला प्रतिरोध मार्च

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। विगत दिनों मणिपुर में आदिवासी समुदाय की महिला के साथ अमानवीय व्यवहार व अत्याचार के विरोध में जिला समाहरणालय के कचहरी चौक स्थित राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद, भारत मुक्ति मोर्चा व बहुजन क्रांति मोर्चा के द्वारा प्रतिरोध मार्च का आयोजन किया गया। इस दौरान भारत मुक्ति मोर्चा, बहुजन क्रांति मोर्चा व राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद भागलपुर इकाई के दर्जनों कार्यकताओं ने मणिपुर सरकार व केंद्र सरकार के विरुद्ध काफी आक्रोशित दिखे कार्यकताओं ने इस दौरान केंद्र सरकार व गृहमंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कार्यकताओं का कहना था मणिपुर में जो विगत दिनों आदिवासी समुदाय की महिलाओं के साथ जघन्य अपराध हुआ है उसकी भरपाई नहीं हो सकती है, लेकिन केंद्र सरकार जल्द से जल्द दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दे, अन्यथा यह प्रतिरोध मार्च और विकराल रूप धारण करेगा, वही उन्होंने कहा कि जब तक दोषियों को सजा नहीं मिल जाती, तब तक हम लोग शांत नहीं बैठने वाले हैं। इस प्रतिरोध मार्च में भारत मुक्ति मोर्चा, बहुजन क्रांति मोर्चा, व राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद के दर्जनों अधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे। इस दौरान सभी प्रदर्शनकारियों ने एक स्वर में कहा कि आदिवासी दलित लोगों पर जुल्म ढाना बंद करो।

# सांसद चिराग पासवान ने रेल मंत्री को पत्र भेंटकर कटोरिया भाया तारापुर संग्रामपुर बेलहर रेल लाइन निर्माण शुरू कराने का रखा मांग

प्रात : किरण संवाददाता

तारापुर( मुंगेर)। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद चिराग पासवान ने पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मिथिलेश कुमार सिंह को अपने साथ लेकर वर्षों से क्षेत्रवासियों का चिरपरिचित कटोरिया भाया तारापुर संग्रामपुर बेलहर नई रेल लाइन का निर्माण काम शुरू कराने की मांग को सांसद श्री पासवान ने जोरदार तरीके से रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से दिल्ली में मिलकर रखा है । गौरतलब है कि सांसद ने रेल मंत्री को पत्र के माध्यम से एवं मिलने के दौरान आगे यह भी बताया है कि बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय कपूरी ठाकुर एवं मुंगेर से सांसद रहे स्वर्गीय मधुलिमिये ने भी अपने कार्यकाल के दौरान पत्र लिखकर रेल मंत्री से इस रेल परियोजना का निर्माण शुरू कराने को लेकर पत्र भेजा था । जहां तत्कालीन रेल मंत्री रहे लालू प्रसाद यादव ने इस रेल लाइन परियोजना की स्वीकृति अपने कार्यकाल के दौरान दिया था, जो तब से आज तक लंबित है । सांसद श्री पासवान ने रेल मंत्री को दिए अपने पत्र में पूर्व के भी कई पत्र जिक्र किया है । इधर गुरुवार को रेल मंत्री एवं क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से जुड़ा मुद्दों को लेकर दिल्ली से लौटते ही पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मिथिलेश कुमार सिंह ने बताया कि रेल मंत्री ने सांसद को नई रेल लाइन शुरू कराने को लेकर पूरा भरोसा जताया है । आगे बताया कि सांसद श्री पासवान ने बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को भी पत्र लिखकर मुंगेर विश्वविद्यालय के अंतर्गत पड़ने वाले आर एस कॉलेज तारापुर में एमए एवं एमएसी की पढ़ाई शुरू कराने का आग्रह किया है । जिससे खासकर तारापुर विधानसभा क्षेत्र के छात्र एवं छात्राएं खुद तारापुर में रहकर या अपने घर से आ जाकर आसानी से पढ़ाई कर सकें । इस मौके पर जमालपुर विधानसभा क्षेत्र से लोजपा रामविलास के प्रत्याशी रहे एवं जिला पार्षद दुर्गेश सिंह ,डॉक्टर सर्वेश कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे ।

# ब्राह्मण समाज का उपेक्षा भाजपा को महंगा पड़ेगा: प्रदेश संयोजक

प्रात : किरण ब्यूरो, मुंगेर

मुंगेर। ब्राह्मण को जिस तरह से मुंगेर भाजपा पार्टी के जिलाध्यक्ष के द्वारा उपेक्षा और अपमान किया जा रहा है पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा बिहार प्रदेश मंत्री सह अंतर्राष्ट्रीय ब्रह्मण संघर्ष समिति के बिहार प्रदेश संयोजक सुभाष चन्द्र मिश्रा ने कहा की ब्रह्मण वर्ण किसी भी राजनीति दल का मोहताज नहीं हैं। ब्राह्मण अपने ज्ञान से लोगों को सत्ता दिलाता हैं, मगर सत्ता का लोभ वे नहीं करता। लेकिन वर्तमान समय में जिस तरह से ब्राह्मणों की उपेक्षा और अपमान किया जा रहा है ।यह भविष्य मे भाजपा को भारी पड़ जायेगा । उन्होंने कहा य यह ही यहां के कुछ नेता चाहते है। ब्राह्मण वर्ण ही है जो हिंदुत्व को संगठित कर अपने धर्म की रक्षा कर रहा है। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि राष्ट्रवाद के नाम पर किसी पार्टी का समर्थन तब तक ब्राह्मण समाज करेगा जब तक हमारे समाज का सम्मान ये पाटीर्यो करेंगी। जिस तरह से ये राजनीतिक दल द्वारा मुंगेर जिला में ब्राह्मणों का अपमान किया जा रहा है ये भविष्य के लिए घातक साबित होगा। ब्राह्मण शिरोमणि श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी ने भाजपा के बारे में कहा था "हमारा एक भी पुराना कार्यकर्त्ता टूटना नहीं चहिए नए चाहे 10 जुट जाएं क्योंकि पुराने कार्यकर्त्ता हमारी जीत की गारंटी है और नए पर विश्वाश करना जल्दबाजी हैं, और ब्राह्मण भाजपा के पुराने वोटर हैं। मगर इन नेताओं के चलते मुंगेर जिला पदाधिकारियों के चलते भाजपा से बहुत दूर होती जा रही है और अगर यही प्रकरण चलता रहा लोकसभा चुनाव में हम ब्राह्मणों को इनसे अलग होने की जरूरत न पड़ जाए।

इसलिए मुंगेर प्रकरण पर बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को संज्ञान लेना चाहिए और मामले का निष्पादन अतिशीघ्र करना चाहिए।

### ब्रह्मलीन बी.पी. मोदी की बारहवीं पुण्यतिथि पर काव्य-गोष्ठी

प्रात : किरण ब्यूरो, मुंगेर

मुंगेरः लब्धप्रतिष्ठित समाजसेवी ब्रह्मलीन बलदेव प्रसाद मोदी की बारहवीं पुण्यतिथि पर बी. पी. मोदी फाउंडेशन के तत्वावधान में दो नंबर गुमटी पुअर हाऊस के सामने एक परिचर्चा सह काव्य-गोष्ठी मधुसूदन आत्मीय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। ब्रह्मलीन बलदेव प्रसाद मोदी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके पुत्र संजय केशरी ने बताया कि उनके जीवन का सूत्रवाक्य था, मुसीबत में जो देता है उसी को दान कहते हैं और पराए दुःख को जो समझे उसे इंसान कहते हैं...! संजय केशरी ने उन्हें याद करते हुए कहा "बच्चों का हर दुःख जो खुद सहते हैं, भगवान के उस स्वरूप को ही तो पिता कहते हैं"। संचालन करते हुए महासचिव सुबोध छवि ने इस अवसर पर भ्रष्टाचार पर चोट करते हुए कहा "देती जब सरकार महीना तो फिर तुम क्यों लेते घूस" तो डॉक्टर हे

## संक्षिप्त खबरें

### इनर व्हील क्लब ऑफ पटना के द्वारा दीघा घाट के पास 50 पौधे लगाए

पटना। इनर व्हील क्लब ऑफ पटना सौम्या की ओर से महिला आईटीआई कॉलेज कि छात्राओं के साथ मिलकर दीघा घाट के पास 50 पौधे लगाए। एक बच्ची का जन्मदिन के अवसर पर इनर व्हील लोगो टी-शर्ट उपहार भी भेंट किया। सदस्य सोना ने कहा कि प्रकृति की रक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है।

### शांति पूर्ण मुहर्रम को ले गड़हनी बाजार पर हुआ फ्लैग मार्च

गड़हनी।भोजपुर पुलिस कप्तान के आदेश पर मुहर्रम को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने को लेकर शुक्रवार को गड़हनी व चरपोखरी थाना क्षेत्र के इलाके एवं गड़हनी नगर पंचायत के बाजार पर देर शाम में एएसपी चन्द्रप्रकाश के नेतृत्व में पिरो डीएसपी राहुल सिंह व थानाध्यक्ष संजय सिन्हा राजीव कुमार रंजन समेत अन्य थानो के प्रभारी व पुलिस के जवानों के साथ संयुक्त फ्लैग मार्च किया।फ्लैग मार्च थाना क्षेत्र के विभिन्न गलियों एवं मुहल्ले में किया गया।फ्लैग मार्च के पूर्व एएसपी ने चरपोखरी पुलिस पिकेट केन्द्र गड़हनी में सभी खलीफा व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक किया।बैठक में उपस्थित सभी को चेताया कि कोई भी शराब के नशे में पाए जाते हैं तो उन्हें बक्सा नही जाएगा।साथ ही डीजे किसी भी हाल में नही बजाना हैं अगर पाए जाते हैं तो करवाई तय हैं।थाना प्रभारी ने बताया कि लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में मुहर्रम को सम्पन्न कराने का अपील किया गया। वही फ्लैग मार्च में दोनों थाना के पुलिस बल शामिल रहे।साथ ही अन्य थाना प्रभारी भी दल बल के साथ उपस्थित थे।वही पुलिस के फ्लैग मार्च से असामाजिक तत्वों व शराबियों में हड़कंप मच गया।

### पाटलिपुत्रा ग्राउण्ड में सावन मेला का उद्घाटन

पटना। पटना में आरम्भ बिजनेस एण्ड मार्केटिंग द्वारा आयोजित सावन मेला का शुभ उद्घाटन समाजसेवी सायण कुणाल (निदेशक ज्ञान निकेतन) के द्वारा पाटलिपुत्रा ग्राउण्ड, पाटलिपुत्रा गोलम्बर, पटना में किया गया। मेला के विक्की पाण्डेय ने बताया कि इस मेले में प्रवेश निःशुल्क रखा गया है। इस मेले में भिन्न-भिन्न प्रकार के झूले लगाए गये हैं। जिनमें ब्रेक डांस, ज्वाईट व्हील, ड्रेगन ट्रेन, ऐरोप्लेन, मिनी ट्रेन, घूम बाईक, मिक्की माउस, वॉल-वंशी, किड्स राईड इत्यादि है। मेला के अभिषेक सिंह एवं अभय सिंह ने बताया कि इस मेले में विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए गए है। जिसमें हैण्डलुम हैण्डीक्राफ्ट, ज्वेलरी, खिलौने, राजस्थानी कंगन, परिधान एवं अचार, मुम्बई के फैन्सी चप्पल, जूते, पर्स, बैग एवं अन्य बहुत सारे घरेलू जरूरतों का सामान एक ही साथ उपलब्ध होंगे साथ ही इस मेले में मनोरंजन, खरीदारी के अलावे खान-पान की विशेष व्यवस्था भारतीय व्यंजन एवं चाईनीज फास्ट फूड के साथ भेलपुरी, पावभाजी, पॉपकॉर्न, कोल्ड ड्रिंक, आईस्क्रीम, पेस्टीज इत्यादि मौजूद है।

### प्रख्यात चिकित्सक के निधन जिले के अपूर्णीय क्षती - जिला उपाध्यक्ष जदयू

गया।जिले के प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं फुटबॉल संघ के पूर्व अध्यक्ष डा0 फरास्ता हुसैन के असामयिक निधन पर जनता दल यू के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार दास ने गहरा दुःख व्यक्त किया है।कुमार ने कहा कि एक अच्छे स्वभाव के समाजसेवी के रूप में कार्य करते रहे हैं।उनके निधन से जिले को अपूरणीय क्षति हुई है।

### एनईपी 2020 - भारत केन्द्रित शिक्षा को प्राविधानित करने का सबसे सशक्त माध्यम, कुलपति

गया।राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 (एनईपी) की तीसरी वर्षगांठ के अवसर पर एक भव्य आयोजन ह्यशिक्षा समागमह्न के नाम से दिल्ली में 29 जुलाई को होने जा रहा है, जिसमें देश के यशस्वी प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। उच्च शिक्षण संस्थाओं और स्कूली शिक्षण संस्थाओं का दायित्व केवल राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन तक ही सीमित नहीं है। अपितु जन सामान्य तक इसको पहुँचाना तथा उससे होने वाले परिणामदायी उपलब्धियों से आम आदमी को अवगत कराना है। चौथा स्तम्भ होने के कारण मीडिया जन सामान्य तक राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की विशेषताओं और विशिष्टताओं को पहुंचाने में एक सक्षम एवं सशक्त साधन है।

# लाठी गोली की सरकार को बिहार देगा कलम से जवाब: दुर्गा राज

प्रात : किरण संवाददाता

आरा ।भारतीय जनता युवा मोर्चा,जिला अध्यक्ष बिभु जैन की अध्यक्षता में आरा के स्टेशन परिसर में भाजपा जिला अध्यक्ष दुर्गा राज द्वारा बिहार में बढ़ते अपराध, भ्रष्टाचार,अराजकता, छात्र-युवा-आम जनता पर हो रहे दमन, लाठीचार्ज तथा 10 लाख सरकारी नौकरी के झूठे वादे को लेकर राज्यव्यापी हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया गया। ज्ञात हो कि 13 जुलाई को भाजपा कार्यकताओं द्वारा निकाली गई विधानसभा मार्च के दौरान पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज में कई भाजपा कार्यकर्ता घायल हो गए थे। इसी क्रम में आज भाजपा मुख्यालय में हस्ताक्षर अभियान और पुलिसिया कारवाई के दौरान किए गए बर्बरता को प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया।

इस मौके पर दुगार्राज ने कहा की भारतीय जनता युवा मोर्चा सभी विधानसभा केंद्रों एवं मंडलों में बिहार में बढ़ते अपराध, भ्रष्टाचार,अराजकता, छात्र-युवा-आम जनता पर हो रहे दमन, लाठीचार्ज तथा 10 लाख सरकारी नौकरी के झूठे वादे को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाएगी और प्रदर्शनी के माध्यम से 13 जुलाई को किए गए पुलिसिया कार्रवाई में कार्यकताओं के ऊपर किए बर्बरतापूर्वक कारवाई को प्रदर्शित करेंगे। जनता की आवाज उठाने पर भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं पर किए गए दुर्भाग्यपूर्ण कारवाई का बदला बिहार की जनता लेगी। नीतीश कुमार से सवाल पूछते हुए श्री दुर्गा राज ने कहा कि क्या भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाना गलत है, छात्रों व शिक्षकों की आवाज उठाना गलत है, क्या चार्जशीटेड उपमुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग करना गलत है। भाजपा न डरेगी, न झुखेगी, न रुकेगी।आइए आप भी अपने हस्ताक्षर से बदलिए बिहार को। कलम की ताकत महागठबंधन सरकार की लाठी-गोली पर भारी पड़ेगी।

इस मौके पर भाजयुमो जिला अध्यक्ष बिभु जैन ने कहा की भाजपा कार्यकताओं के ऊपर किए गए दमनकारी कारवाई के विरोध में भाजयुमो कार्यकर्ता सभी विधानसभा केंद्र और मंडल में हस्ताक्षर अभियान चलाएंगे। भाजयुमो के द्वारा हस्ताक्षर महा-अभियान को 24 जुलाई से 9 अगस्त तक प्रदर्शनी लगाकर हर शहर-नगर, गाँव-कस्बे में चलाया जाएगा। नीतीश कुमार जनता की आवाज व विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए पुलिस का दुरुपयोग कर रहे इसका जवाब बिहार की जनता देगी। नीतीश कुमार जेपी के शिष्य थे परंतु उन्होंने पहले भ्रष्टाचार और उसके बाद आवाज उठाने वालों के ऊपर लाठी चलवाकर जयप्रकाश नारायण के पुण्य आत्मा को ठेस पहुंचाई है, बिहार की जनता इनको माफ नही करेगी।

इस मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सीडी शर्मा , राजेंद्र तिवारी, कौशल विद्यार्थी, महेश पासवान, युवा मोर्चा महामंत्री राहुल सिंह, उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, आदित्य सिंह आदि, राकेश सिंह,मंत्री अभिषेक अमन, प्रवक्ता अंकित तिवारी, आदित्य प्रसाद, अभय सिंह, अभिषेक मिश्रा, सोनू कुमार, राहुल चंद्रवंशी, आनंद मोहन प्रताप सिंह, देवेंद्र तिवारी, प्रतिक राज,आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे जिसकी जानकारी मीडिया प्रभारी अरिहंत विजय जैन ने दिया।

# भाकपा - माले के संस्थापक महासचिव का.चारु मजूमदार की शहादत की 52वीं वर्षगांठ मनाया गया

प्रात : किरण संवाददाता

आरा भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के संस्थापक महासचिव कॉमरेड चारु मजूमदार की शहादत की 52वीं वर्षगांठ पर आरा के क्रांति पार्क सहित जिले के सैकड़ों गांवों, पार्टी कार्यालयों में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में आगामी लोकसभा चुनाव में फासीवादी भाजपा की मुकम्मल हार सुनिश्चित करने के लिए भाकपा झ माले को जनान्दोलनों का मजबूत स्वर बनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर पार्टी की ओर से जारी संकल्प का पाठ भी किया गया।

आरा के क्रांति पार्क में आयोजित कार्यक्रम में भाकपा-माले वरिष्ठ नेता व पोलित ब्यूरो सदस्य स्वदेश भट्टाचार्य, जिला सचिव जावाहर लाल सिंह, केंद्रीय कमेटी सदस्य राजू यादव,राज्य कमेटी सदस्य शिव प्रकाश रंजन, राज्य कमेटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी,शब्बीर कुमार,जसम के राज्य अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, मीडिया प्रभारी चन्दन कुमार, जिला कमेटी सदस्य राजनाथ राम,जितेंद्र सिंह,सुधीर सुमन,गोपाल प्रसाद,अमित कुमार बंटी,शोभा मंडल,पप्पू कुमार राम, विकास कुमार,सुशील पाल, हरिनाथ राम, बबलू गुप्ता,संतविलास राम,रौशन कुशवाहा,धीरेंद्र आर्यन,कृष्णरजंन गुप्ता,देवानंद राम,लव कुमार,शिवराज कुमार,धनंजय कुमार सिंह,कृष्णरंजन गुप्ता,अनिल वर्मा,रणधीर कुमार राणा,राहुल गुप्ता,दीपांकर कुमार,शुभम मौर्या शामिल थे! सभा का संचालन भाकपा-माले नगर सचिव दिलराज प्रीतम ने किया!

मौके पर कॉमरेड स्वदेश भट्टाचार्य ने कहा कि साल की शुरूआत पटना में 11वें पार्टी महाधिवेशन के आयोजन से की गई थी। हमारे पार्टी महाधिवेशन द्वारा दिये गए नारे- ह्ललोकतंत्र बचाओ, देश बचाओह्व की अनुगूंज, आज पूरे देश में सुनाई दे रही है। भारत के विभिन्न हिस्सों में आज के ज्वलंत सवालों पर शक्तिशाली प्रतिरोध और संघर्ष प्रस्फुटित हो रहे हैं। हमारे महाधिवेशन से शुरू की गयी विपक्षी पार्टियों की व्यापक आधार वाली एकता की पहल व गति पकड़ चुकी है।

विभिन्न पार्टियों की दो दौर की बैठकों के बाद एक व्यापक गठबंधन, इंडिया के नाम के साथ, आकार ग्रहण कर रहा है। गैर भाजपाई दलों की व्यापक श्रृंखला के साथ, हमारी पार्टी इस गठबंधन का प्रतिबद्ध घटक है। इस प्रक्रिया को आगे ले जाने के लिए हम अपने प्रयासों को तीव्रऔर अपनी भूमिका का विस्तार करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि जमीनी स्तर के पार्टी ढांचों- पार्टी ब्रांच और पार्टी लोकल कमेटी- पर जोर देना है। सामने मौजूद निर्णायक चुनावी लड़ाई में जबर्दस्त जनगोलबंदी सुनिश्चित करवाने की यही कुंजी है। जिला सचिव जवाहरलाल सिंह ने कहा कि मोदी हुकूमत के पिछले नौ सालों में भारत की जनता ने जबर्दस्त प्रताड़ना झेली हैं। राज्य द्वारा थोपी गयी जन विरोधी नीतियों व दमनकारी हथकंडों तथा नरमेधी दस्तों द्वारा फैलाई जा रही घृणा, हिंसा व भय, एवं संघ-भाजपा द्वारा घृणा अभियान के जरिये उकसायी गयी भीड़ ने देश को अभूतपूर्व संकट में डाल दिया है। जम्मू-कश्मीर में जो हुआ और मणिपुर में मई 2023 से जो हो रहा है, वो कोई अलग-थलग मामलों के उदाहरण नहीं हैं; अगर भाजपा का राज और प्रभुत्व जारी रहा तो पूरे भारत में क्या होगा, इसकी झलक हमारे सामने है।

इसलिए हमें अपनी पूरी ताकत व ऊर्जा, साहस और प्रतिबद्धता को एकत्र करना होगा ताकि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराया जा सके और मोदी सरकार को सत्ता से बेदखल किया जा सके। आरा के आलावें आरा मु, कोईलवर, बड़हरा, सन्देश, अगिआंव, सहार, तरारी, चरपोखरी, गड़हनी, पीरो, जगदीशपुर, उदवंतनगर, बिहियां, के पार्टी दफ्तर व सैकड़ों गांवों में मनाया गया।

# पंचायत समिति गड़हनी की बैठक में छाया रहा जल संकट का मुद्दा

प्रात : किरण संवाददाता

गड़हनी।स्थानीय प्रखण्ड मुख्यालय के सभागार में शुक्रवार को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के छः माह बीतने के बाद तीसरा पंचायत सामिति का साधारण बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख बिमल कुमार व संचालन बीडीओ बीरेंद्र कुमार ने किया।वही बैठक में आधे से अधिक पंचायत समिति के सदस्यों की संख्या नगण्य थी इस सवाल पर बीडीओ ने बताया कि छः समिति सदस्य उपस्थित हैं।बतादे की उप प्रमुख समेत लगभग सात समिति सदस्य सदन में उपस्थित नही थे।बैठक में सबसे पहले स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी समस्या को ले बराप मुखिया चंद्रशेखर सिंह ने सदन में पूरी जोरदार तरीके से आशा नियुक्ति को ले सवाल किया।इस पर स्वास्थ्य प्रबन्धक ने कहाँ की आशा नियुक्ति से संबंधित जानकारियां उपलब्ध कारा दी जाएगी।

वही बलिगांव मुखिया सुनील पाल ने आंगनबाड़ी कोड संख्या 51 के सेविका पर आरोप लगाते हुए सहायिका को ड्यूटी करने से रोकने का आरोप लगाया उपस्थित सीडीपीओ स्वाति कुमारी ने कहा कि अभी नए आए हैं इस मामले को दिखवा लूँगी।वही बराप मुखिया ने प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों में पेयजल संकट को देखते हुए बन्द पड़े सभी पीएचडी चापाकल का ब्यौरा की मांग की गई,तकी सभी को दुरुस्त करने को ले जिलाधिकारी को पत्र लिखा जाएगा।जिसपर पीएचडी जेई बसंत कुमार से भी जवाब तलब किया गया। वही बाल विकास परियोजना से निजी भवनों पर संचालित हो रहे आंगनबाड़ी केंद्रों को जल्द आसपास के विद्यालयों में शिफ्ट करने का निर्देश दिया गया।बीडीओ ने कहाँ की आदेश निर्गत होने के वावजूद भी विद्यालय में क्यों नही शिफ्ट किया गया इसका जवाब देना।

# शुरूआती लक्षण पकड़ में आ जाएं तो बच सकते हैं हेपेटाइटिस से: पारस एचएमआरआई

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। पेशाब पीला होना, खून की उल्टी, पैर फूलना, भूख कम लगना, थकान जैसे लक्षण शरीर में दिखे तो ये हेपेटाइटिस के लक्षण हो सकते हैं। देखा जाय तो हेपेटाइटिस बहुत ही खतरनाक बीमारी है और कई मौकों पर ये जानलेवा बन जाती है। मगर शुरूआती लक्षण पकड़ में आ जाएं तो इससे बचा जा सकता है। इसके लिए जरूरी है कि शुरूआती लक्षण दिखने पर ही डॉक्टर से मिलें। विश्व हेपेटाइटिस दिवस (28 जुलाई) के मौके पर पारस एचएमआरआई पटना के एचओडी हेपेटोबिलरी साइंस डॉ. सत्यम सिन्हा ने ये सलाह दी। उन्होंने बताया कि आज हमारे लिए राहत की बात है कि ए, बी हेपेटाइटिस की वैक्सीन आ गयी है। सभी लोगों को हेपेटाइटिस की वैक्सीन लगवानी चाहिए। खासकर नवजात बच्चों को इसकी वैक्सीन दिलाने में कोई कोताही न बरतें। प्रिवेंशन ही हेपेटाइटिस से बचाव का उपाय है। उन्होंने बताया कि वायरल हेपेटाइटिस चार प्रकार के होते हैं-ए, बी, सी और ई। हेपेटाइटिस ए और ई संक्रमित खाना और दूषित पानी के सेवन के कारण होता है। हेपेटाइटिस बी और सी संक्रमित खून, असुरक्षित यौन संबंध और इस तरह के अन्य कारणों से होता है। हेपेटाइटिस ए / ई एक्यूट प्रेजेंटेशन करता है जैसे- बुखार आना, जॉन्डिस होना आदि। वहीं हेपेटाइटिस ई गर्भवती महिला में लिवर फेल्योर का कारण बन सकता है। हेपेटाइटिस बी और सी क्रोनिक इंफेक्शन कराते है जिसमें वायरस लम्बे समय तक लिवर को प्रभावित करता है। पेट में पानी आ जाना, खून की उल्टी होना या बेहोश होना आदि इसके प्रमुख लक्षण हैं। यह जॉन्डिस या लिवर कैंसर का कारण बनता है।

पारस एचएमआरआई के मेडिकल सुप्रिटेंडेट डॉ. नीतेश कुमार ने कहा कि विश्व हेपेटाइटिस दिवस के मौके पर हमारा मकसद ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करना है।

# मोहर्रम को संपन्न कराने के लिए डीएम एवं एसएसपी, वरिष्ठ अधिकारियों ने किया फ्लैग मार्च

प्रात : किरण संवाददाता

गया।मोहर्रम पर्व के अवसर पर विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी डॉ० त्यागराजन एसएम, वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती, नगर पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, पुलिस उपाधीक्षक नगर सहित अन्य दंडाधिकारी एवं वरीय पुलिस पदाधिकारियों द्वारा आज संध्या में समाहरणालय- केदारनाथ मार्केट -जीबी रोड- आजाद पार्क- पंचायती अखाड़ा- कर्बला-बागेश्वरी होते हुए विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर पैदल फ्लैग मार्च किया गया है।

जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा सभी स्थलों पर लगातार फ्लैग मार्च किया जा रहा है। इसके साथ ही गया शहर के सभी संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य है कि आम नागरिकों में सुरक्षा का भावना को बढ़ाना और साथ में जो असामाजिक तत्व जो रहते हैं, जो गड़बड़ी करने की मंशा रखते हैं। उनको एक तरह से कड़ी चेतावनी मिलती है कि वह पूरी सतर्क हो जाएं। पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह मुस्तैदी से तैयार है। कोई भी गड़बड़ी करने की मंशा रखेंगे तो उनके विरूद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# स्थगित जनता दरबार मे पचास फरियादियों को निपटारा जिलाधिकारी ने किए

प्रात : किरण संवाददाता

गया जिला पदाधिकारी के जनता दरबार कार्यक्रम रद्द (स्थगित) रहने के बावजूद लोग दूर-दराज इलाके से समाहरणालय आ गए थे। जिले पदाधिकारी ने अति व्यस्ततम समय निकालकर आये व्यक्तियों के समस्याओं को सुना गया एवं समाधान किया गया है।जनता दरबार में करीब 50 व्यक्तियों के मामले को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को जांच यथाशीघ्र कराते हुए जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। आवेदकों के कई मामलों में जिला पदाधिकारी द्वारा जिले के वरीय पदाधिकारी द्वारा मामले को जांच करने का भी जिम्मा दिया गया है।प्रधानमंत्री आवास से संबंधित आए मामलों को जिला पदाधिकारी ने निदेशक डीआरडीए को संबंधित आवेदनों को यथाशीघ्र जांच करते हुए पात्रता रखने वाले व्यक्तियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाना सुनिश्चित कराएंगे।कई व्यक्तियों ने भूमि विवाद, आपसी बटवारा, अतिक्रमण, जमीन संबंधी दिक्कते आदि से संबंधित आवेदन दिए हैं उन सभी आवेदन के आलोक में जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी तथा थानाध्यक्ष एवं अनुमंडल पदाधिकारी , अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अध्यक्षता में थाना स्तर एवं अनुमंडल स्तर पर प्रत्येक शनिवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार में दोनों पक्षों के व्यक्तियों को बुलाकर संबधित मामलों का तेजी से निराकरण कराने का निर्देश दिए हैं। बेलागंज अंचल के आए आवेदक ने बताया कि बेल्हारी पंचायत में दाखिल खारिज के नाम पर राजस्व कर्मचारी विनोद कुमार चौधरी द्वारा अवैध पैसा का मांग किया जाता है। इस पर जिला पदाधिकारी ने अंचल अधिकारी बेलागंज को निर्देश दिया कि मामले की जांच करते हुए संबंधित राजस्व कर्मचारी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करावे।

# डीएम ने रिवरफ्रंट के तहत किये जाने वाले कार्यों के वर्क प्लान की बिंदुवार जानकारी ली

प्रात : किरण संवाददाता

गया। विकास आयुक्त बिहार विवेक कुमार सिंह द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधान सचिव पर्यटन विभाग, जल संसाधन के मुख्य अभियंता एवं गया से जिला पदाधिकारी गया डॉ त्यागराजन एसएम, नगर आयुक्त सहित अन्य लाइन डिपार्टमेंट के अधिकारियों के साथ रिवरफ्रंट के तहत किये जाने वाले कार्यों के वर्क प्लान की स्थिति के बारे में बिंदुवार जानकारी लिया, ताकि तेजी से डीपीआर फाइनल कराया जा सके।वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के पश्चात जिला पदाधिकारी ने कहा कि मानपुर बाईपास स्थित ओवरब्रिज के समीप से प्रस्तावित रिवरफ्रंट डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तरह यात्रियों को बाईपास पुल के समीप से ही सीधे फल्गु के तट पर मंदिर के समीप पहुंचाया जाएगा, इसके लिए नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता राजस्व, जल संसाधन के अभियंता, बुडको के अभियंता अपने स्तर से किये जाने वाले कार्यो का अच्छा से घूम कर आकलन करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध करावे।

जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता बुडको को निर्देश दिया कि केंदुई, दंडीबाग के क्षेत्र तथा मानपुर पुल के दक्षिणी छोर से बह रहे नाला का पानी, जो फल्गु के किनारे गिर रहा है।उसे पूरी अच्छी तरीके से चिन्हित करने का निर्देश दिए हैं इसके साथ ही कहा कितने घरों से नाला का पानी आ रहा है और किन-किन स्थानों से आ रहा है, इसका पूरी अच्छी तरीके से सर्वे कराएं। उन्होंने निर्देश दिया कि जिस तरह से मनसरवा नाला के माध्यम से नाली का पानी को डायवर्ट किया गया है। उसी प्रकार दक्षिणी छोर के नालों को भी मनसरवा के साथ जोड़ने हेतु एक अच्छे तरीके से प्रस्ताव बनाये। ताकि उस नाला के पानी को रोकते हुए मनसरवा में जोड़ा जा सके। मनसरवा नाले के ऊपर भी रोड निर्माण का प्रस्ताव है। रिवर फ्रंट प्रोजेक्ट बनने के पश्चात पार्किंग एरिया में पर्याप्त पीने के पानी की व्यवस्था टॉयलेट सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं रखा जाएगा। नगर निगम के कुछ सरकारी स्ट्रक्चर हैं उसे आशीष से ही चिन्हित कर लेने एवं माफी करवा देने का निर्देश दिए हैं। बाईपास पूल के दाएं एवं बाएं छोर से निकलकर सीधे मंदिर तक जाने हेतु रास्ता बनाने का प्रस्ताव है। डीएम ने अपर समाहर्ता गया को निर्देश दिया कि पूरे जमीन का मापी करवाये। पूल से सटे हुए नदी के नीचे नीचे भूखंड का अच्छे तरीके से मापी कराएं कि कितना सरकारी जमीन कितना निगम का जमीन एवं कितना प्राइवेट जमीन है इसके साथ ही कितना और कौन से प्रकार का स्ट्रक्चर है। पूरी अच्छी तरीके से एलाइनमेंट तैयार करने को कहा गया है। अमीन को लगाकर खाता खेसरा रखवा निकालें ताकि जमीन का पूरा विवरण से अवगत होते हुए आगे का कार्य किया जा सके।वाहन पार्किंग के लिए तीन स्थान चिन्हित किया गया है। पुल निर्माण विभाग के ऑफिस के समीप कार्यालय एवं खाली पड़े बड़े भूखंड, सीता कुंड के समीप भूखंड एवं मंदिर के समीप जो पूर्व में पार्किंग में प्रयोग में आने वाले जमीन शामिल है। इस सभी तीन स्थानों पर पार्किंग का निर्माण कराया जाएगा ताकि अधिक से अधिक वाहनों को पड़ाव हो सके। उन्होंने कहा कि कुछ नगर निगम के पूर्व के स्ट्रक्चर भी बीच मे पड़ेगा इसे नापी करवाने के बाद डिमोलिश किया जाएगा।

# स्वर्गीय केशव प्रसाद सिंह का सातवीं पुण्यतिथि मनाया गया

प्रात : किरण संवाददाता

आरा स्वर्गीय केशव प्रसाद सिंह पूर्व प्रत्याशी पिरो विधानसभा क्षेत्र भोजपुर सह सामाजिक कार्यकर्ता का आज सातवीं पुण्यतिथि वीर कुंवर सिंह स्टेडियम आरा भोजपुर बिहार में किया गया , जोकि पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार सह बिहार राज्य थ्रो बॉल एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक डॉ कांति सिंह के पति थे यह कार्यक्रम जीतू चंद्रवंशी की अध्यक्षता में की गई इस कार्यक्रम में केशव प्रसाद सिंह के चित्र पर माल्यार्पण विभिन्न संगठनों के द्वारा किया गया एवं 2 मिनट का मौन धारण किया गया इस पुण्यतिथि में उपस्थित लोगों में पूर्व उपाध्यक्ष जिला परिषद शैलेंद्र कुमार ने कहा केशव बाबू बहुत ही दयालु गरीबों पर दया करने वाले खेलकूद में भी रुचि रखने वाले एवं सामाजिक कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाले लोगों में थे कि जिला परिषद धनंजय कुमार ने कहा की उनकी कमी पार्टी को महसूस होते रहती है युवा राजद भोजपुर जिला अध्यक्ष अरुण कुमार ने कहा की अगले साल से इनकी पुण्यतिथि बड़े से बड़े कार्यक्रम कर कर मनाया जाएगा सभा में उपस्थित लोगों में अशोक तिवारी समाजसेवी सुधीर सिंह शिवकुमार शर्मा नगर अध्यक्ष राजद शिव पर्सन यादव सत्यदेव राय फुटबॉल संघ के सचिव रविंद्र कुमार दिनेश कुमार गौतम मंगल माही शशी सिंह अपने जमाने के वरिष्ठ फुटबॉलर अमरनाथ प्रसाद रविंद्र यादव उपेंद्र राय गणेश कुमार जेपी सिंह कमल चंद्रवंशी कुमार विजय क्रिकेट एकेडमी के कोच धर्मेश उपाध्याय फुटबॉल कोच मुकेश चंद्रवंशी जिला युवा अध्यक्ष एवं विनीत गौतम और शमशाद खान प्रशिक्षक गोल्डन बेबी फुटबॉल एकेडमी आरा और उनके सभी बच्चे शामिल थे अंत में धन्यवाद ज्ञापन जिला एथलेटिक संघ के सचिव जसवंत कुमार सिंह ने किया।

# जलवायु परिवर्तन से जन जीवन प्रभावित सबको करना होगा पौधारोपण : इंदु

प्रात : किरण संवाददाता

आरा आज यूथ फॉर सेवा के तत्वावधान में मॉडल इंस्टीट्यूट के प्रांगण में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर माननीय मेयर इंदु देवी के कर कमलों से पौधारोपण किया। इस अवसर पर महोगनी ,नीम, गुलमोहर ,ग्रीन सेमर ,पीपल , आंवला व जामुन का पौधा लगाया गया। इस अवसर पर मेयर इंदु देवी ने कहा की यूथ फॉर सेवा शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहा हैं। संगठन पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण ,स्वच्छता अभियान के साथ जल संरक्षण और पंछी बचाओ अभियान को समय समय पर करते हैं जो सार्थक होने के साथ समाज के लिए प्रेरक कार्य हैं।

हमलोगो को इस अभियान में बढ़- चढ़ सहभागिता निभानी चाहिए। वहीं अभियान से शामिल विधालय के प्रिंसिपल राधेश्याम पासवान ने कहा की यूथ फॉर सेवा का वृहद पौधारोपण अभियान में विधालय परिवार हर संभव सहयोग करने के साथ शारीरिक रूप से सहभागी होकर पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को पुरा करेंगे। यूथ फॉर सेवा के सार्थक व जनोपयोगी कार्य में सबको आगे आना चाहिए।कार्यक्रम का नेतृत्व विश्व पर्यावरण बचाओं संस्थान के राजेन्द्र पर्यावरण व धन्यवाद ज्ञापन डॉ राजीव ने किया। इस अवसर पर यूथ फॉर सेवा के प्रदेश संयोजक पर्यावरण आनंद कुमार ,वैभव कुमार रविन्द्र कुमार ,डॉ ममता मिश्रा ,डॉ अजीत सिंह सुशील शर्मा अवध शर्मा ,प्रकाश चन्द्र ,रीना सिंह ,राजदेव ,शाहीना राजेश मोची, विनय दुवे मधूकर गुप्ता सहित अन्य थें।

# आशा व फैसिलेटर संघ ने गड़हनी में मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री का फूका पुतला

प्रात : किरण संवाददाता

गड़हनी। बिहार राज्य आशा व फेसिलेटर कार्यकर्ता संघ के बैनर तले आज सभी आशा कार्यकर्ताओ व फेसिलेटर ने सरकार के खिलाफ जुलूस निकाला।जुलूस प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से निकला और ब्लॉक रोड मोड़ पर आकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पुतला दहन किया।पुतला दहन के समय नीतीश कुमार हाय हाय,नीतीश कुमार होश में आओ जैसे कई नारे लगा रहे थे।संघ के जिलाध्यक्ष ने कहा की आज हम लोगो का धरना प्रदर्शन का 15 वा दिन है लेकिन कोई सुनने वाला नही है।धरना पर रहने से स्वास्थ्य विभाग के कई कार्य प्रभावित है फिर भी कोई फर्क नही पड़ रहा है सरकार के ऊपर।साथ ही कहा की हम लोग दिन रात मेहनत करते है और मजदूरों से भी कम मान दे हम लोगो को मिलता है।हम लोगो ने 12 सूत्री मांगो को ले धरना प्रदर्शन कर रहे है।जो पार्टी हमारी मांगे को पूरा करेगी या नीतीश कुमार हो या भाजपा की सरकार हो हम लोग उनको ही चुनाव में सपोर्ट करेंगे।जब तक हम लोगो की मांगे पूरी नही होगी हम लोग काम पर नही लौटेंगे।

# डीएम ने ऑथोर्पेडिक सर्जन के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

प्रात : किरण संवाददाता

गया। जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने प्रसिद्ध ऑथोर्पेडिक सर्जन डॉ फरासत हुसैन के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। जिला पदाधिकारी ने अपने शोक संदेश में कहा है कि डॉ फरासत हुसैन के इंतकाल की खबर से दुखी हूं। जिला पदाधिकारी ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि वे उन्

# यूपीआई के बाद अब दुनिया में जमेगी रुपये की धाक, खत्म होगी अमेरिका की बादशाहत!

- अमेरिका के स्विफ्ट की तरह सिस्टम बनाएगा भारत
- रुपये के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमकाने का है प्लान
- द्विपक्षीय व्यापार रुपये में सेटल करने में मदद मिलेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** यूपीआई का पूरी दुनिया में डंका बज रहा है। फ्रांस समेत दुनिया के कई देश इसे अपना चुके हैं और कई लाइन में खड़े हैं। अमेरिका में भी इसे अपनाने की मांग जोर पकड़ रही है। इस बीच भारत ने अमेरिका के स्विफ्ट की तर्ज पर अपने इंटरनेशनल फाइनेंसिंग मेसेजिंग सिस्टम पर काम करना शुरू कर दिया है। दुनियाभर में एक देश से दूसरे देश में फंड्स और सिक्योरिटी को ट्रांसफर करने के लिए इसका इस्तेमाल किया जाता है। अपने इस सिस्टम के दम पर अमेरिका दुनिया में फाइनेंस की दुनिया पर राज करता है लेकिन जल्दी ही उसकी यह बादशाहत खत्म हो सकती है। भारत सरकार ने रुपये को अंतरराष्ट्रीय लेनदेन में बढ़ावा देने के लिए यह व्यापक प्लान बनाया है। स्विफ्ट जैसा सिस्टम भी उसकी योजना का हिस्सा है। इस सिस्टम से द्विपक्षीय व्यापार को रुपये में सेटल करने में मदद मिलेगी।

सूत्रों के मुताबिक बैंकरों की एक एक्सपर्ट कमेटी इस बारे में विभिन्न विकल्पों पर विचार कर रही है। यह कमेटी अगले महीने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप सकती है। इस कमेटी में एसबीआई, बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया समेत कई बैंकों के सदस्य शामिल हैं। एक बैंक अधिकारी ने कहा कि इंडिपेंडेंट फाइनेंसिंग मेसेजिंग सिस्टम के बारे में भी एक सुझाव आया है। बाइलेटरल ट्रेड एग्रीमेंट्स वाले देशों के साथ इसका यूज किया जा सकता है। कमेटी यह सुझाव देगी कि सिस्टम को कैसे ऑपरेशनल बनाया जा सकता है और इसमें क्या-क्या चुनौतियां हैं। इसके बाद आरबीआई समेत दूसरे स्टेकहोल्डर्स के साथ इस पर चर्चा होगी।

एक अन्य अधिकारी ने कहा कि कमेटी आरबीआई के मौजूदा प्लेटफॉर्म एसएफएमएस (स्ट्रक्चर्ड फाइनेंशियल मेसेजिंग सिस्टम) पर विचार करेगी। हम यह देखेंगे कि इसे कैसे बढ़ाया जा सकता है। एसएफएमएस को स्विफ्ट की तर्ज पर बनाया गया है। इसे बैंकों के बीच कम्युनिकेशन सिक्योर करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। आरबीआई ने 2022 में अपने विजन डॉक्यूमेंट में इस सिस्टम के दायरे को बढ़ाने की बात कही थी। सरकार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रुपये को बढ़ावा देने के लिए बैंकों से इंटरनेशनल ट्रेडिंग कम्युनिटी के साथ आउटरीच प्रोग्राम चलाने को कहा है। अब तक 22 देशों के 20 बैंक 92 स्पेशल रुपी वोस्ट्रो अकाउंट्स खोल चुके हैं।

### बढ़ रहा है डिजिटल पेमेंट का क्रेज, यूपीआई अपनाने वाले लोगों की संख्या में बंपर बढ़ोतरी




ऑनलाइन लेनदेन करने वालों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। डिजिटल भारत का सपना लगातार साकार होते हुए दिख रहा है। आरबीआई के ताजा आंकड़े इसी ओर इशारा कर रहे हैं। आरबीआई ने ताजा आंकड़े पेश किए हैं, जिसके मुताबिक देश भर में यूपीआई अपनाने वाले लोगों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। आरबीआई के इंडेक्स के मुताबिक डिजिटल पेमेंट में 13.24 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।देश भर में डिजिटल भुगतान में मार्च 2023 तक सालाना आधार पर 13.24 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।ऑनलाइन लेनदेन को मापने वाला आरबीआई का डिजिटल भुगतान सूचकांक (आरबीआई-डीपीआई) मार्च 2023 अंत में 395.57 रहा। यह सितंबर 2022 में 377.46 और मार्च 2022 में 349.30 था। भारतीय रिजर्व बैंक के बृहस्पतिवार को जारी एक बयान के अनुसार, इस अवधि के दौरान देश भर में भुगतान अवसंरचना और प्रदर्शन में महत्वपूर्ण वृद्धि के कारण आरबीआई-डीपीआई सूचकांक सभी मापदंडों में बढ़ा है। केंद्रीय बैंक ने मार्च 2018 में डिजिटल/नकद रहित भुगतान की स्थिति के अध्ययन के लिए एक समग्र डिजिटल भुगतान सूचकांक (आरबीआई-डीपीआई) बनाने की घोषणा की थी।

# मेडिकल बिजनेस में सरकार करती है 2 लाख रुपये तक की मदद, मुनाफा भी है जबरदस्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में बिजनेस करने के सुनहरे अवसर के बीच अगर आप भी अपना खुद का बिजनेस करना चाहते हैं तो आपके लिए आज एक बार फिर से हम एक शानदार बिजनेस आइडिया लेकर आए हैं। इस बिजनेस आइडिया से आप लोखों की कमाई कर सकते हैं। यह बिजनेस मेडिकल फील्ड से जुड़ा है जहां केंद्र सरकार जेनेरिक दवाओं की आपूर्ति के लिए प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोलने का मौका दे रही है जिसमें सरकार भी मदद कर रही है।

**क्या है सरकार का लक्ष्य?** आपको बता दें कि केंद्र सरकार देश भर में जन औषधि केंद्रों की संख्या बढ़ाने में लगी है और सरकार का लक्ष्य मार्च 2024 तक देश में तकरीबन 10,000 प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों को खोलना है ताकि आम लोगों को सस्ती कीमतों पर दवाईयां मिल सके।

**कौन खोल सकता है जन औषधि केंद्र?** अगर आप भी जन औषधि केंद्र खोलने का विचार कर रहे हैं तो पहले जान लीजिए की इसे कौन खोल सकता है। जन औषधि केंद्र को खोलने के लिए केंद्र सरकार ने तीन कैटेगरी बनाई है।

पहली कैटेगरी में एक सामान्य व्यक्ति, बेरोजगार फार्मासिस्ट, कोई डॉक्टर या रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर आते हैं। दूसरी कैटेगरी में ट्रस्ट, एनजीओ, प्राइवेट अस्पताल, इत्यादि आते हैं। और तीसरी कैटेगरी में राज्य सरकारों की तरफ से नामित की गई एजेंसियों आती है।

**कितनी होगी कमाई?** बिजनेस में सबसे महत्वपूर्ण यही होता है कि आखिरकार कमाई कितनी होगी। आपको बता दें कि जन औषधि केंद्र पर दवाएं बेचने पर आपको 20 प्रतिशत तक कमीशन मिलता है। इसके अलावा, मासिक बिक्री पर 15 प्रतिशत तक का अलग से सरकार द्वारा इंसेंटिव भी मिलता है।पीएम की इस योजना के तहत आपके दुकान में लगने वाले फर्नीचर और अन्य सामान के लिए सरकार 1.5 लाख रुपये तक देती है इसके अलावा सरकार कंप्यूटर और प्रिंटर की खरीद पर 50,000 रुपये देती है।

**ऐसे करें अप्लाई?** अगर आप पात्र हैं और यह बिजनेस शुरू करना चाहते हैं तो आपको बता दें कि आपको पहले जनऔषधि केंद्र के नाम से रिटेल ड्रग सेल्स का लाइसेंस प्राप्त करना होता है।

# रेलवे विकास निगम से हिस्सेदारी घटा रही है सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** पिछले एक साल के दौरान जिन कंपनियों ने निवेशकों को धमाकेदार रिटर्न दिया है। उसमें से रेलवे विकास निगम लिमिटेड एक है। अगर आपके पास इस कंपनी के शेयर नहीं हैं तो बता दें सरकरा ऑफ फॉर सेल के तहत अपनी हिस्सेदारी घटा रही। रिटेल निवेशकों के लिए फ्लोर प्राइस 119 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। बता दें, गुरुवार को कंपनी के शेयर 6.10 प्रतिशत की गिरावट के बाद 126.15 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। सरकार की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि इस ऑफर फॉर सेल के तहत 5.36 प्रतिशत हिस्सेदारी घटाने की योजना है। इस ऑफर फॉर सेल के तहत सरकार कंपनी के 11.17 करोड़ शेयर बेच रही है। बता दें, 27 जुलाई आरवीएनएल ओएफएस नॉन-रिटेल सब्सक्राइबर के लिए ओपन था। इस दौरान 5.36 प्रतिशत के ऑफर पर 46.67 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन प्राप्त हुआ था।

### ये है सरकार की पूरी प्लानिंग

सरकार 2021 में रेल विकास निगम लिमिटेड का ऑफर फॉर सेल ला चुकी है। तब सरकार ने कंपनी से 15 प्रतिशत हिस्सेदारी को घटा दिया था। बता दें, सरकार पहले 3.40 प्रतिशत हिस्सेदारी घटाएगी। लेकिन अगर ओएफएस का ओवरसब्सक्राइबड किया गया तो 1.96 प्रतिशत यानी 40,866,394 शेयर और बेचे जाएंगे। पिछले एक साल के दौरान रेलवे विकास निगम ने पोजीशलन निवेशकों को 300 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न दिया है। वहीं, 6 महीने पहले दांव लगाने वाले इनवेस्टर्स ने 72 प्रतिशत से अधिक का मुनाफा दिया है।

# देश में आधे से ज्यादा एयर कंडिशनर 5 प्रतिशत धनवानों के पास, दूसरे लोग खरीदने के बजाय किराये पर ले रहे

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** भीषण गर्मी से राहत देने वाला एयर-कंडिशनर देश की बड़ी आबादी की पहुंच से अब भी कोसो दूर है। मल्टीपल इंडिकेटर सर्वे के अनुसार देश के शीर्ष पांच फीसद अमीर देशभर में मौजूद कुल 53 फीसद एसी का इस्तेमाल करते हैं। वहीं, शीर्ष 10 फीसद अमीरों के पास कुल 72 फीसद एसी हैं, जो उनके आवासों में लगे हैं। यह सर्वे 2020-21 में कराया गया, जो एसी से संबंधित पहला आधिकारिक आंकड़ा है।

एसी इस्तेमाल करने वालों की संख्या से पता चलता है कि यह अधिकतर शहरी सुविधा है। 12.6 फीसद शहरी परिवारों की तुलना में केवल 1.2 फीसद ग्रामीण परिवारों के पास एसी हैं। वर्ल्ड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट द्वारा मुंबई में किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि झुग्गी-बस्तियां पड़ोस की हाउसिंग सोसाइटियों की तुलना में पांच से छह डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म हैं।

आंकड़ों में टिकाऊ वस्तुओं पर एक परिवार द्वारा किए गए औसत खर्च पर भी अध्ययन किया गया। इसमें हर परिवार से अकेले एसी पर भारी भरकम खर्च करने की उम्मीद नहीं मिली। टिकाऊ वस्तुओं पर 50 फीसद लोगों ने पांच हजार या उससे कम खर्च की जानकारी दी और 20 फीसद ने खर्च की जानकारी नहीं दी। इससे अनुमान लगाया गया कि परिवार एसी खरीदने के बजाय किराए पर भी लेने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं।

**तीन साल पहले खरीदे गए पचास फीसद एसी:** आंकड़ों से एसी खरीदने के वर्ष के बारे में भी जानकारी प्राप्त हुई है। इससे पता चलता है कि 50 फीसद आवासीय एसी केवल तीन साल पहले खरीदे गए। कुल एसी का 80 फीसद अधिकतम पांच साल पहले खरीदे गए थे। डाटा से पता चलता है कि भारतीय घरों में केवल दो फीसद एसी एक दशक से अधिक पुराने हैं।

## हिप हॉप इंडिया ने रचा इतिहास, शो के पहले दिन आयोजित एक विशेष कार्यक्रम को गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया

**मुंबई, एजेंसी।** अमेज़ॅन मिनी टीवी अमेज़ॅन की एक मुफ्त वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा है। अमेज़ॅन मिनी टीवी के नए डांस शो हिप हॉप इंडिया ने पहले दिन एक अनोखा रिकॉर्ड बनाया। यह रिकॉर्ड गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। शो के प्रीमियर में कुल 1864 डांसर्स हिप हॉप डांस करने के लिए एक साथ आए थे। 5 मिनट लंबा यह डांस मुंबई की फिल्म सिटी में आयोजित किया गया था। 1864 डांसर्स की डांस परफॉर्मेंस देखने के लिए हिप हॉप इंडिया के जज रेमो डिसूजा, नोरा फतेही मौजूद थे। इसके अलावा अमेज़ॅन एडवरटाइजिंग हेड गिरीश प्रभु, निसान मोटर्स इंडिया के मार्केटिंग हेड राजेश श्रीवास्तव भी मौजूद थे. टू द कल्चर और सुरेश मुकुंद के नेतृत्व वाले डांसिंग क्रू किंग्स यूनाइटेड इस आयोजन के पार्टनर थे। टू द कल्चर और किंग्स यूनाइटेड ने इस कार्यक्रम की कोरियोग्राफी की थी और हिप हॉप डान्सर्स को एक साथ लाकर उन्हे तैयार किया था। जब गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के अधिकारियों ने घोषणा की कि कार्यक्रम का नाम गिनीज बुक में दर्ज किया गया है, तब तालियों की जबरदस्त गड़गड़ाहट हुई। इसके पूर्व, सबसे बड़ा हिप हॉप नृत्य कार्यक्रम 2014 में दर्ज किया गया था। अमेज़ॅन एडवरटाइजिंग के हेड गिरीश प्रभु ने कहा की, हम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज होने से बहुत खुश हैं। यह दिन पूरा भारत देश और अमेज़ॅन मिनी टीवी जीवन भर याद रखेगा। यह रिकॉर्ड हम सभी के लिए बहुत गर्व की बात है। हिप हॉप एक नृत्य शैली है जो युवाओं के बीच बहुत लोकप्रिय है और इस शो का उद्देश्य हिप हॉप संस्कृति को बढ़ावा देना है। यह रिकॉर्ड इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी डान्सर्स की कड़ी मेहनत के कारण संभव हो सका।

## मानसून के दौरान डायबिटीज को नियंत्रित रखने के उपाय : डॉ. संजीव गुलाटी

**भोपाल एजेंसी।** ढेर सारी चाय पीना पानी से भरे गड्ढों में नाचना कागज की नाव बनाना गर्मा-गर्म पकौड़ों और संगीत का आनंद लेते हुए खिड़की से बाहर के नजारों का लुत्फ उठाना ये बातें मानसून के साथ शुरू होती हैं और यह मौसम हमेशा से हम सभी को आकर्षित करता आया है इस मौसम में डायबिटीज के मरीजों को अपनी नियमित जाँच को टालना नहीं चाहिए क्योंकि यह बहुत महत्वपूर्ण है इसके अलावा अपने ब्लड शुगर लेवल पर नजर बनाये रखने की कोशिश जरूर करनी चाहिये यह कंटिन्यूअस ग्लूकोज मॉनिटरिंग उपकरणों जैसे टूल्स के इस्तेमाल द्वारा आसानी से किया जा सकता है जिनमें ग्लूकोज लेवल की जानकारी पाने के लिये उंगली पर प्रिक नहीं करना पड़ता है ऐसे उपकरणों में टाइम इन रेंज जैसे मैट्रिक्स होते हैं जो दिन के उस वक्त का संकेत देते हैं जब आपका ग्लूकोज लेवल एक विशेष सीमा में रहता है।

## होटल कारोबार वाली नई कंपनी का बहीखाता होगा मजबूत

**कोलकाता एजेंसी।** आईटीसी लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक संजीव पुरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि अलग होने वाले होटल कारोबार का बहीखाता मजबूत होगा और वह कर्ज-मुक्त भी होगा। पुरी ने विश्लेषकों के साथ चर्चा में कहा कि होटल कारोबार के लिए अलग कंपनी गठित होने के बाद वह जरूरत होने पर कर्ज, इक्विटी या रणनीतिक निवेशकों से पूंजी जुटा पाएगी। उन्होंने कहा कि नई कंपनी का निदेशक मंडल ही यह तय करेगा कि इस तरह की पूंजी की कब जरूरत है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि नई कंपनी कम पूंजी जरूरत वाले मॉडल पर काम करेगी। विविध कारोबारों में सक्रिय आईटीसी के निदेशक मंडल ने 24 जुलाई की बैठक में होटल कारोबार को अलग कर उसके लिए अलग कंपनी बनाने के प्रस्ताव को सैद्धांतिक मंजूरी दी। इस होटल कंपनी को बाद में शेयर बाजार में भी सूचीबद्ध किया जाएगा। पुरी ने कहा, आईटीसी इस कंपनी में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ अपना निवेश जारी रखेगा। होटल कंपनी का मजबूत बहीखाता होगा और यह कर्ज-मुक्त भी होगी। नई कंपनी के परिचालन में स्थायित्व होगा और उसे आईटीसी की संस्थागत मजबूती से भी समर्थन मिलेगा।




# आरवीएनएल की बिक्री पेशकश में संस्थागत निवेशकों ने 2,000 करोड़ रुपए की बोलियां लगाईं

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** सार्वजनिक क्षेत्र के रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) में सरकार की 5.36 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने के लिए बिक्री पेशकश को अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। बिक्री पेशकश को पहले दिन बृहस्पतिवार को 2.73 गुना अभिदान मिला। संस्थागत निवेशकों ने लगभग 2,000 करोड़ रुपए की बोलियां लगाई। बिक्री पेशकश का पहला दिन संस्थागत निवेशकों के लिए आरक्षित था और उन्होंने निर्धारित 6.38 करोड़ शेयरों की तुलना में 15.64 करोड़ शेयरों के लिए बोलियां लगाईं। पेशकश के लिए 121.17 रुपए प्रति शेयर का सांकेतिक मूल्य रहा। उस हिसाब से लगाई गई बोलियों का मूल्य करीब 2,000 करोड़ रुपए है।

सरकार ने बिक्री पेशकश के जरिए आरवीएनएल के 11.17 करोड़ शेयरों को बेचकर अपनी 5.36 प्रतिशत हिस्सेदारी कम करने का फैसला किया है। इसके लिए 119 रुपए प्रति शेयर का आरक्षित मूल्य तय किया गया है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि प्रस्तावित बिक्री पेशकश में आरवीएनएल के 70,890,683 इक्विटी शेयर शामिल हैं। यह 3.40 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। साथ ही 40,866,394 अतिरिक्त इक्विटी शेयर बेचने का विकल्प भी है, जो कुल जारी और चुकता इक्विटी शेयर पूंजी का 1.96 प्रतिशत है। निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव तुहिन कांत पांडे ने बृहस्पतिवार को ट्विटर पर लिखा, आरवीएनएल में बिक्री पेश को गैर-खुदरा निवेशकों से आज अच्छी प्रतिक्रिया मिली। सरकार ने अतिरिक्त 1.96 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने का भी निर्णय किया है। शेयर बिक्री के पहले दिन संस्थागत निवेशकों ने 6.38 करोड़ शेयरों के सामने 17.44 करोड़ शेयरों के लिए बोलियां लगाईं। ये बोलियां 121.76 रुपए की सांकेतिक कीमत पर करीब 2,100 करोड़ रुपए की है। शुक्रवार को खुदरा निवेशक इसके लिए बोलियां लगाएंगे। सरकार यह पेशकश कंपनी में न्यूनतम सार्वजनिक हिस्सेदारी रखने के लिए ला रही है। फिलहाल आरवीएनएल में सरकार की हिस्सेदारी 78.20 प्रतिशत है। आरवीएनएल का गठन जनवरी, 2003 में रेल मंत्रालय के पूर्ण स्वामित्व वाली सार्वजनिक इकाई के तौर पर किया गया था। इसके जरिए रेलवे की ढांचागत विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन और उनके लिए वित्त जुटाने का लक्ष्य रखा गया था।

## टेक महिन्द्रा की पहली तिमाही की आय 3.5 प्रतिशत बढ़ी

**मुंबई, एजेंसी।** डिजिटल परिवर्तन, परामर्श और बिजनेस रिइंजीनियरिंग सेवाओं में विशेषज्ञ कंपनी टेक महिन्द्रा ने 30 जून, 2023 को समाप्त हुई तिमाही के लिए अंकेक्षित समेकित वित्तीय नतीजों की घोषणा की।

बीती तिमाही के लिए वित्तीय नतीजे डालर में इस प्रकार है- आय 160.1 करोड़ डालर रही, तिमाही दर तिमाही 4 प्रतिशत कम, साल दर साल 1.9 प्रतिशत कम, स्थिर मुद्रा संदर्भ में आय तिमाही दर तिमाही 4.2 प्रतिशत घटी, एबिटा 16.3 करोड़ डालर रहा, तिमाही दर तिमाही 33.7 प्रतिशत कम, साल दर साल 31.8 प्रतिशत कम, मार्जिन 10.2 प्रतिशत, तिमाही दर तिमाही 460 बीपीएस कम, कर बाद लाभ 8.4 करोड़ डालर, तिमाही दर तिमाही 38 प्रतिशत कम, साल दर साल 41.1 प्रतिशत कम, मुक्त नकदी प्रवाह 10.6 करोड़ डालर, शुद्ध लाभ में परिवर्तन 126 प्रतिशत रहा। बीती तिमाही के लिए वित्तीय नतीजे रुपये में इस प्रकार है- आय 13,159 करोड़ रुपये, तिमाही दर तिमाही 4.1 प्रतिशत कम, साल दर साल 3.5 प्रतिशत अधिक एबिटा 1,338 करोड़ रुपये, तिमाही दर तिमाही 33.8 प्रतिशत कम, साल दर साल 28.8 प्रतिशत कम, समेकित शुद्ध लाभ 693 करोड़ रुपये, तिमाही दर तिमाही 38 प्रतिशत कम, साल दर साल 38.8 प्रतिशत कम, प्रति शेयर आय (ईपीएस) 7.82 रुपये रहा

टेक महिन्द्रा के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ सीपी गुरनानी ने कहा, इस तिमाही का हमारा परिणाम वैश्विक अर्थव्यवस्था और आईटी क्षेत्र में अनिश्चितता परिलक्षित करता है। हमें भरोसा है कि हमारे पास सही रणनीति है और इस अस्थायी झटके से उबरने एवं हमारे ग्राहकों एवं शेयरधारकों के लिए दीर्घकालीन मूल्य उपलब्ध कराने के लिए हमारे पास सही टीम है।

टेक महिन्द्रा के मुख्य वित्तीय अधिकारी रोहित आनंद ने कहा, ,यह तिमाही हमारे लिए चुनौतीपूर्ण रही क्योंकि आय वृद्धि को प्रतिकूल स्थिति का सामना करना पड़ा जिससे हमारे लाभ पर असर पड़ा। हमने इन मुद्दों से निपटने और हमारे क्रियान्वयन में सुधार लाने के लिए निर्णायक कदम उठाए हैं।

**प्रमुख हासिल ठेके :** टेक महिन्द्रा को एमएल प्लेटफॉर्म के क्लाउड माइग्रेशन में मदद करने के लिए अमेरिका में एक बड़े दूरसंचार आपरेटर द्वारा रणनीतिक साझीदार के तौर पर चुना गया। कंपनी बिग डेटा एनालिटिक्स और माइक्रोसर्विस डेवलपमेंट का उपयोग कर ग्राहकों के लिए सेल्स एवं मार्केट रिटेंशन सिफारिशों के लिए अनुमान योग्य विश्लेषण कार्यक्रम लागू करेगा।

# आईटीसी ने भारतीय डाक के साथ मिलकर मिलेट्स पर एक विशेष स्टैम्प जारी किया

*अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्षमनाने और श्री अन्न के लिए जागरूकता फैलाने के राष्ट्रव्यापी प्रयासों को आगे बढ़ाने की पहल*

**भोपाल, एजेंसी।** भारत में विभिन्न कारोबार संचालित करने वाली प्रमुख कंपनियों में से एक आईटीसी ने डाक विभाग, संचार मंत्रालय के साथ सहभागिता में आज नई दिल्ली में एक विशेष डाक स्टैम्प जारी किया है। आईटीसी के अपने मिशन मिलेट्स अभियान के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय बाजरा वर्षके उपलक्ष्य में यह विशेष डाक स्टैम्प जारी किया किया गया है। इसका उद्देश्य श्री अन्न की खूबियों को मान्यता प्रदान करने एवं बाजरे के प्रति जागरूकता बढ़ाने के राष्ट्रव्यापी प्रयासों को मज़बूती प्रदान करना है। यह विशेष स्टैम्प केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री श्री कैलाश चौधरी द्वारा नई दिल्ली में जारी किया गया। इस अवसर पर सुश्री मंजू कुमार, चीफ पोस्ट मास्टर जनरल, भारतीय डाक, संचार मंत्रालय एवं श्री एस. शिवकुमार, ग्रुप हेड ङ्क एग्री बिजनेस, आईटीसी लिमिटेड उपस्थित रहे। आईटीसी अपने पोषण अभियान हेल्प इंडिया ईट बेटर और बाजरे के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु प्रतिबद्ध है। यह अभियान माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। दुनिया भर में डाक स्टैम्प बड़े सम्मान का प्रतीक होते हैं, जो व्यक्तियों, प्रमुख सांस्कृतिक महत्व वाले समय या अभियानों को इतिहास के पन्नों में स्थान दिलाते हैं। संचार मंत्रालय के अधीन संचालित होने वाले डाक विभाग द्वारा जारी किया गया आईटीसी मिशन मिलेट्स स्टैम्प श्री अन्न की खूबियों को मान्यता प्रदान करता है। इसके साथ ही, भारत में बाजरे की खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को सक्षम बनाने एवं इसके सेवन को प्रोत्साहित करने हेतु, लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने वाली आईटीसी की यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है।

# आज भारत की निगाहें श्रृंखला जीतने पर

## पहले एक दिवसीय मैच में आसन जीत

**बारबडोस (एजेंसी)।** भारतीय टीम खराब फॉर्म से जूझ रही वेस्टइंडीज के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले दूसरे वनडे के लिए फिर अपने निर्धारित बल्लेबाजी क्रम पर वापसी कर सकती है ताकि वह बल्लेबाजों के बेहतर प्रदर्शन की बदौलत तीन मैचों की श्रृंखला में अजेय बढ़त बना ले। कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ को पहले वनडे में मध्यक्रम बल्लेबाजों को दूसरे सत्र में टर्न लेती पिच पर आजमाने में थोड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ा लेकिन लक्ष्य महज 115 रन का था तो टीम ने आराम से इसे हासिल कर लिया। कोई भी पक्के तौर पर कह सकता है कि अगर भारत को फिर इतने छोटे लक्ष्य का पीछा करना पड़े तो भी रोहित खुद शुभमन गिल के साथ बल्लेबाजी के लिए उतरेंगे और विराट कोहली तीसरे नंबर पर खेलेंगे।

पहले वनडे में अर्धशतकीय पारी से प्रभावित करने के बावजूद ईशान किशन को मध्यक्रम में बल्लेबाजी करनी होगी और अगर केएल राहुल वापसी करते हैं तो उन्हें श्रीलंका में एशिया कप के दौरान इस जगह को खाली करना होगा। आस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई में आठ अक्टूबर (मौजूदा कार्यक्रम के अनुसार) को शुरुआती विश्व कप मैच से पहले बस 11 और मैच बचे हैं तो भारत का लक्ष्य एक संतुलित संयोजन

पर अडिग रहने का होगा इसलिये ज्यादा प्रयोग करने पर शायद जोर नहीं दिया जाए।

बारबडोस में केनसिंगटन ओवल दिवंगत मैलकम मार्शल और जोएल गार्नर का घरेलू मैदान है जिस पर दौरा करने वाली टीम के बल्लेबाज 'बिग फोर' (एंडी रॉबर्ट्स और माइकल होल्डिंग) का सामना करने की बात सोचकर ही दबाव में आ जाते थे। लेकिन गुरुवार को केनिसंगटन ओवल की पिच स्पिनरों के लिए फायदेमंद दिखी जिसमें रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव की टर्न और उछाल लेती गेंदों के सामने कैरेबियाई बल्लेबाजों ने घुटने टेक दिए। यहां तक कि हार्दिक पंड्या नयी गेंद से उमरान मलिक के साथ बल्लेबाजों को परेशान करने में सफल रहे। मलिक ने काफी गेंद तेज रफ्तार से डालीं।

वेस्टइंडीज क्रिकेट के अब वो स्वर्णिम दिन गुजर गए हैं और भारत में वनडे विश्व कप के लिए क्वालीफाई नहीं करने के बाद से क्रिकेट की लोकप्रियता भी निचले स्तर पर पहुंच गई है। दूसरे वनडे में शायद उसी पिच का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा लेकिन इसकी प्रकृति भी वैसी ही हो सकती है इसलिये भारतीय टीम को पहले बल्लेबाजी करने की चुनौती से दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

गुडाकेश मोती की बायें हाथ की स्पिन गेंदबाजी और यानिक कारिया की लेग ब्रेक गेंदों को खेलना ज्यादा मुश्किल नहीं होगा, हालांकि यह इतना आसान भी नहीं होगा। भारतीय बल्लेबाजों टर्न लेती पिचों पर स्पिनरों के खिलाफ धाकड़ बल्लेबाजी करके बड़ा स्कोर नहीं बना सके हैं लेकिन अगर पहले वनडे जैसी परिस्थितियों में ऐसा करना पड़े तो यह टीम के लिये इतनी खराब परीक्षा भी नहीं होगी।

चेन्नई और लखनऊ जैसे स्थल (आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ वनडे विश्व कप के स्टेडियम) स्पिनरों के लिये मददगार होंगे और विदेशी हालात में इसी तरह की पिचों पर कुछ अभ्यास करना हमेशा अच्छा ही साबित होगा। घरेलू मैदान पर इसी तरह की पिचों की उम्मीद कर सकते हैं। सूर्यकुमार यादव के लिए अपनी टी20 फॉर्म को 50 ओवर के क्रिकेट में दोहराना निहायत जरूरी होगा। गुरुवार को उनके पास सुनहरा मौका था और वह अच्छी लय में भी दिख रहे थे लेकिन मोती की गेंद पर स्वीप शॉट खेलने से उनकी पारी खत्म हो गई।

सूर्यकुमार जानते हैं कि अगर श्रेयस अय्यर फिट हो जाते हैं और अगर केएल राहुल वापसी करते हैं तो अंतिम एकादश में उनके स्थान पर खतरा मंडरा सकता है जिससे उनके लिए 15 सदस्यीय टीम में जगह बनाना मुश्किल हो जायेगा। इसलिए उनके लिए एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ रन बनाना बहुत जरूरी होगा ताकि टीम में उनका स्थान पक्का हो सके। मुकेश कुमार रिजर्व (पांचवें) तेज गेंदबाज के तौर पर शामिल हैं लेकिन उन्हें टीम में जगह बनानी चाहिए। उनकी अनुशासित लाइन एवं लेंथ बेहतरीन रही है और उन्हें बाहर करना मुश्किल होगा जब तक कि भारत 15 सदस्यीय टीम में अतिरिक्त स्पिनर नहीं चुनती।

### संभावित प्लेइंग 11

**वेस्टइंडीज :** ब्रैंडन किंग, काइल मेयर्स, रोवमैन पॉवेल, शाई होप (कप्तान और विकेटकीपर), शिम्रोन हेटमायर, कीसी कार्टी, एलिक अथानाज़े, यानिक कारिया, रोमारियो शेफर्ड, ओशाने थॉमस, अल्ज़ारी जोसेफ

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुबमन गिल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या, इशान किशन (विकेटकीपर), रवींद्र जड़ेजा, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल

जापान ओपन

## लक्ष्य सेन सेमीफाइनल में पहुंचे, सात्विक-चिराग हारे

**तोक्यो (एजेंसी)।** भारत के लक्ष्य सेन ने अपना प्रभावी प्रदर्शन जारी रखते हुए जापान के कोकी वातानाबे को सीधे गेम में हराकर जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। विश्व चैम्पियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी सेन ने 33वीं रैंकिंग वाले वातानाबे को 21.15, 21.19 से शिकस्त दी। वह कनाडा और अमेरिका के बाद लगातार तीसरे सेमीफाइनल में पहुंचे हैं।

अलमोड़ा के 21 वर्ष के राष्ट्रमंडल खेल चैम्पियन सेन का सामना इंडोनेशिया के पांचवीं वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी या तीसरी वरीयता प्राप्त थाईलैंड के कुंलावुत विदितसर्न से होगा। फॉर्म में चल रही सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी को ओलंपिक चैम्पियन चीनी ताइपै के ली यांग और वांग चि लान ने 21.15, 23.25, 21.16 से मात दी।

कनाडा ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट जीतने वाले सेन ने 5.3 की बढ़त से आगाज किया और ब्रेक तक यह बढ़त 11.7 की कर ली। उन्हें जापानी विरोधी का सामना करन में दिक्कत नहीं आई और पहला गेम क्रॉसकोर्ट पर दो शानदार रिटर्न के साथ उन्होंने अपने नाम किया। दूसरे गेम में वातानाबे ने वापसी की कोशिश की लेकिन सेन ने लय नहीं छोड़ी। एक समय स्कोर 18.17 था लेकिन दो रिटर्न के साथ सेन ने एक मैच प्वाइंट बना लिया। इसके बाद बैकलाइन पर शानदार रिटर्न के साथ जीत दर्ज की।

पूर्व क्रिकेटर ग्लेन मैक्ग्रा का बड़ा बयान

## एशेज का पांचवां मुकाबला वार्नर के करियर का आखिरी टेस्ट हो सकता है

**लंदन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व महान तेज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा ने कहा कि डेविड वार्नर का (टेस्ट) करियर 'समाप्ति की ओर' बढ़ रहा है और इस सलामी बल्लेबाज ने अगर इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे एशेज श्रृंखला के पांचवें और आखिरी मैच की दूसरी पारी में बड़ा स्कोर नहीं बनाया तो यह उनका आखिरी मैच हो सकता है। वार्नर ओवल में खेले जा रहे इस मैच की पहली पारी में केवल 24 रन ही बना सके। इस खब्बू बल्लेबाज ने एशेज की नौ पारियों में 25.00 की औसत से सिर्फ 225 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने सिर्फ एक अर्धशतक (66) लॉर्ड्स में दूसरे टेस्ट के दौरान बनाया था। मैक्ग्रा ने कहा, 'वार्नर थोड़े दबाव में हैं। वह अच्छी शुरुआत के बाद एक बार फिर बड़ी पारी नहीं खेल सके। ईमानदारी से कहूं तो उनका करियर समाप्ति की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा, 'मुझे पता है कि उन्होंने इस सत्र के आखिर तक खेलने की इच्छा जाहिर की है लेकिन वह दबाव में है। उसके ऊपर खतरा मंडरा रहा है। दूसरी पारी में अगर उसने बड़ी पारी नहीं खेली तो वह टीम में जगह बनाने के लिए संघर्ष करेगा। पिछली 25 पारियों में महज एक शतक जड़ने वाले इस वामहस्त बल्लेबाज ने कई बार संकेत दिया है कि वह इस साल के अंत में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान अपने घरेलू मैदान सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर संन्यास लेना चाहते हैं।

## हिजाब के लिए ईरान छोड़ने वाली शतरंज खिलाड़ी सारा खादेम को स्पेन नें दी नागरिकता

**स्पेन (एजेंसी)।** हिजाब ना पहनने के चलते पिछले सार सुर्खियों में आई ईरान की शतरंज खिलाड़ी सारा खादेम को अब स्पेन की नागरिकता मिल गयी है । पिछले साल विश्व कप शतरंज के दौरान ईरान की शीर्ष महिला खिलाड़ी सारा खादेम नें हिजाब पहनने से मना कर दिया था और इसके खिलाफ उन्हे ईरान वापस

ना लौटने की धमकियाँ मिलने लगी यहाँ तक की उस समय कज़ाकिस्तान पुलिस को उन्हे होटल में ही सुरक्षा देनी पड़ी थी । यहाँ तक की ईरान में रहने वाले उनकी परिवार और रिस्तेदारो को भी कई धमकियाँ मिली , पर मौजूदा ईरानी क्रांति से प्रभावित और उसका समर्थन करते हुए ईरान के लिए अंतर्राष्ट्रीय पदक जीतने वाली 26 वर्षीय सारा नें अपने कदम वापस खीचने से मना कर दिया , इसके बाद जनवरी में सारा नें स्पेन में शरण लेने का निर्णय लिया और अब स्पेन सरकार नें खास परस्थितयों के अंतर्गत सारा को स्पेन की नागरिकता प्रदान कर दी है । देश के आधिकारिक जर्नल ऑफ द स्टेट (बीओई) में खादेम के पूरे नाम का उपयोग करते हुए न्याय मंत्री पिलर लोप ने कहा, श्रीमती सारसदत खादेमलशरीह से संबंधित असाधारण परिस्थितियों के जवाब हमने उन्हें स्पेनिश राष्ट्रीयता प्रदान की है।

देवधर ट्राफी

## दक्षिण ने पूर्वोत्तर को हराया, अंक तालिका में शीर्ष पर

**पुडुचेरी (एजेंसी)।** दक्षिण क्षेत्र ने हर विभाग में शानदार प्रदर्शन की बदौलत शुक्रवार को यहां देवधर ट्राफी के मैच में पूर्वोत्तर की टीम को नौ विकेट से पराजित कर दिया। विद्वथ कावेरप्पा और आर साई किशोर की अगुआई में दक्षिण क्षेत्र के गेंदबाजों ने पूर्वोत्तर क्षेत्र की टीम को महज 136 रन पर समेट दिया जिसने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया था।

दक्षिण क्षेत्र को इस लक्ष्य तक पहुंचने में महज 19.3 ओवर लगे जिसमें सलामी बल्लेबाज रोहन कुनुम्मल ने नाबाद अर्धशतक (87 रन) जड़ा। उन्होंने 58 गेंद की पारी के दौरान आठ चौके और पांच छक्के जड़े। इस जीत से दक्षिण क्षेत्र की टीम ने 12 अंक से अंक तालिका में शीर्ष पर अपना स्थान मजबूत कर लिया है। साथ ही बेहतर नेट रन रेट से भी उन्हें मदद मिली। इस मैच में दक्षिण क्षेत्र ने विद्वथ और अर्जुन तेंदुलकर की गेंदबाजी जोड़ी को लगाया।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्जुन को वासुकी कौशिक की जगह टीम में शामिल किया गया। अर्जुन ने भी आते ही सलामी बल्लेबाज अनूप अहलावत को आउट कर प्रभावित किया। विद्वथ और साई किशोर ने भी एक एक विकेट झटक लिये जिससे पूर्वोत्तर की टीम का स्कोर तीन विकेट पर 31 रन हो गया। पूर्वोत्तर की टीम पारी में कोई भी मजबूत साझेदारी बनाने में विफल रही, उसके लिए सबसे बड़ी भागीदारी चौथे विकेट के लिए 30 रन की रही जो कप्तान एम लांगलोनयाम्बा और के पियोजित के बीच बनी।

प्रियोजित 40 रन बनाकर पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए शीर्ष स्कोरर रहे जिसके लिए उन्होंने 104 गेंद खेलीं। तेज गेंदबाज विद्वथ (तीन विकेट) और बायें हाथ के स्पिनर साई किशोर (तीन विकेट) दक्षिण क्षेत्र के लिए सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने मिलकर छह विकेट झटके। विद्वथ के अब तीन मैचों में 12 विकेट हो गये हैं और वह सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाजों में शीर्ष पर चल रहे हैं। साई किशोर 10 विकेट लेकिर उनके पीछे हैं।

दोनों टीमों के बीच अंतर साफ दिख रहा था जब रोहन और मयंक अग्रवाल (32 रन) ने लक्ष्य का पीछा करना शुरु किया। केरल के 25 साल के सलामी बल्लेबाज रोहन ने लिस्ट ए मैचों में अपना पांचवां अर्धशतक जड़ा। नेट रन रेट को ध्यान में रखते हुए इस सलामी जोड़ी ने तेजी से 15.4 ओवर में 95 रन जोड़ लिए। लेकिन अग्रवाल के आउट होने से इस साझेदारी का अंत हुआ जो इमलीवती लेमतूर की गेंद पगबाधा आउट हुए।

## 'टीम में नहीं चुना जाना मेरे लिए सामान्य बात'

### मात्र 6 रन पर 4 विकेट लेकर बोले कुलदीप यादव

**ब्रिजटाउन (एजेंसी)।** हालात के अनुरूप टीम संयोजन के कारण कई बार बाहर होने वाले कुलदीप यादव के लिए यह सामान्य बात है और बायें हाथ के कलाई के इस स्पिनर का मानना है कि मौके गंवाने पर दुखी होने की बजाय हर मौके का फायदा उठाना बेहतर है। कुलदीप ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे में तीन ओवर में छह रन देकर चार विकेट लिए जिससे भारत ने पांच विकेट से जीत दर्ज की।

'प्लेयर आफ द मैच' चुने गए कुलदीप ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'अधिकांश समय मुझे हालात और टीम संयोजन की वजह से खेलने का मौका नहीं मिलता । अब यह सामान्य बात है। मैं इतने साल से क्रिकेट खेल रहा हूं ।अब छह साल से अधिक हो गए। ये चीजें सामान्य हैं। उन्होंने कहा, 'मैं अब विकेट लेने के बारे में ज्यादा नहीं सोचता। मेरा फोकस प्रक्रिया पर है कि किस लैंग्थ से गेंद डालनी चाहिए।

इस साल 9 वनडे में 19 विकेट ले चुके कुलदीप को 8 विकेट लेने के बावजूद दिसंबर में बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट में नहीं चुना गया था। उन्होंने कहा, 'पिछले डेढ साल से जब भी मौका मिला है , मैने अच्छी लैंग्थ पर गेंद डालने की कोशिश की है। मैं लगातार अच्छी गेंदबाजी करना चाहता हूं। जहां तक विकेट का सवाल है तो किसी दिन मिलेंगे और किसी दिन नहीं। मैं वैरिएशन तभी आजमाता हूं जब विरोधी टीम जल्दी से चार या पांच विकेट गंवा चुकी होती है।

कुलदीप ने कहा कि भारतीय टीम में प्रतिस्पर्धा से उन्हें अच्छा प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलती है और वह प्रदर्शन की बजाय प्रक्रिया पर फोकस कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'भारतीय टीम में प्रतिस्पर्धा हमेशा रहेगी लेकिन इससे अच्छा प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलती है। मैने एनसीए में अपनी गेंदबाजी पर काम किया है। मौका मिलने पर मैं उसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश करता हूं।

भारतीय क्रिकेट में 'कुल चा' के नाम से मशहूर कुलदीप और युजवेंद्र चहल की जोड़ी लंबे समय से साथ नहीं खेल पाई है। कुलदीप ने कहा, 'हमें पता है कि संयोजन अहम है। हमारा तालमेल बेहतरीन है। वह मेरी काफी मदद करता है और कोशिश करता है कि मैं सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूं। मैं भी उसे अपनी राय देता हूं जब वह खेल रहा होता है।

पूर्व कप्तान विराट कोहली, मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ की भूमिका के बारे में कुलदीप ने कहा, 'सीनियर्स की भूमिका अहम है। जब मैने अपने खेल में बदलाव किया तो विराट भाई और रोहित भाई ने काफी साथ दिया। उन्होंने मुझ पर भरोसा रखा और कोच राहुल सर ने भी मेरा हौसला बढ़ाया।

## जापान के बल्लेबाज ने खिलाड़ियों और ग्राउंड स्टाफ से की बदसलूकी, आईसीसी ने दी सजा

**पोर्ट मोरेस्बी (एजेंसी)।** जापान के बल्लेबाज इब्राहिम ताकाहाशी को पापुआ न्यू गिनी में फिलीपींस के खिलाफ आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप पूर्वी एशिया प्रशांत (ईएपी) क्वालीफायर मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल-1 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है।

आईसीसी मीडिया विज्ञप्ति में शुक्रवार को बताया गया कि ताकाहाशी को खिलाड़ियों और ग्राउंड स्टाफ के साथ बदसलूकी के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। ताकाहाशी ने अपराध स्वीकार कर लिया है। इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं थी। इसके अलावा, ताकाहाशी के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेट अंक जोड़ा गया है।

ताकाहाशह के लिए 24 महीने की अवधि में यह पहला अपराध था। यह घटना जापान की पारी के दौरान ताकाहाशी के आउट होने के बाद घटी। चेंजिंग रूम में घुसने के बाद उसने चेंजिंग रूम के दरवाजे से सटी दीवार को क्षतिग्रस्त कर दिया। मैदानी अंपायर शॉन हैग और अलु कापा, तीसरे अंपायर फिलिप गिलेस्पी और चौथे अधिकारी क्लेयर पोलोसाक ने आरोप लगाए। लेवल 1 के उल्लंघनों में न्यूनतम जुर्माना आधिकारिक फटकार, अधिकतम जुर्माना खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत और एक या दो अवगुण अंक होते हैं।

## आईसीसी टी20 विश्व कप में स्कॉटलैंड का स्थान पक्का, 15 टीमें हुई सिलेक्ट

**एडिनबर्ग (एजेंसी)।** स्कॉटलैंड मौजूदा यूरोप क्वालीफायर से आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 में जगह पक्की करने वाली दो टीमों में से दूसरी बन गई है। स्कॉटलैंड ने एडिनबर्ग के ग्रेंज क्रिकेट क्लब में डेनमार्क के खिलाफ 33 रन से मुकाबला जीतकर टी20 विश्व कप के 2024 के लिए अपना टिकट पक्का कर लिया। आईसीसी रिपोर्ट में कहा कि पूरे टूर्नामेंट में स्कॉटलैंड का रिकॉर्ड शानदार रहा।

स्कॉटलैंड ने जर्मनी, जर्सी, इटली, ऑस्ट्रिया और अब डेनमार्क के खिलाफ अपने मैच जीते। इसके साथ, स्कॉटलैंड के अब पांच मैचों के बाद 10 अंक प्राप्त किए हैं, जिससे 2024 में टी20 विश्व कप टूर्नामेंट में शामिल होने की उसकी संभावना है। स्कॉटलैंड दूसरे क्वालीफायर के रूप में आयरलैंड के साथ जुड़ गए हैं, जिसने गुरुवार को जर्मनी के खिलाफ अपना खेल रद्द होने के बाद आज अपना स्थान पक्का कर लिया। इससे निश्चित रूप से स्कॉटलैंड

को भारत में आगामी आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के लिए क्वालीफाई करने में मदद मिली है।

स्कॉटिश टीम ने अपने टूर्नामेंट की शुरुआत जर्मनी के खिलाफ डीएलएस के जरिए 72 रन की बड़ी जीत हासिल की है। साथ ही इसके बाद उन्होंने जर्सी को 14 रन के करीबी अंतर से हराया था। इटली के खिलाफ उनके तीसरे मैच में स्कॉटलैंड ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और बोर्ड पर 245/2 का विशाल लक्ष्य हासिल करने के बाद इटली को 155 रनों से धूल चटा दी थी। स्कॉटलैंड का एक और बड़ी जीत के साथ विजयी अभियान जारी है। इस बार ऑस्ट्रिया के खिलाफ खेलते हुए उसे 166 रनों के अंतर से हराया।

### 15 टीमें हुईं सिलेक्ट

विश्व कप में कुल 20 टीमें भाग लेंगी। अभी तक 15 टीमें सिलेक्ट हो गई है। वहीं बची हुई टीमों का चयन क्वालिफायर्स राउंड खेलकर किया जा रहा है, जिसमें से गुरुवार तक तीन टीमें सिलेक्ट हो गई है। टी20 विश्व कप 2024 आगाज जून में होगा। टी20 वर्ल्ड कप 2022 की टॉप-8 टीमों समेत, आईसीसी रैंकिंग के टॉप-10 में मौजूद दो टीमों ने डायरेक्ट क्वालीफाई किया, वहीं मेजबान होने के नाते विंडीज और अमेरिका की डायरेक्ट इंट्री हुई।

### अब तक इन टीमों का हुआ चयन

वेस्टइंडीज, अमेरिका, आयरलैंड, पपुआ न्यू गिनी और स्कॉटलैंड के अलावा भारत, इंग्लैंड, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, साउथ अफ्रीका और नीदरलैंड्स

## भारत ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्पेन को 2-2 के ड्रॉ पर रोका

**बार्सिलोना (एजेंसी)।** भारतीय महिला ॉकी टीम ने स्पैनिश हॉकी फेडरेशन 100वीं र्षगांठ अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में गुरुवार को पिछड़ने क बाद वापसी करते हुए स्पेन को 2-2 के ड्रॉ पर ोक लिया। स्पेन ने ज़ैन्टल गाइन (13वां मिनट) ौर लाइया विदोसा (26वां मिनट) के गोलों से ागे निकलने की कोशिश की, लेकिन नवनीत कौर 14वां, 29वां मिनट) ने दो गोल जमाकर भारत ी हार को टाल दिया। पिछले मैच में इंग्लैंड से ड्रॉ खेलने के बाद भारतीय टीम के सामने मेजबान टीम ी चुनौती थी। स्पेन ने पहले क्वार्टर में घरेलू ारिस्थितियों का इस्तेमाल मुकाबले पर अपनी पकड़ ज़बूत करने के लिये किया, हालांकि उसे नवनीत ी अगुवाई में भारतीय फॉरवर्ड पंक्ति के हमलों से ी चौकन्ना रहना पड़ा।

भारत की कप्तान और गोलकीपर सविता पूनिया ा शुरुआती मिनटों में मार्ता सेगु के गोल के प्रयास ो सफलतापूर्वक रोका, हालांकि कुछ देर बाद ाइन स्पेन को बढ़त दिलाने में सफल रहीं। यह बढ़त

हालांकि ज़्यादा देर नहीं टिकी क्योंकि नवनीत ने अगले ही मिनट में गोल जमाकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। दूसरे क्वार्टर में दोनों टीमों ने जल्द से जल्द बढ़त बनाने की कोशिश की। दीपिका स्पेन के डिफेंस को भेदने में कामयाब रहीं लेकिन उनका शॉट नेट के ऊपर से निकल गया। क्वार्टर के अंतिम मिनटों में विदोसा ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया और स्पेन बढ़त बनाने में कामयाब रहा।

भारत हाफ टाइम तक पिछड़ा रह सकता था लेकिन नवनीत ने एक बार फिर मेहमान टीम के लिये राहत बनकर आयीं। वह स्पेन के डिफेंस में ड्रिब्लिंग करते हुए गोल तक पहुंचीं और गेंद को नेट में डालकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। नवनीत के गोल के दम पर भारतीय टीम दूसरे हाफ की शुरुआत में अधिक आत्मविश्वास के साथ पिच पर उतरी। वैष्णवी विट्ठल फाल्के ने स्पेन की रक्षापंक्ति को छकाकर भारत को एक महत्वपूर्ण पेनल्टी कॉर्नर दिलाया। स्पेन की गोलकीपर क्लारा पेरेज़ ने खतरे को टाल दिया और स्कोर बराबर रहा।

इसके अलावा नेहा गोयल भी मिडफ़ील्ड पर हावी रहीं जिससे भारत ने मुकाबले पर अपनी पकड़ मज़बूत रखी। पेरेज़ ने कई मौकों पर गोल रोककर मेज़बान टीम को पिछड़ने से बचाया। भारतीय टीम ने आखिरी क्वार्टर में गोल के लिये तत्परता दिखानी शुरू कर दी। संगीता कुमारी को गोल करने के लिए सकर्ल के अंदर एक सनसनीखेज पास मिला, लेकिन स्पेन की गोलकीपर उसे रोकने में कामयाब रही। अंतिम क्वार्टर में स्पेन ने एक पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया, लेकिन भारतीय गोलकीपर गेंद को रोकने में कामयाब रहीं और मैच 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ। भारत का अगला मुकाबला शुक्रवार को इंग्लैंड से होगा।

## ओशोआला की मदद से नाइजीरिया ने ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से हराकर उलटफेर किया

**ब्रिसबेन (एजेंसी)।** बार्सिलोना की फॉरवर्ड असिसात ओशोआला की मदद से नाईजीरिया ने गुरुवार को यहां फीफा महिला विश्व कप 2023 के मैच में सह मेजबान ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से हराकर उलटफेर किया। दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर मैदान में उतरी ओशोआला ने 72वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को जीत दिलायी।

इस जीत से नाईजीरिया ग्रुप बी में कनाडा के साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर पहुंच गया दोनों के चार चार अंक हैं। इसका मतलब है कि चोटों से जूझ रही आस्ट्रेलियाई टीम को प्री क्वार्टर में पहुंचने की उम्मीदों को कायम रखने के लिए सोमवार को मेलबर्न में ओलंपिक चैम्पियन कनाडा को हराना होगा।

नाईजीरिया के लिए ओशोआला के अलावा उचेना कानू (45+6वें मिनट) और ओसिनाची ओहाले ने 65वें मिनट में गोल दागे। आस्ट्रेलिया की ओर से एमिली वान एगमंड (45+1वें मिनट) और अलाना कैनेडी (90+10वें मिनट) ने गोल किये।

## नोएडा पुलिस ने आप नेता प्रियंका के खिलाफ किया केस दर्ज

**नोएडा, एजेंसी।** टीवी डिबेट शो में नेताओं के बीच तीखी बहस तो आप हर दिन देखते हैं। कई बार बात अपशब्दों और हाथापाई तक भी पहुंच जाती है। टीवी पर आपस में भिड़ने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला और आम आदमी पार्टी (आप) की राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ के बीच कानूनी जंग शुरू हो गई है। शहजाद की शिकायत पर नोएडा पुलिस ने आप नेता के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। भाजपा नेता की शिकायत है कि कक्कड़ ने उन्हें बार-बार मुजाहिद्दीन कहा और मुसलमानों को लेकर आपत्तिजनक बातें कहीं। नोएडा के सेक्टर 20 थाने में पुलिस ने प्रियंका कक्कड़ के खिलाफ आईपीसी की धारा 153-ए, 153-बी, 505 और 295-ए के तहत एफआईआर दर्ज की है। शहजाद पूनावाला ने शिकायत में बताया है कि 25 जुलाई को एक टीवी चैनल पर वह प्रियंका कक्कड़ के साथ डिबेट में शामिल हुए थे। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि प्रियंका ने उन्हें और उनके धर्म को लेकर आपत्तिजनक बातें कहीं। पूनावाला ने कहा, वह सवालों का जवाब नहीं दे सकीं तो मुझे मुजाहिद्दीन (जो आतंकवाद के लिए जाना जाता है) कहा। उन्होंने इस शब्द का इस्तेमाल सिर्फ इसलिए किया क्योंकि मैं मुसलमान हूं। इससे पहले भी वह मुझ पर, इस्लाम पर और आम मुसलमानों के लिए इस तरह की टिप्पणी कर चुकी हैं। ऐसी टिप्पणी दिखाती है कि आम आदमी पार्टी की मानसिकता मुसलमानों के प्रति नफरती है। पूनावाला ने प्रियंका कक्कड़ के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुए आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से भी स्पष्टीकरण मांगे जाने की गुजारिश की है। उन्होंने लिखा, आम आदमी पार्टी और इसकी मुख्य प्रवक्ता की ओर से मुझ पर नफरती और सांप्रदायिक टिप्पणी सिर्फ इसलिए की गई क्योंकि मैं मुसलमान हूं। मैं गुजारिश करता हूं कि आम आदमी पार्टी को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए और राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से भी जवाब मांगा जाए। पूनावाला ने शिकायत के साथ उस डिबेट शो का यूट्यूब लिंक भी भेजा है। बीजेपी नेता ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग को भी शिकायत दी है। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ पर हुई एफआईआर को भाजपा की तानाशाही बताया है। प्रियंका कक्कड़ ने पूनावाला की शिकायत पर ट्वीट किया, क्या शहजाद का मतलब आतंकवादी होता है क्या मुजाहिद्दीन का मतलब आतंकवादी होता है क्या शहजाद मुजाहिद्दीन का मतलब आतंकवादी होता है क्या शिकायतकर्ता को एक मुख्यमंत्री को नेशनल मीडिया में जिहादी कहने की अनुमति है

## हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज का हुड्डा पर तंज, बोले-कांग्रेस का अपना ही गठबंधन नहीं, टुकड़ों-टुकड़ों में बंटी है

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज ने कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर तंज कसते हुए कहा कि 'कांग्रेस का अपना ही गठबंधन नहीं है। वह टुकड़ों-टुकड़ों में बंटी हुई है। पत्रकारों से बातचीत में विज ने कहाकि हुड्डा साहब को हरियाणा की जनता दो बार आईना दिखा चुकी है। इनका अपना गठबंधन हो जाए, वही बहुत है। इनके अपने टुकड़े-टुकड़े हो रखे हैं। सैलजा, सुरजेवाला और किरण चौधरी पूर्व को जा रहे हैं और हुड्डा साहिब दक्षिण में जा रहे हैं। इनका अपना ही गठबंधन नहीं है और यह खुद ही टूटे हुए हैं। हुड्डा ने एक बयान में कहा था कि प्रदेश में कांग्रेस को चुनाव लड़ने के लिए गठबंधन की जरूरत नहीं है। गृहमंत्री विज ने कहा कि सरकार पूरी तरह बाढ़ राहत कार्यों में लगी हुई है। लोगों का जो नुक्सान हुआ है उनको मुआवजा दिया जा रहा है। जिनकी जान गई उनके आश्रितों को 4 लाख रूपए मुआवजा दिया जा रहा है। सरकार जो कह रही है वह कर रही है। बाढ़ से जिनका नुक्सान हुआ है वह क्षतिपूर्ति पोर्टल पर नुक्सान को अपलोड करें और यथासंभव प्रभावित लोगों की मदद की जाएगी। गृहमंत्री विज ने कहाकि बाढ़ से प्रभावित उद्योगपत्तियों द्वारा टैक्स फाइल करने की समय सीमा बढ़ाने की मांग की गई है। उनकी मुख्यमंत्री से बात हुई है और इस विषय के बारे में केंद्र सरकार से भी बात की जाएगी। आज भी उनके पास इंडस्ट्री एरिया से उद्योगपति आए थे और उनकी मांग को मुख्यमंत्री के पास भेजा गया है। उद्योपत्तियों को इनकम टैक्स व अन्य टैक्स समय पर फाइल करने में दिक्कत आ रही है और यह कोशिश की जा रही है कि टैक्स फाइल करने की समय सीमा को बढ़ाया जाए। गृहमंत्री अनिल विज से अंबाला में उनके आवास पर गुरुवार को रेस्लर द ग्रेट खली ने मुलाकात की। विज ने गर्मजोशी से खली का स्वागत किया और उनसे खेलों सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की। गौरतलब है कि द ग्रेट खली विज को अपना बड़ा भाई मानते हैं और वह उनकी कार्यशैली के प्रशंसक भी हैं। नए गठबंधन इंडिया के सांसदों द्वारा संसद में काले कपडे पहनकर पहुंचने के संबंध में पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने तंज कसते हुए कहाकि काले कपडे तो मातम में ही पहने जाते हैं, अब इस नए गठबंधन का कोई न कोई स्वर्ग सिधार गया होगा, इसलिए काले कपडे पहने हैं।

## राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 में बीजेपी को मिल सकता है स्पष्ट बहुमत - सर्वे

**जयपुर, एजेंसी।** इस साल के अंत में राजस्थान में विधानसभा चुनाव 2023 होने है। इस चुनाव में कांग्रेस फिर से वापसी का दावा कर रही है। जबकि दूसरी ओर बीजेपी सत्ता में वापसी की उम्मीद लगाए है। राजस्थान की जनता किसको सरकार बनाने का मौका देगी इसी बीच एबीपी की ओर से गुरुवार को राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 ओपिनियन पोल जारी किया गया है। राजस्थान में कुल 200 विधानसभा सीटें हैं। एबीपी सी वोटर के सर्वे के मुताबिक राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 में बीजेपी को स्पष्ट बहुमत मिलने की बात कही गई है। इस सर्वे के मुताबिक, इस बार के चुनाव में विपक्षी बीजेपी सत्ता में वापसी कर सकती है। सर्वे इमं दावा किया गया है कि इस साल के अंत में होने वाले चुनाव में बीजेपी को 109-119 सीटें मिल सकती हैं जबकि कांग्रेस को 78-88 के बीच सीटें मिलेंगी। इसके अलावा अन्य दलों को 1-5 सीटें मिल सकती हैं। बता दें कि पिछले चुनाव में बीजेपी ने सभी 200 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे लेकिन वह बहुमत का आकड़ा नहीं छू पाई थी जबकि कांग्रेस को 100 से ज्यादा सीटें मिली थीं।

# उडुपी कॉलेज के टॉयलेट में नहीं लगा कोई कैमरा, सब अफवाह है, खुद देखकर आईं भाजपा नेता

**उडुपी, एजेंसी।** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की सदस्य और भाजपा नेता खुशबू सुंदर ने गुरुवार को एक निजी पैरामेडिकल कॉलेज के टॉयलेट में छिपे हुए कैमरे के दावों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि इसमें कोई सच्चाई नहीं है। खुशबू सुंदर ने मामले की जांच के लिए उडुपी में नेत्र ज्योति इंस्टीट्यूट ऑफ अलाइड हेल्थ साइंसेज का दौरा किया और मैनेजमेंट के साथ बातचीत की। कई भाजपा नेताओं के विपरीत, खुशबू सुंदर ने कहा, ऐसी अफवाहें हैं कि शौचालयों में छिपे हुए कैमरे थे। इसमें कोई सच्चाई नहीं है। झूठे वीडियो चल रहे हैं। यह एक इंस्टीट्यूट है इसलिए इसमें कोई छिपा हुआ कैमरा नहीं हो सकता। हम पुलिस से बात कर रहे हैं। पुलिस विभाग की ओर से जांच और हमारी ओर से जांच जारी रहेगी और हम जल्द ही किसी नतीजे पर पहुंचेंगे। घटना के सांप्रदायिक रूप लेने के बाद खुशबू सुंदर का ये बयान आया है। इससे पहले दक्षिणपंथी समूहों ने दावा किया कि निलंबित मुस्लिम छात्राओं ने हिंदू लड़कियों के निजी वीडियो शूट करने के लिए छिपे हुए कैमरों का इस्तेमाल किया, ताकि उन्हें जिहादी साजिश के हिस्से के रूप में मुस्लिम पुरुषों के बीच प्रसारित किया जा सके। इस पूरे मामले पर खुशबू सुंदर ने कहा कि महिला आयोग का ध्यान महिलाओं की सुरक्षा पर है, चाहे वह किसी भी धर्म की हों और लोगों से इस घटना

को सांप्रदायिक रंग देने से बचने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, एनसीडब्ल्यू और पुलिस पूरी लगन से अपना काम कर रहे हैं और जज बने बिना इसकी जांच करेंगे। एनसीडब्ल्यू महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी सांप्रदायिक एंगल को ध्यान में रखकर काम नहीं करता है। उडुपी पुलिस ने भी घटना में किसी भी सांप्रदायिक एंगल से इनकार किया है। उडुपी के पुलिस अधीक्षक अक्षय मच्छिन्द्र ने मंगलवार को स्पष्ट करते हुए कहा, इस घटना के संबंध में सोशल मीडिया पर बहुत सारे लोग गलत सूचना और अफवाहें साझा कर रहे हैं। शायद वे किसी मकसद से ऐसा कर रहे हैं। मैं स्पष्ट करना चाहूंगा कि हालांकि ऐसी खबरें थीं कि वहां छिपे हुए कैमरे थे, लेकिन हमारी जानकारी के अनुसार, इस मामले में ऐसी किसी चीज का इस्तेमाल नहीं किया गया था। मालपे पुलिस ने बुधवार को घटना के बारे में गलत सूचना फैलाने के आरोप में कालू सिंह चौहान नामक व्यक्ति के खिलाफ भी मामला दर्ज किया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, चौहान ने कथित तौर पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के लिए ट्विटर पर एक एडिटेड वीडियो अपलोड किया था। उडुपी पुलिस द्वारा आपत्ति जताए जाने के बाद चौहान ने पोस्ट हटा दी। वीडियो वास्तव में 13/7/23 को चेन्नई स्थित यूट्यूब चैनल तमिल जेलर से है। इस वीडियो को कन्नड़ में बैकग्राउंड आवाज के साथ एडिट किया गया है ताकि यह दर्शाया जा सके कि यह उडुपी की एक घटना से संबंधित है। इस वीडियो का उडुपी की घटना से कोई संबंध नहीं है। इससे पहले कर्नाटक के उडुपी शहर में कॉलेज के शौचालय में कथित तौर पर साथी छात्रा का वीडियो बनाने की घटना के कई दिन बाद तीन छात्राओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## इस साल अमरनाथ यात्रियों की संख्या ने पिछले साल के आंकड़े को किया पार

**श्रीनगर, एजेंसी।** इस साल अब तक 3,69,288 यात्रियों ने अमरनाथ यात्रा की है, यह संख्या पिछले साल के 3,65,751 के आंकड़े को पार कर चुकी है। इस वर्ष यात्रा के लिए अधिकारियों द्वारा की गई सुरक्षा, प्रबंधन और पर्यवेक्षण की त्रुटिहीन व्यवस्था की व्यापक रूप से प्रशंसा की जा रही है। स्थानीय लोग यात्रियों की मदद कर रहे हैं, जबकि सुरक्षा बल यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि बालटाल और पहलगाम के मार्गों पर यात्रियों के काफिले और यातायात के नियमन के कारण स्थानीय लोगों को असुविधा न हो। 2,155 यात्रियों का एक और जत्था शुक्रवार को जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से सुरक्षा काफिले में घाटी के लिए रवाना हुआ। गुरुवार को 27वें दिन 9,000 से अधिक लोगों ने यात्रा की।

# डूब क्षेत्र में अवैध कॉलोनी काटने वालों पर लगेगा गैंगस्टर एक्ट, प्राधिकरण और प्रशासन जल्द शुरू करेगा सर्वे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यमुना और हिंडन में आई बाढ़ ने बड़ी संख्या में लोगों को प्रभावित किया। डूब क्षेत्र में लोगों को बसाने वालों के खिलाफ प्रशासन, प्राधिकरण, पुलिस और सिंचाई विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है। यहां पर अवैध कॉलोनी काटने वालों को चिन्हित कर रहे हैं। इनके खिलाफ भूमाफिया और गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करने की तैयारी है।

नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने कहा कि यमुना और हिंडन के डूब क्षेत्र में बने अवैध फार्म हाउस और अन्य अवैध निर्माणों पर कार्रवाई होगी। इसके लिए अवैध निर्माण को चिन्हित कर भूखंडवार रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए। इसके लिए पूरे डूब क्षेत्र का सर्वे कराया जाएगा। निबंधन विभाग की

भी जिम्मेदारी तय की जाएगी कि उन्होंने डूब क्षेत्र में कैसे रजिस्ट्री होने दी और उन पर अंकुश नहीं लगाया। सभी अवैध फार्म हाउस और अन्य अवैध निर्माण कराने वालों पर भी कार्रवाई होगी। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि आपदा प्रबंधन के तहत फार्म हाउसों और अन्य अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया जाएगा, जिसके लिए पूरे डूब क्षेत्र का हवाई सर्वे भी किया जा चुका। स्थलीय निरीक्षण कर भी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इन सभी को शीघ्र ही नोटिस जारी किए जाएंगे। प्रशासन के अलावा सिंचाई विभाग और प्राधिकरण भी अलग रिपोर्ट तैयार कर रहा है। डूब क्षेत्र में अवैध कॉलोनी बनाने वाले लोगों के खिलाफ भी भूमाफिया के तहत कार्रवाई की जाएगी।

इस इलाके को लेकर प्रशासन, पुलिस, प्राधिकरण और सिंचाई विभाग संयुक्त रूप से कार्रवाई करेगा। इसके लिए पूरी तैयारी चल रही है। डूब क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों और अवैध फार्म हाउस का निर्माण वर्ष 2008-09 से प्रारम्भ हुआ था। यहां पर नोएडा और ग्रेनो की तुलना में काफी कम कीमतों में लोगों को प्लाट दिए गए और दूसरे जिलों से आने वाले लोग इन भूखंडों को खरीदते गए। इसके चलते यहां पर सघन आबादी बस गई। यहां पर वर्तमान में भी 5 लाख से लेकर 10 लाख रुपये तक में भूखंड बेचे जा रहे हैं।

## लव जिहाद से बचना है तो धर्म से बाहर शादी ना करें - हिमंत सरमा

**गुवाहटी, एजेंसी।** असम के गोलाघाट में हुई हिंदू महिला और उसके माता-पिता की हत्या की घटना चर्चा में है। इसी बीच राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने राज्य के युवाओं को धर्म के बाहर शादी नहीं करने की सलाह दे दी। साथ ही उन्होंने लव जिहाद को भी रोकने की अपील की है। इधर, प्रदेश कांग्रेस प्रमुख की तरफ से महाभारत को लेकर की गई विवादित टिप्पणी को लेकर भी बयानबाजी का दौर जारी है।

सीएम सरमा ने गुरुवार को युवाओं को लक्ष्मण रेखा पार नहीं करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि लव और जिहाद एक साथ नहीं चलते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि अलग-अलग धर्मों में हुई शादी में जब एक पार्टनर को धर्म बदलने के लिए मजबूर किया जाता है, तो परेशानियां शुरू हो जाती है और यहीं से लव जिहाद जगह ले लेता है।

भाजपा नेता ने बुधवार को भी गोलाघाट में हुए तिहरे हत्याकांड को लव जिहाद का नतीजा बताया था। उन्होंने कहा था, यह पूरा मामला लव जिहाद का है। मृतक परिवार हिंदू था और आरोपी मुस्लिम समुदाय से आता था। उसने पहले फेसबुक पर खुद का हिंदू नाम से परिचय कराया...। कांग्रेस प्रदेश प्रमुख भूपेन बोरा ने कहा था, जब भगवान कृष्ण रुक्मणी से शादी करना चाहते थे, तब अर्जुन महिला का रूप रखकर आ गए थे। महाराभारत में भी लव जिहाद है। इस पर सीएम सरमा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है और बयान को सनातन और हिंदू धर्म के खिलाफ बताया है। उन्होंने कांग्रेस से साफतौर पर कह दिया है कि भगवान की तुलना आपराधिक गतिविधि से करना स्वीकार नहीं किया जाएगा। सोमवार को 25 साल के नजीबुर रहमान बोरा ने 24 वर्षीय संघमित्रा घोष और उसके माता-पिता की हत्या कर दी थी। इतना ही नहीं वह 9 महीने के बच्चे को गोद में लेकर पुलिस के सामने सरेंडर करने भी पहुंच गया था। पुलिस का कहना है कि नजीबुर मैकेनिकल इंजीनयर था और साल 2020 में उसकी संघमित्रा से दोस्ती फेसबुक पर हुई थी। लॉकडाउन में हुई यह दोस्ती प्यार में बदल गई और दोनों कोलकाता भाग गए। उस दौरान संघमित्रा के माता-पिता बेटी को घर ले आए थे, लेकिन उसने नजीबुर से कोलकाता कोर्ट में पहले ही शादी कर ली थी।

## मेरठ में केरल स्टोरी, छात्रा को फंसाया प्रेमजाल में, धर्मांतरण की कोशिश

**मेरठ, एजेंसी।** मेरठ में फिल्म केरल स्टोरी की तरह की वारदात हुई है। जिस तरह से फिल्म में छात्राओं को उनकी सहपाठी अपने पक्ष के युवकों से मिलाती हैं और उसे प्रेम जाल में फंसाया जाता है, इसी तरह दौराला की छात्रा के साथ घटना की गई। मेरठ की छात्रा को बरगलाकर सहपाठी ने अपने समुदाय के युवक से दोस्ती कराई और छात्रा को प्रेम जाल में फंसाया गया। आरोपी युवक चार दिन पहले छात्रा को लेकर फरार हो गया। भाजपा नेताओं का आरोप है कि छात्रा के धर्मांतरण की साजिश थी और उसे एक मदरसे में रखा गया। पुलिस ने किसी तरह छात्रा को बरामद कर लिया। मामले में उच्च स्तर पर जांच और कार्रवाई की मांग की गई है। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और पूछताछ की जा रही है। मेरठ के दौराला क्षेत्र निवासी युवती खतौली के एक कॉलेज की छात्रा है। छात्रा चार दिन पहले गायब हो गई थी। परिजनों ने मुकदमा दर्ज कराया, जिसके बाद दौराला पुलिस ने छानबीन शुरू की। खुलासा हुआ कि छात्रा को खतौली निवासी आसिफ लेकर फरार हुआ है। दोनों मेरठ से पहले खतौली पहुंचे और यहां से सहारनपुर होते हुए अंबाला और फिर चंडीगढ़ गए। पुलिस ने दोनों को अलीगढ़ से बुधवार देररात करीब दो बजे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद दोनों को मेरठ लाया गया। थाने पर हंगामा, लखनऊ तक शिकायत भाजपा नेता अभिषेक गुर्जर समेत कई हिंदू संगठन के लोग बुधवार रात से गुरुवार दोपहर तक दौराला थाने पर जमे रहे।

## टाइफून डोक्सुरी ने चीन में दी दस्तक, तेज हवाएं व भारी बारिश का कहर

**बीजिंग, एजेंसी।** इस साल का पांचवां तूफान डोकसूरी ने शुक्रवार को पूर्वी चीन के फुजियान प्रांत में दस्तक दी, इसके चलते तेज हवाएं और भारी बारिश हुई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने फुजियान प्रांतीय मौसम विज्ञान ब्यूरो के हवाले से बताया कि तूफान सुबह करीब 9ः55 बजे जिनजियांग शहर के तटीय इलाकों में पहुंचा, इसके केंद्र के पास 50 मीटर प्रति सेकंड की रफ्तार से तूफान आया। डोकसूरी के उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की उम्मीद है, इससे धीरे-धीरे तीव्रता कम हो जाएगी। तूफान के आगमन के मद्देनजर, चीन के राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (एनएमसी) ने शुक्रवार को एक रेड अलर्ट जारी किया, जो उसकी चार स्तरीय चेतावनी प्रणाली में सबसे गंभीर है। केंद्र के अनुसार, बाशी चैनल, दक्षिण चीन सागर, ताइवान जलडमरूमध्य के आसपास के कुछ तटीय क्षेत्रों के साथ-साथ ताइवान, फुजियान, झेजियांग और गुआंगडोंग के तटीय क्षेत्रों में शुक्रवार सुबह से शनिवार सुबह 8 बजे तक तेज आंधी की संभावना है। केंद्र ने कहा कि इस अवधि के दौरान, जियांग्सू, अनहुई, झेजियांग, फुज़ियान, जियांग्शी और ताइवान के प्रांतीय क्षेत्रों के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होगी और झेजियांग और फुजियान के कुछ क्षेत्रों में 250 से 280 मिमी तक भारी बारिश होगी। एनएमसी ने एक एडवाइजरी जारी की है जिसमें इनडोर और आउटडोर समारोहों को निलंबित कर दिया गया है, और कच्चे आवास में रहने वाले लोगों के स्थानांतरण की सिफारिश की गई है। इसने संभावित आपदाओं के खिलाफ आपातकालीन तूफान की तैयारी और सावधानियों का भी आह्वान किया है। इस बीच, परिवहन मंत्रालय ने लेवल-वन टाइफून प्रतिक्रिया सक्रिय कर दी है, जो अपनी तरह का उच्चतम है। मंत्रालय ने कहा कि तूफान के कारण फुजियान प्रांत में जियामेन, झांगझू और क्वानझोउ में सभी एक्सप्रेसवे अस्थायी रूप से बंद कर दिए गए हैं।

## इंडो-कैनेडियन ने प्रतिष्ठित हाउस ऑफ कॉमन्स सीट पर किया कब्जा

**टोरंटो, एजेंसी।** भारतीय-कनाडाई उम्मीदवार शुवालॉय मजूमदार ने अल्बर्टा प्रांत के संघीय चुनावी जिले कैलगरी हेरिटेज में उपचुनाव में जीत के बाद हाउस ऑफ कॉमन्स में सीट हासिल कर ली है। प्रतिष्ठित सीट, जो पूर्व प्रधान मंत्री स्टीफन हार्पर के पास उनकी सेवानिवृत्ति तक थी, पिछले साल सांसद बॉब बेनज़ेन के पद छोड़ने के बाद खाली हो गई थी। ग्लोबल न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, 43 वर्षीय मजूमदार ने 15,803 वोटों के साथ कंजर्वेटिव पार्टी के लिए जीत हासिल की, जबकि लिबरल उम्मीदवार इलियट वीनस्टीन 3,463 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। नतीजों के बाद, वीनस्टीन ने मजूमदार को उनकी जीत पर बधाई देने के लिए ट्विटर का सहारा लिया और कहाः मुझे पता है कि आप सम्मान और आदर के साथ मेरा और कैलगरी हेरिटेज के सभी घटकों का प्रतिनिधित्व करेंगे। मैं आपको शुभकामनाएं देता हूं, और मैं समुदाय की बेहतरी के लिए मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं। इसके जवाब में मजूमदार ने कहा कि वीनस्टीन के साथ मतपत्र साझा करना सम्मान की बात है। मजबूत उम्मीदवारों की भागीदारी से हमारा लोकतंत्र समृद्ध हुआ है। इस उपचुनाव में कैलगरी हेरिटेज के लिए अपना

दृष्टिकोण सामने लाने के लिए धन्यवाद। आपके साथ मतपत्र साझा करना एक सम्मान की बात थी और मैं महान समुदाय का प्रतिनिधित्व करने के लिए उत्सुक हूं।

मजूमदार हार्पर और पूर्व कंजर्वेटिव विदेश मंत्री जॉन बेयर्ड के पूर्व नीति सलाहकार हैं। वह वर्तमान में हार्पर की अंतरराष्ट्रीय परामर्श फर्म के साथ काम करते हैं। कंजर्वेटिव सांसद टिम उप्पल और जसराज सिंह हल्लन के बाद मजूमदार दक्षिण एशियाई मूल के तीसरे कंजर्वेटिव सांसद बन गए हैं। कैलगरी में जन्मे और पले-बढ़े, भारतीय मूल के आप्रवासियों के बेटे मजूमदार ने अफगानिस्तान और इराक में लोकतांत्रिक सुधार को बढ़ावा देने के लिए नेतृत्वकारी भूमिका निभाई है।

2002 में, मानव तस्करी से लड़ने में उनके प्रभाव के लिए उन्हें महारानी एलिजाबेथ द्वितीय स्वर्ण जयंती पदक से सम्मानित किया गया था। इस वर्ष, उन्हें इराक और अफगानिस्तान में उनकी सेवा के लिए और एक अव्यवस्थित दुनिया में विदेशों में कनाडाई हितों को आगे बढ़ाने के लिए महारानी एलिजाबेथ द्वितीय प्लेटिनम जुबली पदक से सम्मानित किया गया।

# सेक्स पार्टी, छात्राओं के हजारों गंदे वीडियो, ड्रग पैडलर बना स्टाफ

### पाकिस्तानी यूनिवर्सिटी की अय्याशी की कहानी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** सेक्स पार्टी, फोन में गंदे वीडियोज, ड्रग्स की बिक्री, ब्लैकमेल कर यौन उत्पीड़न, यह कहानी किसी आपराधिक समूह की नहीं, बल्कि पाकिस्तान की एक यूनिवर्सिटी की है। हाल ही में पुलिस की एक विशेष रिपोर्ट के सामने आने के बाद पाकिस्तान की इस्लामिया यूनिवर्सिटी बहावलपुर जांच के दायरे में आ गई है। यहां छात्रों से लेकर शिक्षकों तक के इस पूरे कांड में शामिल होने की बात सामने आ रही है। हालांकि, विश्वविद्यालय के शीर्ष अधिकारी आरोपों से इनकार कर रहे हैं। अब तक इस मामले में तीन लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस के अनुसार, यूनिवर्सिटी में नशे की सामग्री और यौन शोषण की जांच की जा रही है। जांच के दौरान गिरफ्तार किए गए अधिकारियों के फोन से

कई चौंकाने वाले सुराग हाथ लगे हैं, जिनमें व्हाट्सऐप चैट्स और कई अश्लील वीडियोज शामिल हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यूनिवर्सिटी के दो अधिकारियों को ड्रग्स के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। साथ ही ये छात्रों और कर्मचारियों को ब्लैकमेल करने और उनका यौन उत्पीड़न करने में भी शामिल थे। एक रिपोर्ट में दावा भी किा जा रहा है कि कोषाध्यक्ष की तरफ से कबूला गया है कि वह कुछ अन्य शिक्षकों के समूह के साथ छात्रों के जरिए ड्रग्स खरीदते और बेचते थे।

# पाकिस्तान के रक्षा मंत्री आसिफ ने देश की महिला नेताओं पर की आपत्तिजनक टिप्पणी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री आसिफ की देश की महिलाओं पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी से बवाल मच गया है। महिलाओं ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की महिला नेताओं के खिलाफ लैंगिक और अपमानजनक टिप्पणियों का इस्तेमाल करने के लिए रक्षा मंत्री आसिफ की आलोचना की और संसद के संयुक्त सत्र में विरोध प्रदर्शन किया। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार रक्षा मंत्री आसिफ द्वारा सांसदों की आलोचना के जवाब के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का जिक्र करते हुए पीटीआई की महिला नेताओं पर अपमानजनक टिप्पणी करने के बाद मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया गया। संबोधन में कहा, अपवित्र महिलाओं को शुद्धता पर व्याख्यान नहीं देना चाहिए, जिसके बाद सत्र के लाइव प्रसारण में एक महिला को उन्हें जवाब देते हुए सुना गया। पाकिस्तान दैनिक की रिपोर्ट के अनुसार, आसिफ ने उन बेंचों की ओर इशारा करते हुए जहां पीटीआई सदस्य बैठे थे, महिला सांसदों को इमरान खान के अवशेष और खंडहर कहा।

उन्होंने कहा कि यह पीटीआई प्रमुख द्वारा छोड़ा गया कचरा है, जिसे साफ करना होगा। इस पर पीटीआई की महिला सांसद अपनी सीटों से खड़ी हो गईं और आसिफ से अपने शब्द वापस लेने को कहा। हालाँकि, रक्षा मंत्री ने अपना संबोधन जारी रखा और आगे कहा, इमरान में आज अदालतों में पेश होने की हिम्मत नहीं है और वे उनका बचाव करते हैं। जिस व्यक्ति का बचाव महिलाएं करती हैं वह कितना बहादुर और साहसी होगा! पीटीआई सदस्य जरका सुहरवर्दी तैमूर ने आसिफ की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा, मैं ऐसे वरिष्ठ राजनीतिक हस्तियों द्वारा इस्तेमाल की जा रही भाषा से चिंतित हूं, मैंने अपने घर में ऐसे शब्द कभी नहीं सुने। उन्होंने कहा कि यह दुखद है कि नेशनल असेंबली के साथी सदस्यों ने कचरा और भौंकना जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया है। तैमूर ने कहा, जब हम खुद को सम्मानजनक नहीं मानते तो हम किसी और का सम्मान नहीं करते हैं।डॉन के अनुसार, नेशनल असेंबली स्पीकर ने सदन में आदेश देने का आह्वान किया और आसिफ के भाषण से कचरा शब्द हटा दिया गया। डॉन के मुताबिक, पीटीआई ने इस टिप्पणी को शर्मनाक बताया। इसके अलावा, पार्टी ने एक बयान में कहा कि रक्षा मंत्री की टिप्पणी महिलाओं का अराजनीतिकरण करने का एक प्रयास था। डॉन के मुताबिक, आसिफ पहले भी कई बार महिलाओं का अपमान कर चुके हैं और यह पहली बार नहीं है कि उन्होंने महिलाओ पर यह टिप्पणी की है।2016 में, नेशनल असेंबली सत्र के दौरान तत्कालीन पीटीआई एमएनए शिरीन मजारी के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देने के लिए उनकी आलोचना की गई थी।इसके अलावा, बाद में 2017 में, उन्होंने पाकिस्तान की पूर्व संघीय जनसंख्या कल्याण मंत्री फिरदौस आशिक अवान को पीटीआई का नव अधिग्रहीत डंपर कहकर भी हंगामा खड़ा कर दिया।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129